अधिकतम :39°C
न्यूनतम: 25°C
तापमान

सेंसेक्स 78,553.20
निफ्टी 23,851.65

सोना 97,746
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 16 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 19 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## पाकिस्तान को पीओके खाली करना पड़ेगा: भारत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## सौरव कोठारी ने आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीता

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# राष्ट्रपति को कोई निर्देश नहीं दे सकता

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने न्यायपालिका की असीमित स्वतंत्रता पर किया सवाल



**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका की असीमित स्वतंत्रता पर सवाल करते हुए गुरुवार को कहा कि कोई शक्ति किसी भी आधार पर राज्यसभा के छठे बैच के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ऐसी स्थिति नहीं बनाई जा सकती कि कोई राष्ट्रपति को निर्देश दे सके। न्यायपालिका की भूमिका परामर्श की है। परामर्श सहमति नहीं है, परामर्श केवल परामर्श है। उप राष्ट्रपति का यह वक्तव्य उच्चतम न्यायालय के हाल के उस निर्णय के संदर्भ में महत्वपूर्ण है, जिसमें उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि राष्ट्रपति को विचार के लिए भेजे विधेयकों पर अधिकतम तीन महीने के भीतर फैसला करना होगा। श्री धनखड़ ने कहा कि भारत के राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च है।

**न्यायपालिका की भूमिका परामर्श की है, परामर्श सहमति नहीं है केवल परामर्श है**

राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण और बचाव की शपथ लेते हैं। यह शपथ केवल राष्ट्रपति और उनके द्वारा नियुक्त राज्यपाल लेते हैं। हर कोई, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति, मंत्री, सांसद, न्यायाधीश, ये सभी संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा करने के लिए और संविधान का संरक्षण करने के लिए, वह भारत के राष्ट्रपति, सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर की शपथ है। उन्होंने कहा कि हाल के न्यायालय के एक निर्णय द्वारा राष्ट्रपति को एक निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश एक संकट की ओर बढ़ रहा है। इसके लिए सभी को अत्यंत संवेदनशील होना होगा। यह किसी के समीक्षा दायर करने या न करने का सवाल नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने इस दिन के लिए शपथ नहीं ली। राष्ट्रपति को एक समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने के लिए कहा जा रहा है।

## महाराष्ट्र थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू करने वाला पहला राज्य बना

**मुंबई।** महाराष्ट्र थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। अब यहां एक से 5वीं क्लास तक के बच्चों के लिए हिंदी पढ़ना जरूरी कर दिया गया है। ये फैसला राज्य के सभी मराठी और अंग्रेजी मीडियम स्कूलों पर लागू होगा। एनईपी 2020 के नए करिकुलम को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र में इन क्लासेज के लिए तीन भाषा की पॉलिसी लागू की गई है। राज्य के स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने ये घोषणा की। एजुकेशन डिपार्टमेंट ने कहा कि स्कूल एजुकेशन को लेकर एनईपी 2020 के सुझावों को कई चरणों में लागू करने की योजना है। इसी के साथ जो स्कूल मराठी और अंग्रेजी से अलग कोई मीडियम फालो कर रहे हैं वो पहले से ही थ्री लैंग्वेज पॉलिसी फॉलो कर रहे हैं।

# रॉबर्ट वाड्रा से ईडी की लगातार तीसरे दिन तीन घंटे पूछताछ

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा धन शोधन निवारक अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ का सामना करने के लिए गुरुवार को यहां लगातार तीसरे दिन ईडी के अधिकारियों के समक्ष हाजिर हुए।

उन्होंने तीन घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद ईडी के कार्यालय से निकलने पर मीडिया से बातचीत में कहा कि ईडी उनसे पुराने सवाल ही पूछे जा रही है और उन्हें बार-बार वही जवाब देना पड़ रहा है। श्री वाड्रा के विरुद्ध यह मामला 2008 में हरियाणा में एक भूमि सौदे से जुड़े कथित घोटाले से जुड़ा है। ईडी इस मामले में कथित तौर पर अपराध की काली कमाई को वैध करने के पहलू की जांच कर रही है। ईडी के अधिकारियों ने पिछले दो दिनों में वाड्रा से कुल मिला कर 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। ईडी के सूत्रों ने बताया कि वाड्रा से उपरोक्त मामलों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनके बयान लिए जा रहे हैं।

## अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे और इस दौरान वह ब्राउन यूनिवर्सिटी में शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करेंगे। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि श्री गांधी 21 और 22 अप्रैल को रोड आइलैंड के ब्राउन यूनिवर्सिटी जाएंगे, जहां वह शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करेंगे। रोड आइलैंड का दौरा करने से पहले वह एनआरआई समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के पदाधिकारियों और सदस्यों से भी मिलेंगे।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा जल्द होगी शुरू

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने को लेकर जारी तकनीकी बातचीत पूरी हो गई है और जल्द ही सरकार यात्रा की शर्तों और अन्य विवरण सार्वजनिक करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत सरकार कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर जल्दी ही एक नोटिस जारी करेगी। दोनों देशों के बीच यात्रा के तौर तरीकों और शर्तों आदि को लेकर जारी तकनीकी बातचीत में सहमति बन गई है। यह पूछे जाने पर कि लद्दाख में डेमचोक के रास्ते से कैलाश मानसरोवर यात्रा संचालित करने पर बातचीत हो रही है, प्रवक्ता ने इससे इन्कार किया और कहा कि जल्दी ही नोटिस आने वाला है और मार्ग के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## नक्सलियों के उन्मूलन में CISF की बड़ी भूमिका रहेगी: शाह

**नीमच।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि देश में 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों के पूरी तरह खात्मे का संकल्प केंद्र सरकार ने लिया है और इसमें सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। श्री शाह ने मध्य प्रदेश के नीमच जिला मुख्यालय पर 86वें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल दिवस परेड 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। श्री शाह ने अपने संबोधन में सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों की गौरव गाथा के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि इस बल की कोबरा बटालियन के जवानों की बदौलत देश में नक्सली सिमटकर अब सिर्फ चार जिलों में रह गए हैं। उन्होंने कहा कि ये नक्सली कभी पशुपति से तिरुपति तक का हौंसला रखते थे, जो चार जिलों में सिमटकर रह गए हैं।

# वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, स्थिति यथावत रहेगी

## कहा: मौजूदा कानून में पांच मई तक कोई बदलाव नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए कहा कि मौजूदा वक्फ में अगली सुनवाई तक कोई बदलाव नहीं होने चाहिए। न्यायालय मामले की अगली सुनवाई पांच मई को करेगा।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम नहीं चाहते कि स्थिति बदले। पांच साल (इस्लाम का अभ्यास) जैसे प्रावधान हैं, जिन पर हम रोक नहीं लगा रहे हैं। पीठ के समक्ष श्री मेहता ने निवेदन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सात दिन के भीतर जवाब दाखिल करेगी और अगली तारीख तक परिषद या बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगली तारीख तक उपयोगकर्ताओं द्वारा वक्फ का स्वरूप नहीं बदलेगा, हालांकि उन्होंने तर्क दिया कि अदालत को वक्फ संशोधन अधिनियम, 1995 पर अप्रत्यक्ष रूप से रोक लगाकर कठोर रुख नहीं अपनाना चाहिए। अदालत ने श्री मेहता का बयान दर्ज किया और जवाब दाखिल करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ताओं को पांच दिन के भीतर जवाब दाखिल करने की अनुमति दी। पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए पांच मई, 2025 की तारीख मुकर्रर की। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा कि केवल पांच रिट याचिकाओं पर विचार किया जाएगा और शेष को निपटाया हुआ माना जाएगा, क्योंकि 100 या 120 याचिकाओं पर विचार करना असंभव है। अदालत ने आदेश दिया कि 1995 के वक्फ अधिनियम और 2013 में किए गए संशोधनों को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं को सूची में अलग से दिखाया जाएगा। अदालत ने केंद्र के लिए कनु अग्रवाल को नोडल वकील नियुक्त किया। शुरुआत में श्री मेहता ने कहा कि वह बुधवार को अदालत द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अदालत को केवल कुछ धाराएं पढ़कर कानून पर रोक नहीं लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई संशोधन हुए, समितियां बनीं और लाखों लोगों ने प्रतिनिधित्व किया। गांव छीने जा रहे हैं और निजी संपत्तियां वक्फ के तौर पर छीनी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर अदालत पक्षों की बात सुन ले, तो कुछ नहीं बदलेगा। याचिका दाखिल करने वालों में ऑल इंडिया मजलिस- ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, आम आदमी पार्टी के दिल्ली के विधायक अमानतुल्लाह खान और समाजवादी पार्टी सांसद ज़िया उर रहमान शामिल हैं। इनके अलावा ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, वाईएसआरसी पार्टी, समस्त केरल जमीयत उलेमा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और एसोसिएशन फ़ॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ सिविल राइट्स समेत कई संगठनों और लोगों की ओर से भी याचिकाएं दायर की गई हैं।



**केवल पांच रिट याचिकाओं पर विचार होगा**

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक तरह का स्टे



**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत है, हमें उम्मीद है की अदालत के फैसले का रुख सही होगा। श्री मदनी ने कहा कि आज नहीं तो एक हफ्ते बाद ही सही। सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक तरह का स्टे है और आगे की सुनवाई में भी यही रुख बने रहने की उम्मीद है।

### सुप्रीम कोर्ट का शुक्रगुजार हूं: इमरान

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि अंतरिम राहत के लिए मैं सुप्रीम कोर्ट का शुक्रगुजार हूं। कोर्ट ने लगभग वे सभी मुद्दे उठाए, जो हमने संसद में उठाए थे। आज के फैसले से पता चलता है कि यह कानून संविधान के खिलाफ बनाया गया है। यह संविधान की जीत है, किसी पक्ष की नहीं। आने वाले दिनों में कोर्ट और राहत देगा।



### वक्फ बोर्ड वैसे ही बना रहेगा: खान

**नई दिल्ली।** 'आप' नेता अमानतुल्लाह खान ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट, जजों और अधिवक्ताओं का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने धर्म से ऊपर उठकर देश की रक्षा करने में हमारी मदद की। हम फैसले से संतुष्ट हैं, क्योंकि केंद्र सरकार ने कोर्ट में कहा कि वक्फ-बाय-यूजर के तहत संपत्तियां वक्फ के पास ही रहेंगी और वक्फ बोर्ड के सदस्यों से भी हस्तक्षेप नहीं होगा। केंद्र सरकार सात दिन में जवाब देगी, डीएम कोर्ट से ऊपर कैसे हो सकता है।



# प. बंगाल के शिक्षकों को सुप्रीम राहत

**बेदाग शिक्षक ही नई भर्ती तक पढ़ा सकेंगे**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के उन शिक्षकों को गुरुवार को सशर्त एक बड़ी राहत दी, जिनकी नियुक्ति वर्ष 2016 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के आधार पर रद्द कर दी गई थी।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह राहत दी। पीठ ने यह राहत राज्य सरकार और पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग को कक्षा नौ से 12 तक के लिए सहायक शिक्षक के पदों की नई भर्ती के लिए 31 मई, 2025 तक नए विज्ञापन प्रकाशित करने और 31 दिसम्बर, 2025 तक भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की शर्त पर दी है। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि कक्षा नौ से 12 तक के सहायक शिक्षक राज्य में संबंधित पदों पर नई भर्ती पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं। अदालत ने हालांकि, यह भी स्पष्ट किया कि यह राहत सिर्फ उन्हीं शिक्षकों को मिलेगी, जिनकी नियुक्ति में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई थी। शीर्ष अदालत ने गत तीन अप्रैल को पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के उन पदों पर भर्ती की पूरी प्रक्रिया को 'दूषित' और 'सुधार से परे दागदार' घोषित करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय की ओर से भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के फैसले पर मुहर लगाई थी। अदालत ने सात मई, 2024 को 22 अप्रैल, 2024 के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें पश्चिम बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,000 से अधिक शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को रद्द कर दिया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश का ममता बनर्जी ने किया स्वागत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय के स्कूली छात्रों के हितों के मद्देनजर उस फैसले पर राहत जताई, जिसमें कहा गया है कि जो सहायक शिक्षक 'दागी' नहीं हैं, लेकिन न्यायालय के पिछले आदेश के बाद अपनी नौकरी गंवा बैठे हैं, वे पढ़ाना जारी रख सकते हैं। सुश्री बनर्जी ने गुरुवार को यहां राज्य सचिवालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमें राहत मिली है कि शीर्ष न्यायालय ने हमें 31 दिसम्बर तक का समय दिया है। हम शिक्षकों के वेतन को लेकर बहुत चिंतित थे, लेकिन इस मौजूदा स्थिति में उन्हें वेतन मिलता रहेगा। हमने वैकल्पिक तरीके के बारे में भी बात की थी। उन्होंने कहा कि मैंने कहा था कि हम सुनिश्चित करेंगे कि जिन लोगों की नौकरी चली गई है, उन्हें कोई परेशानी न हो। हमें कुछ समय मिल गया है। यह मामला 2026 तक नहीं खिंचेगा। मुझे उम्मीद है कि इस साल के भीतर इसका समाधान हो जाएगा।

## तमिलनाडु के मंत्री का महिलाओं व हिंदू तिलक पर अश्लील कमेंट

**नई दिल्ली।** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के वन मंत्री के पोनमुडी से शैव, वैष्णव और सामान्य रूप से महिलाओं के खिलाफ सार्वजनिक रूप से अश्लील कमेंट करने पर सवाल किया। कोर्ट ने यह जानना चाहा कि तमिलनाडु पुलिस ने उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की है। हाईकोर्ट पोनमुडी को आय से अधिक संपत्ति के मामले में बरी किए जाने के खिलाफ 2023 में ली गई रिव्यू पिटीशन की सुनवाई कर रहा था। इसी दौरान जज ने महाधिवक्ता पीएस रमन को बुलाया और पोनमुडी की अश्लील और निंदनीय टिप्पणी पर नाराजगी जताई।

# तेलंगाना सरकार ने हीटवेव को आपदा घोषित किया

**नई दिल्ली।** राजस्थान में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। मौसम विभाग ने गुरुवार को जयपुर, जोधपुर सहित 17 जिलों में हीटवेव की चेतावनी दी है। इनमें से 4 जिलों के लिए रेड अलर्ट है। इससे पहले बुधवार को जैसलमेर में दिन का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था, जो 6 साल में अप्रैल का सर्वाधिक तापमान रहा।

मध्य प्रदेश में भी बारिश के बाद गर्मी का असर बढ़ गया है। बुधवार को प्रदेश के 9 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया था। सबसे गर्म रतलाम रहा। जहां तापमान 42.6 डिग्री दर्ज किया गया। तेलंगाना के 28 जिलों में कम से कम 15 दिनों तक लू की आशंका है। इसे देखते हुए सरकार ने लू को आपदा घोषित कर दिया है। सरकार ने लू लगने से मरने वालों के परिजन को 4 लाख रुपये की सहायता का भी ऐलान किया है। तेलंगाना ऐसा करने वाला संभवत: देश का पहला राज्य है। गर्मी के बीच, मौसम विभाग ने यूपी, बिहार समेत देश के 24 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अनुमान जताया है। झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और बिहार में भारी बारिश की आशंका है। वहीं, छत्तीसगढ़ में ओले और बिहार, पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। जम्मू में बुधवार शाम मौसम अचानक बिगड़ गया।

**मृतकों के परिवार को चार लाख मिलेंगे, जैसलमेर में पारा 46 डिग्री, राजस्थान के 17 जिलों में हीटवेव**

# मुर्शिदाबाद व बांग्लादेश पर चुप्पी साधकर विपक्ष हुआ बेनकाब: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि बंगाल के मुर्शिदाबाद और बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हुई बर्बरता पर विपक्ष ने मौन साध कर खुद को बेनकाब कर दिया है। योगी ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि मुर्शिदाबाद और बांग्लादेश की घटनाओं पर विपक्ष की चुप्पी ने इन्हें चौराहे पर नंगा खड़ा कर दिया है।

पिछली सरकारों पर प्रदेश में भ्रष्टाचार, जातिवाद और माफियावाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने योजनाओं में घोटाले कर लंदन में होटल बनाए, वही लोग प्रदेश को लूटने और जातियों में बांटने के लिए जिम्मेदार हैं। जिन्होंने भ्रष्टाचार, जातिवाद, माफियावाद और परिवारवाद से अपना साम्राज्य खड़ा किया, वहीं लोग अब मुर्शिदाबाद जैसे मामलों पर मौन हैं। बांग्लादेश की घटनाओं पर इनकी चुप्पी ने इन्हें चौराहे पर नंगा खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने यूपी को दंगा और माफिया मुक्त बनाया है। पहले हर जिले में माफिया पूरी व्यवस्था को नियंत्रित करते थे, ठेके लेते थे, दंगे करवाते थे और महिलाओं व व्यापारियों को परेशान करते थे। लोग त्योहारों पर सशंकित रहते थे। अब यूपी में त्योहार शांतिपूर्ण और भव्यता के साथ मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो हाल आज मुर्शिदाबाद का है वही कभी यूपी में मुजफ्फरनगर, बरेली, अलीगढ़ और लखनऊ जैसे शहरों का हुआ करता था।

# 100 प्रभावशाली लोगों में मोहम्मद यूनुस

## टाइम मैगजीन में किसी भारतीय को नहीं मिली जगह

वाशिंगटन, वार्ता

**टाइम मैगजीन** ने 2025 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस को जगह मिली है। हालांकि इस बार लिस्ट में किसी भी भारतीय को शामिल नहीं किया गया है। प्रभावशाली लीडर्स में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कारोबारी एलन मस्क को भी जगह मिली है।

इस बार ट्रम्प प्रशासन के छह सदस्य लिस्ट में शामिल हैं। ट्रम्प को इससे पहले टाइम मैगजीन ने 2016 और 2024 के लिए पर्सन ऑफ द ईयर चुना था। 2025 की लिस्ट में मशहूर सिंगर ईडी शिरीन, अमेरिकी एक्टर और सिंगर स्कारलेट जोहानसन, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को भी शामिल किया गया है। मैगजीन ने इस तस्वीर को लिस्ट का कवर बनाया है। इस साल मैगजीन ने कुल 6 कैटेगरी में 32 देशों के लोगों को शामिल किया गया है। लिस्ट में शामिल 22 साल के फ्रांसीसी तैराक लियोन मर्चेंड सबसे युवा है, जबकि 84 साल के मोहम्मद यूनुस सबसे बुजुर्ग शख्स हैं। टाइम 100 लिस्ट 2004 से नियमित रूप से प्रकाशित हो रही है। इस लिस्ट को कई कैटेगरी में बांटा जाता है। जैसे लीडर्स, आइकन्स, टाइटन्स, इनोवेटर्स, और आर्टिस्ट्स। हर साल टाइम के एडिटर और एक्सपर्ट्स नामों का चयन करते हैं। इससे पहले 2024 में टाइम की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में 8 भारतीय मूल के लोग शामिल थे, जिनमें आलिया भट्ट, साक्षी मलिक, सत्या नडेला, अजय बंगा, देव पटेल, जिगर शाह, अस्मा खान, और प्रियंवदा नटराजन का नाम था। मोदी इस सूची में सबसे अधिक बार शामिल होने वाले भारतीय हैं। पीएम मोदी टाइम 100 लिस्ट में 5 बार (2014, 2015, 2017, 2020 और 2021) शामिल हो चुके हैं। सबसे ज्यादा बार टाइम की टाइम 100 सूची में शामिल होने वाले शख्स शी जिनपिंग हैं। चीन के राष्ट्रपति को अब तक 13 बार इस लिस्ट में शामिल किया जा चुका है। बराक ओबामा और ओफ्रा विन्फ्रे इस लिस्ट में 11-11 बार शामिल हो चुकी हैं।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कारोबारी मस्क को भी जगह मिली**



S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application for
APPOINTMENT OF FACULTY
M.Com. B.Com.
M.Sc.(Home Sc.) Food & Nutrition | B.Sc. Home Science | B.Sc. Micro Biology
B.A. (Economics, Geography, Sociology, Hindi, History, English, Political Science)
B.Sc. (Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany)
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

# वक्फ मुस्लिम समाज के लिए बेहतर: मंत्री दानिश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी सरकार में मंत्री दानिश आजाद ने कहा कि वक्फ बिल का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसमें न्यायालय के मसले पर बोलना फिलहाल ठीक नहीं है। अंसारी ने कहा कि हमारी सरकार वह वक्फ संशोधन अधिनियम मुस्लिम समाज के बेहतरी के लिए लेकर आई है, क्योंकि वक्फ क्या है यह समझने की जरूरत है। क्या ऐसा संशोधन इस अधिनियम में पहली बार हो रहा है, तो यह गलत है। इसके पहले 1954 में 1995 में 2013 में ऐसे संशोधन हुए हैं।

उन्होंने कहा कि यह संशोधन मुस्लिम महिलाओं संबंध या जो पासमांदा मुस्लिम हैं, उनकी बेहतरी होगीं अंसारी ने कहा कि इसके आने से हमें पूरा विश्वास है कि मुस्लिम समाज की जो मूलभूत आधार संरचना है, उसे और अधिक मजबूती मिलेगी, जिससे वक्फ की संपत्तियों का मिसयूज नहीं होगा। यह बहुत ही सकारात्मक है और हमें विश्वास है कि भारत के जो नवनिर्माण कि हमने परिकल्पना की है वह बहुत ही सार्थक सिद्ध होगा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानून को एक हफ्ते तक डीनोटिफाई करने की रोक पर उन्होंने कहा कि मामला विचाराधीन है , हम उस पर कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन केंद्र सरकार ने 6 महीने का विंडो पीरियड दिया है, जिसमें एक वेबसाइट जारी होगी, जिसमें वक्फ की संपत्तियां लिस्ट करना है। अभी इसकी लंबी प्रक्रिया है। मंत्री ने कहा कि न्यायालय सभी बिंदुओं को गंभीरता से ले रहा है और हमारी मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान को मानने वाली सरकार है। संविधान का सम्मान करने वाली सरकार है और निश्चित तौर पर लो. कतंत्र की रोशनी में हम जो भी मुस्लिम समाज की बेहतरी के लिए होगा, वह करेंगे। वक्फ की संपत्ति से आम मुसलमान का भला होना चाहिए और इसी भावना के साथ हम पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रहे है।

## वक्फ बिल पर हमारी कानूनी लड़ाई जारी रहेगी: ओवैसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन अधिनियम की सुनवाई पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि हम इस एक्ट को असंवैधानिक मानते हैं। हमारी कानूनी लड़ाई जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सेंट्रल वक्फ काउंसिल और स्टेट वक्फ काउंसिल का गठन नहीं किया जाएगा और 'वक्फ बाय यूजर' को हटाया नहीं जा सकता। ओवैसी की ओर से भी कोर्ट में याचिका दायर कर एक्ट की वैधता को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट में वक्फ एक्ट की सुनवाई पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जेपीसी की चर्चा के दौरान मैंने सरकार की ओर से प्रस्तावित सभी संशोधनों का विरोध करते हुए एक रिपोर्ट दी थी। संसद में बिल पर बहस के दौरान मैंने बिल को असंवैधानिक बताया था। यह आर्टिकल 14, 15, 25 और 26 का उल्लंघन है।

# यूपी के 20 जिलों में तीन दिन बारिश की चेतावनी

**आंधी चलने की भी आशंका, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट**

**लखनऊ।** यूपी के 20 जिलों में अगले तीन दिन बारिश और आंधी को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर , संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर में आंधी बारिश की संभावना है। महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा में बारिश की संभावना है। दिन और रात के तापमान में भी बदलाव होगा। हालांकि अभी तक रात के तापमान में कुछ खास बदलाव नहीं देखा गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के करीब 20 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी हुआ है। जिनमें से कई जिलों में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है, तो कई जिलों में तेज आंधी चलने की बात कही गई है। इस दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भी गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग की माने को इन जिलों के लोगों को बारिश और आंधी चलने की वजह से गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के मुता. बिक, अभी तक राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान रात्रि के तापमान में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला है। वहीं 16 अप्रैल तक राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। कानपुर, मुरादाबाद, गोरखपुर, बरेली, आगरा और मेरठ मंडलों में सामान्य से एक से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान दर्ज किया गया है।

# सपा के बहकावे में नहीं आएं दलित: मायावती

लखनऊ, वार्ता



**राणा** सांगा के खिलाफ समाजवादी पार्टी नेता रामजीलाल सुमन के विवादित बयान को लेकर गरमाई सियासत के बीच बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने दलितों को आगाह किया है कि वह सपा के बहकावे में न आएं और दूसरों के इतिहास पर टीका-टिप्पणी करने की बजाय अपने समाज के संतो महापुरुषों के संघर्ष के बारे में बात करें।

मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स के जरिए कहा कि अन्य पार्टियों की तरह आएदिन सपा द्वारा भी पार्टी के खासकर दलित लोगों को आगे करके तनाव व हिंसा का माहौल पैदा करने वाले आ रहे इनके अति विवादित बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप व कार्यक्रम आदि का जो दौर चल रहा है, यह इनकी घोर संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति ही प्रतीत होती है, क्योंकि सपा भी दलितों के वोटों के स्वार्थ की खातिर यहां किसी भी हद तक जा सकती है। अत: दलितों के साथ-साथ अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि को भी इनके किसी भी उग्र बहकावे में नहीं आकर इन्हें इस पार्टी के भी राजनीतिक हथकण्डों का शिकार होने से ज़रूर बचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऐसी पार्टियों से जुड़े अवसरवादी दलितों को दूसरों के इतिहास पर टीका-टिप्पणी करने की बजाय यदि वे अपने समाज के सन्तों, गुरुओं व महापुरुषों की अच्छाईयों एवं उनके संघर्ष के बारे में बताएं, तो यह उचित होगा, जिनके कारण ये लोग किसी लायक बने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी फायर सर्विस से जुड़ेंगें दो लाख युवा

**लखनऊ।** यूपी सरकार अब अग्निशमन विभाग के माध्यम से प्रदेश के दो लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण देकर फायर सेफ्टी ऑफिसर और अग्नि सुरक्षा कर्मी के रूप में निजी भवनों में नियुक्ति का अवसर देगी। फायर सेफ्टी के क्षेत्र में यह योजना उत्तर प्रदेश को देश में पहला राज्य बना देगी, जहां युवाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर दिया जाएगा। फायर विभाग की एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर कार्ययोजना तैयार की गई है। इसमें तय किया गया है कि सिक्योरिटी गार्ड की तरह अब मॉल, हॉस्पिटल, मल्टीप्लेक्स, ऊंची इमारतें और बड़े औद्योगिक भवनों में फायर सेफ्टी ऑफिसर और अग्नि सुरक्षा कर्मियों की तैनाती अनिवार्य होगी। इसके लिए इच्छुक युवाओं को 1 से 4 हफ्ते तक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले युवाओं को विभाग द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जिससे उन्हें निजी संस्थानों में नौकरी मिल सकेगी। फायर सेफ्टी ऑफिसर बनने के लिए कम से कम 18 वर्ष आयु और निर्धारित योग्यता होनी चाहिए।

### फारूक पर दुलत के खुलासे से हैरान नहीं हूं: महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को कहा कि वह रॉ के पूर्व प्रमुख एएस दुलत के इस खुलासे से हैरान नहीं हैं नेकां के संरक्षक फारूक अब्दुल्ला ने निजी तौर पर अनुच्छेद 370 को हटाने का समर्थन किया था और यहां तक कि अगर उन्हें विश्वास में लिया जाए, तो इस प्रक्रिया में मदद करने की इच्छा भी जताई थी। मुफ्ती ने श्रीनगर में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि दुलत साहब लंबे समय से नेशनल कॉन्फ्रेंस के एक परिवार के सदस्य की तरह करीब रहे हैं। आज वह लिखते हैं कि फारूक साहब अनुच्छेद 370 को हटाने पर चर्चा चाहते थे और विधानसभा के माध्यम से इसे हटाने के लिए भी तैयार थे। यह पहली बार नहीं है। दावा किया कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत वरिष्ठ नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओं ने 2014 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कथित तौर पर देर रात की बैठकों के दौरान मुलाकात की थी, ताकि बीज. पी से पीडीपी की बजाय बल्कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ सरकार बनाने का आग्रह किया जा सके।

# मनरेगा मजदूरी नहीं बढ़ाना अधिकार पर आघात

नई दिल्ली, वार्ता



**श्रमिकों के अधिकारों पर कुल्हाड़ी चला रही सरकार: खड़गे**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी नहीं बढ़ाना कामगारों के साथ अन्याय है और ऐसा नहीं करके मोदी सरकार अपनी श्रमिक विरोधी नीति के कारण मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। खड़गे ने कहा कि ऐसा लगता है कि जनविरोधी मोदी सरकार ने मनरेगा की मजदूरी बढ़ाने से इनकार कर दिया है। ये मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर कुल्हाड़ी चलाना है।

हाल ही में संयुक्त संसदीय समिति ने मनरेगा श्रमिकों की रोज़ाना मजदूरी को 400 रुपए करने की सिफारिश की थी। वर्ष 2023 में बनी अमरजीत सिन्हा की उच्च स्तरीय समिति ने भी मजदूरी बढ़ाने और मनरेगा का बजट बढ़ाने का सुझाव दिया था। पर गरीब विरोधी मोदी सरकार, एक के बाद एक मनरेगा मज़दूरों पर जुल्म ढ़ाने पर उतारू है। करीब सात करोड़ पंजीकृत वर्करों को मनरेगा से आधार आधारित भुगतान की शर्त लगा बाहर करना हो या फिर 10 सालों में मनरेगा बजट का पूरे बजट के हिस्से में सब से कम आवंटन करना हो, मोदी सरकार ने मनरेगा पर लगातार चोट मारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा-हमारे देश के सबसे गरीब परिवारों के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा लाया रोजगार की गारंटी का अधिकार है। हम अपनी दो मांगों पर अडिग हैं।

### खड़गे ने कर्नाटक जाति सर्वेक्षण से खुद को अलग किया

**कलबुर्गी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कर्नाटक में जाति सर्वेक्षण को लेकर चल रहे विवाद से खुद को अलग करते हुए कहा कि यह मामला राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। कर्नाटक में जाति सर्वेक्षण को लेकर चल रहे विवाद के बारे में पूछे जाने पर खड़गे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह राज्य सरकार पर छोड़ दिया गया है। हर राज्य में, वे अपने हिसाब से फैसला करेंगे। मैंने रिपोर्ट नहीं देखी है या यह भी नहीं देखा है कि कैबिनेट में इस पर क्या चर्चा हुई।

## हर पीड़ित के चेहरे पर मुस्कान लाना सरकार का ध्येय: योगी

# सुबह दस बजे से जनसमस्या सुनें अफसर

लखनऊ, वार्ता



**जिला स्तर पर समस्या का समाधान किया जाए जो समस्या जिला स्तर की नहीं उसे ही प्रदेश स्तर पर भेजा जाए: मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि हर पीड़ित को न्याय दिला कर उसके चेहरे पर मुस्कान लाना ही उनकी सरकार का मुख्य उद्देश्य है। अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' आयोजन के दौरान योगी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 125 से अधिक पीड़ितों से मुलाकात की और सभी के पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं।

उन्होंने समस्यायों के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा हर पीड़ित को न्याय दिलाकर चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का ध्येय है। जनता दरबार में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, पेंशन, सड़क निर्माण समेत अनेक मामले आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता दरबार में चंदौली से आए दो युवकों को मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग वॉकिंग स्टिक भी दी। साथ ही अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों को पुचकारा, गोद में लेकर खिलाया और चॉकलेट भी दी। योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुबह 10 बजे से सभी अधिकारी कार्यालय में बैठें और जनशिकायतों को सुनें। स्थानीय शिकायतों का समाधान जनपद स्तर पर ही कराया जाए। जो समस्याएं शासन स्तर से निस्तारित होनी हैं, उन्हें ही यहां भेजी जाए। समस्याओं का निस्तारण सरकार की विशेष प्राथमिकता है। अफसरों से कहा कि पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। जनता दरबार में चंदौली से दो दिव्यांग युवक भी अपनी समस्या लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं, फिर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री चंदौली के राजेश व चंद्रशेखर को इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग वॉकिंग स्टिक प्रदान की। इस दौरान कुछ पीड़ितों के साथ बच्चे भी आए थे, जिन्हें देख मुख्यमंत्री ने दुलारा-पुचकारा, गोद में लेकर खिलाया और चॉकलेट भी दी। मुख्यमंत्री ने जनता दरबार में मौजूद शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को जनता की शिकायतों का प्रार्थना पत्र सौंपते हुए इसके समय से निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस से जुड़ीं शिकायतों के निस्तारण के लिए डीजीपी को निर्देशित किया, तो वहीं राजस्व संबंधी मामलों में कार्रवाई के लिए राजस्व परिषद के अध्यक्ष को कहा। मुख्यमंत्री ने सभी पीड़ितों को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर उचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) एसपी गोयल, प्रमुख सचिव (गृह/मुख्यमंत्री) संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार समेत कई आलाधिकारी भी मौजूद रहे।

### गोरखुर को 1500 करोड़ रुपये की सौगात देंगे

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर को करीब 1500 करोड़ रुपए की लागत वाली 147 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वह 438 करोड़ 38 लाख 7 हजार रुपए की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और 1060 करोड़ 98 लाख 83 हजार रुपए की 95 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। यह समारोह मानबेला में होगा। लोकार्पण और शिलान्यास की अनेक ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनसे जिले की रोड कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई मिलेगी। इनमें एक महत्वपूर्ण फोरलेन का प्रोजेक्ट भी शामिल है। अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत सीवरेज की 233 करोड़ 89 लाख रुपए से अधिक की सीवरेज परियोजना का लोकार्पण होना है। ढांचागत बुनियादी सुविधाओं की अनेक परियोजनाओं की श्रृंखला में जिले के बांसगांव क्षेत्र को मुख्यमंत्री के हाथों 50 बेड के संयुक्त चिकित्सालय का भी उपहार मिलेगा। मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर को अपग्रेड करने के कार्य और जिला अस्पताल के विस्तार कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास की कई परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे।


### आज यूपी दंगा और अराजकता मुक्त

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारत की अनेकता में एकता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज देश का हर कोना यूपी से जुड़ना चाहता है। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा राज्य है। यूपी,भारत की आस्था का केंद्र बिंदु भी है। पूरा भारत या अगर मैं कहूं कि वृहत्तर भारत, तो वह जीवन में एक बार यूपी आने का इच्छुक होता है। सीएम ने कहा कि पूरा भारत खुद को यूपी से जोड़ने की कोशिश करता है। कोई तो बात रही होगी, अनायास तो यह नहीं होगा। देश में कहीं भी रहने वाले लोग खुद को यूपी से जोड़ते हैं। आप पूर्व में जाएंगे तो हर व्यक्ति यह देखता है कि माता रुक्मणि पूरब से ही गईं और भगवान श्रीकृष्ण के साथ ब्याही गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप पश्चिम के लोगों से देखेंगे, तो वह लोग इस बात से यूपी के साथ जुड़ने को इच्छुक होते हैं कि यहां से कृष्ण द्वारका में आए थे। अगर आप देखेंगे दक्षिण में, तो वहां लोग यह मानकर चलते हैं कि बजरंग बली उसी कर्नाटक में पैदा हुए थे और हनुमानगढ़ी अयोध्या में पूजे जाते हैं।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा लिवाली से बाजार में तेजी बरकरार

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और चीन के बीच आयात शुल्क (टैरिफ) को लेकर चल रही जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध की आशंका के बावजूद भारत के टैरिफ से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होने की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार लगातार चौथे दिन उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1508.91 अंक अर्थात 1.96 प्रतिशत की तेजी के साथ तेरह कारोबारी सत्र के बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78,553.20 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 414.45 अंक यानी 1.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 23851. 65 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत मजबूत होकर 41,980.48 अंक और स्मॉलकैप 0.52 प्रतिशत चढ़कर 47,946.66 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2427 में लिवाली जबकि 1522 में बिकवाली हुई, वहीं 157 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों के शेयर कारोबार के लिए रखे गए, जिनमें से 1847 में तेजी जबकि 1047 में गिरावट हुई, वहीं 83 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक बाजारों में जारी उतार-चढ़ाव और व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच भारत का हालिया बेहतर प्रदर्शन बाजार विशेषज्ञों के लिए चौंकाने वाला, लेकिन उत्साहजनक रहा है। इस वर्ष 2 अप्रैल के बाद से जब प्रमुख वैश्विक बाजार नुकसान झेल रहे हैं, भारत उन गिने-चुने बड़े बाजारों में शामिल है जिसने न सिर्फ अपने नुकसान की भरपाई की, बल्कि 2 अप्रैल से पहले के स्तर से ऊपर बंद होकर निवेशकों का भरोसा भी कायम रखा। इस मजबूती के पीछे दो प्रमुख वजहें बताई जा रही हैं। पहला भारत एक घरेलू खपत आधारित अर्थव्यवस्था है, जिससे यह टैरिफ संकट जैसे बाहरी झटकों से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होता है। चीन या अमे. रिका जैसे देशों के मुकाबले भारत की अर्थव्यवस्था का निर्यात पर कम निर्भर होना वैश्विक झटकों के दौरान इसे एक सुरक्षित विकल्प बनाता है।

### इंफ़ोसिस की चौथी तिमाही के मुनाफे में 11.7 प्रतिशत की गिरावट

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी आईटी सेवा निर्यातक इंफ़ोसिस लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 7,969 करोड़ रुपए के मुकाबले 11.7 प्रतिशत घटकर 7,033 करोड़ रुपए पर आ गया। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में उसे 7,033 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के 7,969 करोड़ रुपए से 11.7 प्रतिशत कम है। इस अवधि में उसका कुल राजस्व 37,923 करोड़ रुपए के मुकाबले 7.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 40,925 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। उसका परिचालन व्यय 3,554 करोड़ रुपए से 6.2 प्रतिशत बढ़कर 3,775 करोड़ रुपए हो गया।

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, चावल हुआ महंगा

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजार में गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर आवक और उठाव बराबर रहने से आज दिल्ली थोक जिस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि चावल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 20 रिंगिट उतरकर 4187 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.02 सेंट फिसलकर 47.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल दो रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया, वहीं गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3450-3550 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 19047 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14835 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा बना देश में रक्षा विनिर्माण का प्रमुख केन्द्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा 2018 में स्थापित और विकसित उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) राज्य को रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण के प्रमुख केंद्र में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। छह नोड्स कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में रणनीतिक रूप से फैला यह गलियारा रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने के लक्ष्य को पूरा करता है।

यूपीडा की 19 मार्च की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार यूपीडीआईसी को अब तक 28 हजार 761.88 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई करीब 2001 हेक्टेयर भूमि में से 923.24 हेक्टेयर उद्योगों को आवंटित की गई है। वर्तमान में, 57 कंपनियों को रक्षा गलियारे के छह नोड्स में भूमि आवंटित की गई है। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि कई प्रमुख कंपनियों ने वाणिज्यिक उत्पादन भी शुरू कर दिया है, जिनमें प्रमुख अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी एकीकृत गोला-बारूद सुविधा स्थापित करने के लिए कानपुर में 1,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। अमितेक इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (330 करोड़) और वेरी. विन डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड (65 करोड़) अब अलीगढ़ में चालू हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, सैटेलाइट सिस्टम और छोटे हथियारों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

इसके अलावा कानपुर में आधुनिक मैटेरियल एंड साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड (35 करोड़) और ए-आर पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड (48 करोड़) रक्षा वस्त्र और बैलिस्टिक-ग्रेड पॉलिमर सामग्री का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कॉरिडोर की सफलता का श्रेय औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई प्रमुख पहलों को जाता है। 24 जनवरी को लॉन्च की गई यूपी एएंडडी यूनिट रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 का उद्देश्य रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में रोजगार सृजन में तेजी लाना है। इसके अतिरिक्त 400 करोड़ रूपए की लागत वाली रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना (डीटीआईएस) कानपुर और लखनऊ में उन्नत परीक्षण सुविधाओं का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

# वाराणसी गैंगरेप की जांच करेगी एसआईटी: पीसी

वाराणसी, वार्ता



**एफआईआर में 23 दरिंदों के नाम, पीड़िता ने कोर्ट में बताए सिर्फ 9, 14 गायब**

पुलिस कमिश्नर ने गैंगरेप मामले में एसआईटी जांच के आदेश दिए हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस कमिशनर ने बताया कि आरोपियों के परिजनों के बाद ये फैसला लिया गया है। पुलिस कमिश्नर को परिजनों ने कुछ वीडियो और इंस्टाग्राम चैट भी उपलब्ध कराए हैं। आरोपियों के परिजनों द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो और इंस्टाग्राम चैट के आधार पर यह फैसला लिया गया है। जांच के दायरे में पीड़िता के इंस्टाग्राम पोस्ट, घटना के समय उसकी गतिविधियां और एफआईआर में नामजद आरोपियों की संख्या में अंतर जैसे कई संदिग्ध पहलू शामिल हैं। एसआईटी एक महीने में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में कुछ ऐसे बिंदु हैं, जिनकी जांच जरूरी है। डीसीपी क्राइम के नेतृत्व में एसआईटी टीम एक महीने के अंदर रिपोर्ट पेश करेगी। इस मामले का पीएम मोदी के संज्ञान लेने के बाद वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट सक्रिय हो गया है। वाराणसी के कई इलाकों में अवैध बार, कफै और रेस्टोरेंट पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल का कहना है कि 29 मार्च से 4 अप्रैल के बीच युवती ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कई फोटोग्रफ पोस्ट किए हैं। सीसीटीवी फुटेज से भी ये बात बिल्कुल साफ है कि इस अवधि में युवती कई ऐसी जगहों पर अकेले थी, जहां वो चाहती तो पुलिस से मदद ले सकती थी। उनका कहना है कि इस मामले में कई बातें संदिग्ध हैं, लिहाजा इस मामले में एसआईटी जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर का कहना है कि 29 मार्च से 4 अप्रैल के बीच युवती कई ऐसी जगहों पर अकेले थी, जहां वो चाहती, तो पुलिस की मदद ले सकती थी। लेकिन, उसने ऐसा नहीं किय। इसी अवधि में युवती ने इंस्टाग्राम पर अपने फोटो पोस्ट किए, कैसे? एफआईआर में 12 नामजद और 11 अज्ञात कुल 23 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज था, लेकिन युवती ने कोर्ट में सिर्फ 9 लोगों के ही नाम क्यों लिए? ये जांच का विषय है।

### छात्रा ने कॉलेज के गेट पर की आत्महत्या की कोशिश

**कानपुर।** जनपद के चौबेपुर में एक नर्सिंग कॉलेज की छात्रा ने फीस विवाद और परीक्षा देने से रोके जाने के कारण आत्महत्या करने की कोशिश की। कॉलेज ने निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे मांगे थे और छात्रा का परीक्षा फॉर्म नहीं भरा गया। तीन दिन पहले हुए विवाद के बावजूद उसे परीक्षा देने से रोका गया, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने छात्रा को बचा लिया और मामले की जांच कर रही है। यह चौंकाने वाली घटना गुरुवार सुबह सामने आई, जब छात्रा कॉलेज गेट पर पेट्रोल की बोतल लेकर पहुंच गई। छात्रा मूल रूप से डुडवा जमौली गांव की निवासी है। छात्रा का आरोप है कि प्रबंधन ने निर्धारित शुल्क से 2000 रुपये अधिक की मांग की थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# युवती की नृशंस हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जीटीबी एन्क्लेव में हुई युवती की नृशंस हत्या के फरार आरोपी को करनाल,से गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से घटना के दौरान पहने गए कपड़े और जूते बरामद किए है।अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियार को बरामद करने के प्रयास जारी हैं।

दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) संजय सेन ने १४ अप्रैल की रात को एक सनसनीखेज और क्रूर हत्या के मामले ने ट्रांस-यमुना क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी जब एक बीस वर्षीय लड़की को पॉकेट-ए, जीटीबी एन्क्लेव के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लड़की को दो गोलियां लगी थीं, जिससे उसकी मौत हो गई। इस संबंध में जीटीबी एन्क्लेव थाने के तहत मामला दर्ज किया गया था। अपराध की जघन्य प्रकृति और एक छोटी लड़की की निर्मम हत्या को देखते हुए अपराध शाखा की इंटर-स्टेट सेल (आईएससी) को जांच का जिम्मा सौंपा गया। इसके तहत एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर पंकज मलिक और रोहित कुमार के नेतृत्व में एसआई अमित कुमार, एएसआई संजीव कुमार और सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल गजेंद्र सिंह,नरेंद्र कुमार,, कांस्टेबल रवींद्र कुमार और दिनेश कुमार की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने तकनीकी निगरानी और जमीनी स्तर पर मानव खुफिया जानकारी प्राप्त की।इस दौरान टीम को पता चला कि सुंदर नगरी का रहने वाला रिजवान (१९) घटना के तुरंत बाद भूमिगत हो गया था।

इसके बाद टीम ने अपने मुखबिरों और स्थानीय संपर्कों के नेटवर्क से विश्वसनीय टिप-ऑफ हासिल की, जिसमें संकेत मिला कि संदिग्ध रिजवान हरियाणा के करनाल में छिपा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि रिजवान ने वही कपड़े पहने हुए पाए जो उसने हत्या के समय पहने थे इसके बाद टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी रिजवान को पकड़ लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी रिजवान ने बताया कि उसने मृतक को पहली बार दिल्ली के आनंद ग्राम इलाके में लगभग दो से तीन महीने पहले देखा था, जहाँ वह एक निर्माण स्थल पर वेल्डर के रूप में काम कर रहा था। उत्सुकता से, उसने उसे इंस्टाग्राम पर फॉलो करना शुरू कर दिया, और उनका संचार ऑनलाइन चैट से कॉल में बदल गया। आखिरकार, उसने उसे प्रपोज किया, और रिश्ता विकसित हुआ, हालाँकि लड़की ने कथित तौर पर किसी भी शारीरिक अंतरंगता का विरोध किया। तनाव तब बढ़ गया जब रिजवान ने उसे स एक अन्य लड़के के साथ देखा। इसके बाद रिजवान की बार-बार चेतावनी के बावजूद, लड़की ने कथित तौर पर दूसरे लड़के के साथ अपना रिश्ता खत्म करने से इनकार कर दिया। ईर्ष्या और विश्वासघात की भावना से प्रेरित होकर, रिजवान ने हत्या की साजिश रची। घटना से दो दिन पहले, उसने एक दोस्त के माध्यम से एक देसी पिस्टल खरीदा। १४ अप्रैल की रात को, उसने इंस्टाग्राम के माध्यम से लड़की से संपर्क किया और उसे रात ८ बजे के आसपास कोडिया कॉलोनी गेट पर मिलने के लिए कहा। उसके बयान के अनुसार, वह उस समय नशे में था।

## बिल्डिंग में भीषण आग लगी, कई वाहन व अन्य सामान जला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहीन बाग इलाके में सुबह एक घर में अचानक से लगी आग में जहां घरेलू सामान पूरी तरह से जल गया वहीं आग की चपेट में चार से पांच वाहन भी जल गए। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। दमकलकर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। पुलिस मामला दर्ज करके आग लगने के कारणों का पता करने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुबह दो बजकर १४ मिनट पर सरिता विहार के शाहीन बाग इलाके में एफसी-७,नाला रोड स्थित मकान में आग लगने की पीसीआकर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सभी लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर भेजा। दमकलकर्मियों ने आठ गाडियों की मदद से आग पर काबू पाया। हादसे में घरेलू सामान चार से पांच वाहन पूरी तरह से जल गए। इमारत में ग्राउंड और चार मंजिला की रिहायशी इमारत है, जिसमें स्टिल्ट पार्किंग है।

# दो परिवार के आठ बांग्लादेशियों को पकड़कर निर्वासन केंद्र भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साउथ कैंपस पुलिस ने इलाके में रहने वाले दो बांग्लादेशी परिवार के आठ बांग्लादेशियों को पकडकर निर्वासन केंद्र भेज दिया है। जिनसे पुलिस पूछताछ करके उनसे पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वो भारत में किसी तरह से घुसे थे और यहां पर उनकी फर्जी दस्तावेज आदि बनाने और उनको ठिकाना देने में किस किसने मदद की थी।

पकड़े गए बांग्लादेशियों से पता चला कि रबीउल इस्लाम के परिवार में उसकी पत्नी सीमा,बेटा इब्राहीम है। जबकि पापिया खातून का बेटा सादिया सुल्ताना,सुहा. सिनी बेटी है,इसके अलावा आर्यन और रिफत है। सीमा ने रबीउल इस्लाम से शादी की और २०१६ में अवैध रूप से त्रिपुरा सीमा के माध्यम से भारत आई। वह एक हाउसमेड के रूप में काम करती है।

उसका एक बेटा है, अब्राहम। पापिया खातून को उसके बांग्लादेशी पति ने छोड़ दिया था, और उसके बाद, वह २००७ में घोजा डोंगा बॉर्डर के माध्यम से भारत आई, और यहाँ वह दिल्ली में एक घरेलू सहायिका के रूप में काम करती है और कटवारिया सराय में रहती है। इसके अलावा, उसने कहा कि २०१८ में, उसने अपनी बेटी सादिया सुल्ताना को बांग्लादेश से बुलाया, और तब से उसके साथ रह रही है। इसके अलावा, उसने कहा कि उसने एक साल पहले एक बच्ची को भी गोद लिया था। सादिया सुल्ताना और उसकी माँ पापिया खातून २००७ से यहाँ भारत में रह रही हैं, इसलिए, वे भी २०१८ में घोंजा डोंगा बॉर्डर के माध्यम से आईं, और अब कटवारिया सराय, एनडी में पार्लर का कोर्स कर रही हैं।

रिफत आरा मोयना २०२३ में बेनापोल बॉर्डर के जरिए भारत आई थीं और एक ब्रोकर ने उन्हें बॉर्डर पार करवाने में मदद की थी। यहाँ वो कटवारिया सराय में रह रही हैं। बांग्लादेश में उनके तीन भाई और तीन बहनें हैं।

## एक नजर

### पीएफडब्ल्यूएस ने धूमधाम से मनाया 53वां स्थापना दिवस



**नई दिल्ली।** पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी (पीएफडब्ल्यूएस) ने अपना ५३वां स्थापना दिवस पुलिस मुख्यालय के आदर्श ऑडिटोरियम में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता संगीता सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। साथ ही पीएफडब्ल्यूएस अध्यक्ष रितु अरोड़ा के साथ-साथ पूर्व अध्यक्ष, कोर कमेटी के सदस्य और अन्य विशिष्ट अतिथि समेत १३ कल्याण केंद्रों से दिल्ली पुलिस परिवारों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम पीएफडब्ल्यूएस की वार्षिक पत्रिका, कोशिश एक आशा के ९वें संस्करण का अनावरण भी किया गया। जिसे मुख्य अतिथि संगीता सक्सेना ने रितु अरोड़ा और कोर कमेटी के सदस्यों के साथ मिलकर प्रस्तुत किया। इसके डिजिटल संस्करण के लॉन्च ने पीएफडब्ल्यूएस के दूरदर्शी दृष्टिकोण और अपने समुदाय में सुलभ संचार के प्रति प्रतिबद्धता पर और जोर दिया। न्यू पुलिस लाइंस को सर्वश्रेष्ठ कल्याण केंद्र से सम्मानित किया गया, दूसरे स्थान पर अहाता किदारा और तीसरे स्थान पर शालीमार बाग रहा। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसने दिन के कार्यक्रमों की शुभ शुरुआत की। पीएफडब्ल्यूएस अध्यक्ष ने जहां परिवार कल्याण के बारे में बातें सांझा की,वहीं उन्होंने कई प्रमुख पहलों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने पीएफडब्ल्यूएस और विशेष रूप से रितु अरोड़ा के अटूट नेतृत्व की प्रशंसा की, जिन्होंने दिल्ली पुलिस परिवारों के कल्याण, सशक्तिकरण और उत्थान के लिए कई बड़े काम बिना किसी स्वार्थ से किये हैं। उन्होंने न केवल भावनात्मक और सामाजिक व्यावहारिक उपकरण और संसाधन प्रदान करने के लिए संगठन के समर्पण की सराहना की, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाने का काम किया।

### सिम्फनी ऑफ स्ट्रोक्स चित्रकला व मूर्तिकला की प्रदर्शनी 21 अप्रैल से



**नई दिल्ली।** सिम्फनी ऑफ स्ट्रोक्स चित्रकला और मूर्तिकला की एक समूह प्रदर्शनी, 21 से 27 अप्रैल तक सीएसओआई क्लब आर्ट गैलरी, विनय मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है। इस विशिष्ट प्रदर्शनी का संयोजन वरिष्ठ कलाकार पारुल भगत द्वारा किया गया है, जिनका उद्देश्य उभरते हुए और स्थापित कलाकारों को एक साझा मंच प्रदान करना है। पारुल भगत का मानना है कि यह प्रदर्शनी उन कलाकारों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो कला के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। हमारा लक्ष्य है ऐसे मंच का निर्माण करना जहाँ कला के विभिन्न रूपों को एक साथ प्रस्तुत किया जा सके और दर्शकों को एक बहुआयामी कला अनुभव प्राप्त हो। भाग लेने वाले कलाकारों में शामिल हैं: पारुल भगत, नीलम कपूर, कर्नल मोहिंदर के. बाली, नविता कौशिक, वेदांत धंजल, टीना, प्रीति सिंह दास, हरप्रीत कौर, गुंजन द्विवेदी, मोनिका जैन, ऋषिका रामपाल, दीपक नयाल, नितीश के. त्रिवेदी, मानसी गुप्ता, कुलजीत कौर, अभिषेक वर्धन, अदिति अग्रवाल, सुव्रो पी. बसु, प्रियंका बर्धन, प्रियम तिवारी, ऋषिका सहगल और अन्य। (सभी कलाकृतियाँ बिक्री के लिए उपलब्ध हैं)

### जुनून ड्रीम, डेयर, डोमिनेट में नजर आएंगे बेहतरीन कलाकार

**नई दिल्ली।** अभिषेक शर्मा द्वारा निर्देशित 'है जुनून ख्र ड्रीम, डेयर, डोमिनेट' में कई बेहतरीन कलाकार नजर आयेंगे। इनमें पर्ल के किरदार में जैकलीन फर्नांडीज और गगन के किरदार में नील नितिन मुकेश की मुख्य भूमिकाएं हैं। उनका साथ देंगे सुमेध मुदगलकर, सिद्धार्थ निगम, युक्ति थरेजा, आर्यन कटोच, प्रियांक शर्मा, कुंवर अमर, मोहन पांडे, एलिशा मेयर, संचित कुंद्रा, सनातना रोच, देवांग्शी सेन, अनुषा मणि, भाविन भानुशाली, और अर्नव मागू। जियोहॉटस्टार मुंबई के मशहूर एंडरसन्स कॉलेज की पृष्ठभूमि पर आधारित एक जोश से भरा और युवा म्यूजिकल ड्रामा 'है यह सीरीज महत्वाकांक्षा, प्रतियोगिता और आत्म-खोज की कहानी है, जो संगीत और डांस की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती है।

### वागले की दुनिया में सुगंधा मिश्रा की एंट्री ने मचाया धमाल

**नई दिल्ली।** सोनी सब का शो वागले की दुनिया ख्र नई पीढ़ी, नए किस्से अपने सटीक मध्यवर्गीय संघर्षों और दिल को छू लेने वाले पारिवारिक पलों के कारण लगातार दर्शकों का दिल जीत रहा है। इसी दुनिया में अब एंट्री ले रही हैं लोकप्रिय अभिनेत्री और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा, जो निभा रही हैं सुमन गढिया का किरदार। यह एक अल्हड़, बेहद नाटकीय और चालाक महिला, जिसे हर परिस्थिति को ड्रामा में बदलने की कला बखूबी आती है। सुमन यामिनी (मानसी जोशी) के साथ एक ड्रामा शो पर काम कर रही हैं। वह दावा करती हैं कि वह एक मध्यवर्गीय महिला का किरदार निभाने के लिए रिसर्च कर रही हैं और इसीलिए साईं दर्शन सोसायटी में अस्थायी रूप से रहना चाहती हैं। अपनी बातों और अदाओं से यामिनी को मना भी लेती हैं, लेकिन उसके इरादे बिल्कुल भी नेक नहीं हैं।



### 7500 करोड़ रुपये की फंडरेजिंग को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की हुई बैठक में इक्विटी पूँजी के तहत प्रेफरेंशियल इश्यू को मंजूरी दी गई। इसमें करीब लगभग 4,876 करोड़ रुपए की राशि करंट सी इन्वेस्टमेंट्स बी.वी. को दी जाएगी, जो वारबर्ग पिंकस एलएलसी की एक सहयोगी कंपनी है। वी. वैद्यनाथन, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, ने कहा, हमने बैंक की नींव पहले दिन से ही एक विश्वस्तरीय बैंक बनाने की दीर्घकालिक सोच के साथ रखी है।



नगरपालिका परिषद उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने पालिका केंद्र में परिषद के सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक करते हुए।

# एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने विकास परियोजनाओं की समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने आज काउंसिल रूम, पालिका केंद्र में परिषद के सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शविकसित भारत @2047 विजन के तहत चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में चहल ने दोहराया कि 'विकसित भारत @2047 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक दूरदर्शी योजना है, जिसका उद्देश्य भारत को स्वतंत्रता की १००वीं वर्षगांठ तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह पहल समावेशी विकास, सतत प्रगति, प्रभावी शासन और सबसे महत्वपूर्ण रूप से युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर केंद्रित है।बैठक में एनडीएमसी के प्रत्येक विभाग ने 'विकसित भारत के विकसित एनडीएमसी' विषय पर अपने-अपने विभागीय कार्यों की प्रगति, चुनौतियाँ और आगे की योजना को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया।इस दौरान विकास कार्यों में तेजी, समयबद्ध कार्य योजना, स्कूलों में कार्य के दौरान पढ़ाई बाधित न हो, सौर ऊर्जा को बढ़ावा, रात्रि सफाई का विस्तार,सार्वजनिक शौचालयों की देखरेख: पर निर्देश और सुझाव दिए ।चहल ने शिक्षा विभाग को बधाई दी कि ९८% बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि योजना के तहत पंजीकरण हो चुका है। यह योजना माननीय प्रधानमंत्री द्वारा २०१५ में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा और भविष्य की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है।उन्होंने यह भी बताया कि शेष २% छात्राओं के दस्तावेजों की समस्याओं को सुलझाने के लिए जिलाधिकारी (नई दिल्ली) को पत्र लिखा गया है।

श्री चहल ने जानकारी दी कि १००% लक्ष्य प्राप्त करने के लिए, एनडीएमसी ने स्कूलों में बैंकों और न्प्क।ᑭ के सहयोग से विशेष शिविर आयोजित किए और अभिभावकों के लिए जागरूकता अभियान चलाए।चहल ने कहा कि एनडीएमसी का 'विकसित भारत' की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। एनडीएमसी नागरिकों और आगंतुकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं, स्वच्छता, हरियाली और समावेशी शहरी वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कोविड-19 में डॉक्टरों ने बिल पर छूट नहीं दी तो अस्पतालों में करने लगा चोरियां, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कोविड-१९ में अस्पताल में बिल पर छूट नहीं मिलने पर बी टेक की पढ़ाई करने वाला युवक कर्जे में डूब गया। उसने डॉक्टरों से लेकर अस्पताल के मालिकों से कई बार अपनी मजबूरी बताई,लेकिन किसी ने उसकी सहायता नहीं की थी। इसी कारण गुस्से में आकर उसने अस्पतालों में चोरी करने की ठान ली और कई शहरों के बड़े प्राईवेट अस्पताल में डॉक्टरों का भेष बनाकर कीमती सामान चोरी करने लगा। जिसको दक्षिण-पूर्व जिले के एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड ने पहाडगंज के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। विकास नाम के आरोपी ने

दिल्ली एनसीआर, जयपुर, मुंबई और पुणे के अस्पतालों से लैपटॉप और मोबाइल फोन आदि सामान चोरी किया। जिनको बेचने के लिये अपने पास एक फर्जी बिल बुक भी रखी। वह एक शहर में चोरी करने के बाद कई महीने बाद उस शहर में आता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते दस अप्रैल को सरिता विहार स्थित अपोलो अस्पताल के अधिकारी कुलदीप ने सरिता विहार थाने में चोरी की एफआईआर दर्ज करवाई थी। कुलदीप ने बताया कि कमरा नंबर ११११०, ऑन्कोलॉजी ओपीडी से लैपटॉप और फोन चोरी हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

एसीपी दलीप सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर विष्णु दत्त के निर्देशन में पुलिस टीम को आरोपी को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। अस्पताल और उसके आसपास लगे चार सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। हेड कांस्टेबल करमवीर और कुलद. ीप की सहायता से आरोपी विकास को एक पुख्ता जानकारी के बाद पहाडगंज स्थित एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि कि वह भुकम, तालुका मुशी, जिला पुणे, महाराष्ट्र का रहने वाला है। वर्तमान में बी-१६, वागेश्वर सोसाइटी, चौथी मंजिल, वागेश्वर मंदिर के पास, वाघोली में रह रहा है। वह एमआईटी, पुणे से कंप्यूटर साइंस में बी.टेक स्नातक है। बीते ८ अप्रैल को चोरी करने के इरादे से दिल्ली आया था। उसने मणिपाल अस्पताल, द्वारका, फोर्टिस अस्पताल, वसंत कुंज और मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, सेक्टर १२८, नोएडा में चोरी की हैं। उसके कब्जे से एक बिल बुक जिसका इस्तेमाल चोरी के सामान को बेचने के लिए जाली बिल तैयार करने में किया जाता था। बरामद किया है। पूछताछ करने पर पता चला कि उसकी डॉक्टरों के खिलाफ व्यक्तिगत दुश्मनी है। २०२१ में, कोविड-१९ के इलाज के दौरान, पुणे के एक अस्पताल में मेडिकल बिलों में छूट के उसके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया था, जिससे वह बहुत ज्यादा कर्ज में डूब गया था। तब से नाराजगी पालते हुए, उसने जानबूझकर प्रतिशोध के तौर पर विभिन्न शहरों में अस्पतालों और डॉक्टरों के दफ्तरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया।

# रॉबरी मामले में ज्वैलर सहित चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के केएनके मार्ग थाने की टीम ने रॉबरी का मामला सुलझाकर एक ज्वैलर सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से रॉबरी की दो सोने की चेन बरामद की है।

दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि ०७ अप्रैल को केएनके मार्ग थाने में रॉबरी की एक घटना की सूचना मिली थी जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जब वह सुबह-सुबह अपने घर की ओर जा रहा था, तो पास के पार्क से तीन अज्ञात लड़के निकले, उससे दो सोने की चेन और बीस हजार रुपए लूट लिए और मौके से भाग गए।इसके बाद केएनके मार्ग थान के तहत मामला दर्ज एसीपी प्रशांत विहार के. पी. मलिक की देखरेख में एसएचओ/केएनके मार्ग प्रमोद आनंद के नेतृत्व में एसआई सतेंद्र और सौरव मलिक, हेड कांस्टेबल सुनील, शशिकांत, मनमीत और कांस्टेबल अंसुल की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने अपराध स्थल के आसपास के कई सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और अपराधियों के बारे में कोई सुराग खोजने के लिए स्थानीय मुखबिरों को भी शामिल किया। लगातार प्रयासों से, एक रॉबर की पहचान की गई जो उपरोक्त डकैती मामले में शामिल पाया गया।

## तीन अंतर्राज्जीय तस्कर एक करोड़ की ड्रग्स के साथ पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने तीन अंतर्राज्जीय ड्रग्स तस्करों को ३४१ ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ से अधिक बताई जा रही है। आरो. पियों की पहचान फरमान,शादाब और सिकंदर के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों के बाकी सॉर्स के बारे में पता करके उनको भी पकडने की कोशिश कर रही है। आरोपियों से पूछताछ करने पर पता चला कि फरमान ब्लिंकिट में डिलीवरी बॉय के रूप में काम कर रहा था। ब्लिंकिट में अपने काम के दौरान, वह शादाब के संपर्क में आया, जो जाकिर नगर का रहने वाला है। अपने महंगे शौक पूरे करने और जल्दी पैसे कमाने के लिए फरमान और शादाब ने मिलकर दिल्ली में अलग-अलग लोगों से ड्रग्स खरीदना शुरू किया और ब्लिंकिट की आड़ में उन्हें सप्लाई करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे जब समय के साथ डिमांड बढ़ी तो शादाब और फरमान ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के रहने वाले इलियास उर्फ भूरा से संपर्क किया और उससे अलग-अलग लोगों को हेरोइन सप्लाई करना शुरू कर दिया।

# टॉप मॉडल इंडिया के स्टेज पर 19 को दिखाएंगे जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंडिया एक्सक्विजिट पेजेंट ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित टॉप मॉडल इंडिया सीजन -7 का आयोजन 19 अप्रैल को आर क्यूब मोनाड मॉल नोएडा में किया जाएगा। इस मेगा इवेंट से पूर्व फाइनल रिहर्सल शो इंडियोएल साकेत में सम्पन्न हुआ, जिसमें देशभर से चुनिंदा २० प्रतिभाशाली मॉडल्स ने भाग लिया। इवेंट ऑर्गनाइजर रजनी सुब्बा और मैनेजिंग डायरेक्टर छाम थाई ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे भारत से प्रतिभाशाली मॉडल्स का चयन कर उन्हें इस राष्ट्रीय स्तर के मंच पर उतारा गया है।

फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ० मुश्ताक अंसारी ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन न केवल उभरते हुए मॉडल्स के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है, बल्कि भारतीय फैशन जगत को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कार्यक्रम के दौरान



एक विशेष सैश सेरेमनी भी आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों को उनके नाम और राज्य के अनुसार सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। इस खास मौके पर सेंस क्लिनिक की जनरल मैनेजर हरसिमरन कौर, फेस ग्रुप के मैनेजर डॉ. बिलाल अंसारी, मुस्कान बिष्ट, बुजी फैशन स्टूडियो के अजय बुजी, आईएएस अधिकारी ज्योति कैलाश और दहरीनी वेमई (गाईगू) (ब्रांड एम्बेसडर, एनीथिंग नॉर्थईस्ट) विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, द रिया वशिष्ठ मेकओवर स्कूल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दो धोखेबाजों को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाअअअअअफ ने दो धोखेबाजों को गिरफ्तार किया है।आरोपी व्यक्ति बैंक खाते उपलब्ध कराते थे, जिनका उपयोग निवेश धोखाधड़ी में ठगे गए धन को घुमाने में किया जाता था। पुलिस ने उनके पास से अपराध में इस्तेमाल दो स्मार्ट फोन बरामद किए है। आरोपियों ने शिकायतकर्ता से शेयर ट्रेडिंग के जरिए निवेश के नाम पर १६ लाख रुपए ठगे गए थे। दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि १९.फरवरी को साइबर थाने में एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमे भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर कार्यरत शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उन्हें मिस अयाना जोसेफ नामक एक महिला ने धोखा दिया है, जिसने व्हाट्सएप के जरिए खुद को शेयर बाजार विश्लेषक बताया था। १४ नवंबर २०२४ को आरोपी ने उनसे संपर्क किया और उन्हें एक समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद उन्हें एक ट्रेडिंग एप्लीकेशन इंस्टॉल करने और उसके मार्गदर्शन में निवेश करने के लिए राजी किया गया।इसके बाद शिकायतकर्ता से शेयर ट्रेडिंग के जरिए निवेश के नाम पर १६ लाख रुपए ठगे गए थे।आदित्य बिड़ला कैपिटल के साथ सत्यापन करने पर पता चला कि उसके नाम पर कोई डीमैट खाता नहीं खोला गया था और ट्रेडिंग ऐप फर्जी पाया गया, जिससे साइबर धोखाधड़ी का मामला पुष्टि हुआ। शेयर बाजार में निवेश के बहाने शिकायतकर्ता को१५,९२,९६२ रुपए का चूना लगाया गया।

# कांग्रेस मात्र राजनीतिक दल ही नहीं एक विचारधारा: भारद्वाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस मात्र राजनीतिक दल ही नहीं एक विचारधारा है जिससे प्रभावित लोग अपने आप कांग्रेस से जुड़ने लगते हैं। यह बात करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने उस वक्त कही जब जिला कार्यालय पर जिला ऑब्जर्वर पी के मिश्रा और लक्ष्मण रावत की उपस्थिति में गोकुलपुर विधानसभा से पूर्व निगम प्रत्याशी नरेश पाल के नेतृत्व में और झड़ौदा वार्ड से देवेंद्र कुमार और श्रीमति रेखा के नेतृत्व में पंकज धीरन, अमित कुमार, रीता, गुंजन, संगीता, बेबी, रेखा देवी, शाहनाज, अटारी बेगम, नूरजहां के साथ दो दर्जन से भी ज्यादा लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भी सभी सदस्यों को कांग्रेस ज्वाइन करने की शुभकामनाएं और बधाई संदेश देते हुए कहा कि आज जिस तरह से बड़ी संख्यावमे महिला साथियों ने पार्टी ज्वाइन की है उससे साफ हो जाता है कि कांग्रेस ही महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। आजादी से आज तक कांग्रेस ने महिलाओं के हक और हकूक लड़ाई में अग्रणीय भूमिका निभाई है और आगे भी निभाएगी।

आदेश भारद्वाज, पी के मिश्रा और लक्ष्मण रावत ने भी संदेश देते हुए कहा कि यह नए सदस्य पार्टी की जनहितैषी नीतियों और धर्मनिरपेक्ष, समावेशी विचारधारा के प्रति आकर्षित हुए हैं। कांग्रेस अपनी एकता को मजबूत करने के लिए सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और सभी वर्गों के कल्याण पर जोर दे रही है। बड़ी संख्या में लोगों का कांग्रेस से जुड़ने का कदम न केवल पार्टी की पहुंच को बढ़ाता है, बल्कि दिल्ली में एकजुटता और समान लक्ष्यों के साथ जनता के बीच विश्वास को भी प्रबल करता है।

उन्होंने दिल्ली की भाजपा सरकार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार पर जनता की उपेक्षा और वादा खिलाफी का आरोप लगाया। उनका कहना था कि भाजपा ने दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करने, बेरोजगारी कम करने और बुनियादी सुविधाएं बेहतर करने के वादों को पूरा करने की कोई पहल नहीं की। इसके बजाय, सरकार का ध्यान केवल प्रचार और राजनीतिक लाभ पर है।

जिला कांग्रेस ने दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के कल्याण में विफलता का भी आरोप लगाया, साथ ही जनता से एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ आवाज उठाने की अपील भी की।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

29 करोड़ से दूर होगा शहर का अंधेरा

# चौराहों से गलियों तक रोशन करने का प्रकाश विभाग का दावा

**गाजियाबाद।** चंद रोज पहले ही नगर निगम गाजियाबाद का वर्ष 2225-26 का रिकॉर्ड बजट पास हुआ है। 3722 करोड़ रुपए के इस मेगा बजट से 29 करोड़ रुपये शहर की अंधेरी गलियों, चौराहों-तिराहों को रोशन करने की तैयारी हो रही है। बाकायदा 29 करोड़ रुपये निगम क्षेत्र में प्रकाश विभाग को केवल इसलिए दिए जा रहे हैं ताकि शहर के ब्लेक स्पॉट दूर किए जा सकें। यहां लगेंगी हाईमास्क लाईट्स: नगर निगम गाजियाबाद के सभी 100 वार्ड में प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने, ब्लैक स्पॉट खत्म करने और प्रमुख स्थानों से लेकर कॉलोनियों के अंधेरे स्थानों पर रोशनी करने के लिए ये लगभग 29 करोड़ रुपए खर्च करेगा। इसमें बड़ी संख्या में हाईमास्ट लाइट और सड़कों पर लगने वाली इमरजेंसी लाइट को लगाने की योजना है। बताया जा रहा है कि शहर के ब्लैक स्पॉट खत्म करने के लिए लगातार नगर निगम के पास लोगों की शिकायतें आ रही हैं, जिनका संज्ञान लेते हुए, इस बार नगर निगम ने अपना वजट बढ़ाया है, ताकि पूरा क्षेत्र ब्लेक स्पॉट रहित रहे। ब्लैक स्पॉट भी होंगे कम: करंट क्राइम नगर निगम गाजियाबाद का प्लान है कि शहर में छले साल 23 नए ब्लैक स्पॉट होने की पुलिस, परिवहन और अन्य विभागों द्वारा रिपोर्ट तैयार की गई थी। इस्थमसान लेते हुए इन सभी 23 स्थानों को ब्लैक स्पॉट से हटाकर यहां नई आधुनिक लाइटों को लगाकर प्रकाश बाळस्था करने का प्लान बनाया जा रहा है ताकि शहर गाजियाबाद ज्यादा जगमग नजर आए।

# दो बसों की हुई जबरदस्त टक्कर बस चालक सहित छह सवारी घायल

- इस दौरान बस में बैठी सभी सवारियां उछलकर अपनी सीटों से नीचे गिर गई, जिसमें से चालक सहित छह सवारियों को गंभीर चोटे आई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लाल कुआं के नजदीक दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर रोडवेज बसों की आपस में जबरदस्त टक्कर हो गई। बसों की टक्कर से चालक सहित 6 सवारी घायल हो गई। टक्कर सुबह 3 बजे हुई। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस ने घायलों को बस से निकाल कर तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरदोई और गढ़मुक्तेश्वर बस स्टैंड से दिल्ली जाने वाली दो रोडवेज बसें जैसे ही लाल कुआं के नजदीक दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर पहुंची तो पीछे से एक बस ने दूसरी बस को जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान बस में बैठी सभी सवारियां उछलकर अपनी सीटों से नीचे गिर गई। जिसमें से चालक सहित 6 सवारियों को गंभीर चोटे आई। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बसों में बैठी सवारियों को जल्दी-जल्दी बस से उतारा। पुलिस ने सभी घायल सवारियों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सभी घायल सवारियों व चालक का इलाज चल रहा है।

एसीपी वेव सिटी उपासना पांडे ने बताया कि डीएमई गढ़मुक्तेश्वर बस स्टैंड से चालक अजय प्रताप सिंह ने हरदोई से चलकर दिल्ली जा रहे थे। बस चलते हुए अजय प्रताप को नींद की झपकी आ गई और उसने आगे चल रही बस में जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे दोनों बसों की सवारियों को मामूली व गंभीर चोटे आ गई। बस चालक अजय प्रताप भी काफी ज्यादा घायल हो गया। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

एसीपी ने बताया कि घायलों में राजाराम, जीशान,अहमद, रघुपति सिंह, नरेंद्र और वीरेंद्र शामिल है। गनीमत रही की इस हादसे में कोई दुखद घटना नहीं घाटी।

# सिद्धार्थ विहार स्थित आधार कार्ड कैंप में पहुंचे मयंक गोयल



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार में आधार कार्ड बनाने के लिए कैंप का आयोजन किया गया। 10 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चलने वाले कैंप में अब तक 700 लोग आधार कार्ड की सेवाएं ले चुके हैं। गुरुवार को कैंप में बीजेपी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल पहुंचे।

नीति एवं शोध विभाग के राष्ट्रीय सह प्रभारी, राजेश गुप्ता ने बताया कि आधार कार्ड सेवा कैम्प, सिद्धार्थ विहार में भारी भीड़ भी देखने को मिल रही है। अब तक लगभग 700 लोगों ने नए आधार कार्ड बनवाए और पुराने आधार कार्ड में संशोधन भी करवाया। इस कैंप में सम्पूर्ण सिद्धार्थ विहार के अलावा काफी दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। गाजियाबाद निवासियों का कहना है कि इस कैंप से उन्हें बहुत ज्यादा फायदा मिला, क्योंकि उन्होंने बहुत ही कम समय में अपना काम पूर्ण कराया है।

# हनुमान जयंती के अवसर पर आरती व प्रसाद वितरण का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री श्याम परिवार श्करणश धर्मार्थ सेवा समिति दिल्ली प्रदेश की तरफ से हनुमान जयंती के अवसर पर प्राचीन हनुमान मंदिर कनॉट प्लेस में आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इसमें श्याम परिवार और करण समाज के सदस्यों ने बढ़ चलकर हिस्सा लिया और तन -मन -धन से अपना योगदान प्रदान किया।

इस अवसर पर कन्हिछ लाल करण, प्रमोद करण, नरेश करण, रतन सिंह करण, दीवान करण, गजराज करण, रितेश करण, सत्य प्रकाश करण, सूरज प्रकाश करण, राजेंद्र करण, सुरेंद्र करण, मुकेश करण, गौतम प्रसाद करण, बदलेश करण, संजय करण, रोहन कुमार आदि ने भगवान हनुमान जी की आरती की और उसके बाद मंदिर के प्रांगण में भक्तजनों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर गाजियाबाद से आमंत्रित भाजपा नेता वीरेंद्र कंडेरे का पटका पहनाकर एवं फूलों का गुलदस्ता देखकर भव्य स्वागत किया गया।

# बाहरी नेताओं का वेवसिटी में समझौता लागू करने के लिए धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान संगठन के जिलाध्यक्ष लोकेश नागर ने जिलाधिकारी को पत्र सौपा। पत्र में कहा गया कि कुछ बाहरी नेताओं द्वारा वेवसिटी में समझौता 20.05.14 लागू करने के लिए धरना दिया जा रहा है। इसके सम्बन्ध में भारतीय किसान संगठन ने अपना पक्ष रखा कि उक्त समझौते की सभी बातो को कम्पनी ने मान लिया था।

दिनांक 20.10.24 को कम्पनी के साथ क्षेत्र के सभी लोगो द्वारा समझौता किया गया। सभी लोग 850/- रूपये से कम में बची गयी जमीन के लिए निशुल्क प्लॉट की माँग कर रहे थे जिसे कम्पनी ने मान लिया था तथा लगातार हमारी रजिस्ट्री हो रही है कम्पनी गाँवों में विकास के कार्य भी करा रही है परन्तु कुछ लोग अधिक दाम में बेची हुई जमीनों के लिए भी प्लॉट की माँग कर रहे है व धरना प्रदर्शन कर रहे है जबकि 2014 के समझौते से इनका कोई मतलब नही है ये समझौता भी हम लोगो के ही बीच हुआ था।

हम सब भारतीय किसान संगठन के लोग समझौता 21.10.24 से पूरी तरह रजामन्द है जिसमें क्षेत्र के लगभग 250 लोगो के हस्ताक्षर है तथा इस धरने का विरोध करते है।

हम इस धरना प्रदर्शन का विरोध करते है क्योंकि हमें आंशका है कि कम्पनी हम लोगो की रजिस्ट्री भी रोक सकती है अगर हमारी रजिस्ट्री रूकी तो हम भी प्रशासन व कम्पनी के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगे।

## क्रिएथॉन का प्री-क्वॉलिफायर राउंड इंद्रप्रस्थ कॉलेज में होगा

**साहिबाबाद।** साहिबाबाद औद्योगिक साइट चार स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलेज में क्रिएथॉन 2025 का क्वॉलिफायर राउंड होगा। कॉलेज के निदेशक डॉ. अजय कुमार ने बताया कि आगामी एक्सपो मार्ट में भारत शिक्षा एक्सपो 2025 सीजन दो के दौरान 24 व 26 अप्रैल को क्रिएथॉन का आयोजन होगा। एकेटीयू, टीबीआई फाउंडेशन व इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट की ओर से नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आयोजन हो रहा है। इसमें सैकड़ों बच्चे प्रतिभाग करेंगे।

क्रिएथॉन में प्रतिभाग करने के लिए चार जिलों में प्री क्वालिफायर राउंड का आयोजन भी किया गया है, जिसमे दिल्ली-एनसीआर के छात्रों के बीच इंद्रप्रस्थ कॉलेज में 19 अप्रैल को प्री क्वालिफायर राउंड होगा। इसमें कक्षा आठ से लेकर इंजीनियरिंग, डिप्लोमा व मैनेजमेंट के छात्र भाग ले सकते हैं।

**एक नजर**

# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ने लगाया वाटर कूलर




**गाजियाबाद।** गर्मियों के आते ही रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सफायर ने स्कूल में वाटर कूलर दान किया। आरटीएन अनु गर्ग द्वारा प्रायोजित इस नेक काम के लिए उपस्थित सदस्यों में अध्यक्ष अलका सिंघल, सचिव, रिंकी अग्रवाल, क्लब ट्रेनर, अनु गर्ग, नरेश गर्ग, सारिका गोयल, आराधना, मिली गोयल, पारुल गर्ग और मनीषा अग्रवाल ने हिस्सा लिया।

# शालीमार गार्डन में कुत्ता टहलाते युवक की गोल्ड चेन लूटी मकान से लाखों रुपये की चोरी

**साहिबाबाद।** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन से कुत्ता टहला रहे एक युवक के गले से बाइक सवार बदमाशों ने गोल्ड की चेन लूट ली और फरार हो गए। टीला मोड़ क्षेत्र से एक मकान से चोरों ने लाखों के गहने और नकदी चोरी कर ली। थाना शालीमार गार्डन में दी तहरीर में परमजीत पुत्र श्रीपाल सिंह निवासी वी 136 शालीमार गार्डन जी-1 गाजियाबाद ने कहा कि 15 अप्रैल रात 11.32 बजे में अपने घर काम पर से आया था। घर के पास में अपना कुत्ता टहला रहा था। डॉमिनोज के पास अचानक पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने मेरे गले से 2 तोले 7 ग्राम की चेन तोड़ ली और अग्रवाल स्वीट्स की तरफ फरार हो गए।

थाना टीला मोड में दी तहरीर में जितेन्द्र कुमार पुत्र पीतम सिह निवासी सी 46 कृष्णा विहार कुटी निकिता इन्टर कालेज भोपुरा ने कहा कि 16 अप्रैल को हमारा परिवार घर पर लेटा हुआ था। जब सुबह 5 बजे मेरी पत्नी जगी तो देखा कि मन्दिर के पास रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ है और मेरी पत्नी ने मुझे जगाया मैने देखा किसी अज्ञात चोर द्वारा मेरे घर मे छत से दरवाजा खोल कर प्रवेश कर अलमारी का ताला तोडकर अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण छोटी कर लिए। जिसमें एक चौन, दो कंगन, बच्चे का लॉकेट, कान के टॉप्स, गले का हार, कान के कुंडल, 8 जोड़ी पाजेब, चूंकि, हाथ की गाड़ल्ली, चांदी का और सामान तथा दो हजार रुपए शामिल था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# दबंगों ने दंपति के साथ की मारपीट

- **सुबह आने के लिए बोलने पर उसने गाली गलौज कर मारपीट की**

**लोनी।** थाना अंकुर विहार की राहुल विहार कालोनी में बुधवार रात तीन दबंगों ने घर में घुसकर दंपति के साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

राहुल विहार कालोनी निवासी फुरकान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह थाना लोनी के टोली मोहल्ला निवासी मतीन के साथ एसी रिपेयरिंग का कार्य करते हैं। दोनों के बीच में करीब 35 हजार रुपये का लेन देन बकाया है।

पैसे मांगने पर वह अक्सर टालमटोल करता है। आरोप हैं कि बुधवार रात करीब 11 बजे वह घर पर आया और हिसाब मांगने लगा। सुबह आने के लिए बोलने पर उसने गाली गलौज कर मारपीट की। इसी बीच उनकी पत्नी भी मौके पर पहुंच गई तो आरोपी ने अपने दो साथियों नदीम और फैजान को फोन करके बुला लिया। उसके बाद तीनों ने दंपति के साथ मारपीट की।

मारपीट में दंपति चोटिल हो गये। आरोपियों के जाने के बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रहीं है।

# शहर के नए पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने संभाला कार्यभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शहर के नए पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने अपने नए पद का कार्यभार संभाल लिया है। पुलिस जवानों ने सलामी देकर उनका स्वागत किया। उसके बाद उन्होंने अधिकारियों और जवानों का परिचय लिया और जानकारी ली।

# भाजपा की बैठक जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भाजपा जिला गाजियाबाद की बैठक जिला कार्यालय नेहरू नगर गाजियाबाद में भाजपा जिला अध्यक्ष चौन पाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह ने भाजपा के आगामी आयाम एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की केंद्र की माननीय नरेंद्र मोदी सरकार ने पूरे देश भर में होने वाले लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित किया है।



वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर सामाजिक स्तर पर हम सभी को समर्थन जुटाना है ताकि एक राष्ट्र एक चुनाव से सरकारी संसाधनों की बर्बादी रुकेगी सुरक्षा बलों पर दबाव कम होगा और नागरिक एक साथ मतदान कर पाएंगे जिससे भागीदारी बढ़ेगी और लोकतंत्र और सशक्त बनेगा भाजपा प्रदेश द्वारा बनाए गए जिला समनवक पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल ने बताया की प्रत्येक जिले से नगर पालिका एवं नगर पंचायत से समर्थन पत्र लेकर माननीय राष्ट्रपति जी को स्पीड पोस्ट करना है।

वन नेशन वन इलेक्शन अभियान में महिला मोर्चा युवा मोर्चा किसान मोर्चा एवं एंजियो प्रकोष्ठो को सम्मेलन करने है इसी के तहत एक प्रबुद्ध जन समागम भी जिले में कराया जाना है जिसमें प्रभुदजनों की भागीदारी होगी सांसद एवं मान्य विधायक को भी विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने हैं।

बैठक में मुख्य रूप से वर्तमान जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान जितेंद्र चित्तौड़ा रामकुमार त्यागी सुधीर पगड़ी अमित चौधरी नवीन जायसवाल सोलत पाशा वीरेंद्र यादव कोमूदी चौधरी पवन सोम हिमांशु शर्मा देवेंद्र चौधरी राजकुमार यादव अनिल प्रजापति राहुल श्याम सुंदर राहुल बैसला प्रदीप गहलोत आकाश गौतम सुदेश भारद्वाज धजय खारी विनय गुर्जर सलाउद्दीन सैफी संजय चौधरी देवेंद्र सांगवान रविंद्र पवार अनुज त्यागी जयवीर जिले सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अब दिव्यांग बच्चों को मिलेगी उच्च शिक्षा, पहला समेकित विद्यालय तैयार

**गाजियाबाद।** मसूरी में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय की शुरूआत की गई है। जिले का यह पहला सरकारी स्कूल होगा, जहां दिव्यांग बच्चों को शिक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी।

जिले में दिव्यांगों के लिए विशेष विद्यालय न होने के कारण दिव्यांगों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए मेरठ या दिल्ली का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब विद्यालय की शुरूआत होने से दिव्यांगों को दूर नहीं जाना पड़ेगा। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगों को स्कूल का लाभ मिल सके।

**दो सौ बच्चों की क्षमता**



मसूरी स्थित समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय 2024 में बनकर तैयार हुआ था। 2018 में शासन को समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। करीब 25 करोड़ की लागत से समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय बनकर तैयार हुआ है। विद्यालय में दिव्यांग छात्रों के साथ-साथ सामान्य छात्र भी शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। विद्यालय को दिव्यांग छात्रों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है, जिससे विद्यालय में दिव्यांग छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। विद्यालय में कुल 200 छात्र शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे।

**सीडीओ का प्रयास**

हॉस्टल की सुविधा भी उपलब्ध: विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले सामान्य और दिव्यांग छात्रों के लिए हॉस्टल की सुविधा भी उपलब्ध होगी। करीब सात करोड़ रुपए की लागत से हॉस्टल तैयार किया गया हैं। फिलहाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य का चार्ज गाजियाबाद के दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के पास है।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से संपर्क कर दाखिले से संबंधित जानकारी हासिल की जा सकती है। समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय में आधुनिक लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, एक्टिविटी रूम, रसोईघर डाइनिंग रूम और खेल के लिए निर्धारित स्थान बनाया गया है।गाजियाबाद के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के मुताबिक शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर**

वाद संख्या- 264/2024

श्रीमती गुरमीत कौर आयु 31 वर्ष पत्नी शनि उर्फ सनी देओल पुत्री रोहिताश सिंह हाल निवासी ग्राम चमरिया (भागूवाला) थाना मण्डावली, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश, पिन कोड- 246749

मो.नं.-7906359939 वादनी

**बनाम**

शनि उर्फ सनी देओल आयु 33 वर्ष पुत्र प्रीतम निवासी मकान नं.- एच.-378 निवासी मौ. शहीदनगर, थाना साहिबाबाद, तहसील गाजियाबाद, जनपद गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, पिन कोड- 211006

मो.नं.- 7428229019

धारा 125 सीआरपीसी

थाना-मण्डावली

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 30.04. 2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 30.04.2025

**प्रधान न्यायाधीश**
**परिवार न्यायालय**
**बिजनौर (उ.प्र.)**

**Name correction**

In my passport my father name Nareandera Yadav wrongly published by mistake my father correct name is Narendra Yadav for all future purpose.

Rohit Yadav S/o
Narendra Yadav R/o-
1468 Kaveri Tower mah-
agunpuram NH-24
Mehrauli Ghaziabad.

**अदालती सूचना**

**न्यायालय सिविल जज (सी0 डि0),**
**जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थित श्रीमति नेहा बनोधिया, पी.सी.एस. जे**
**विविध वाद सं0- 62 सन् -2025**
**(कम्प्यूटर नं0 205/2025)**

1. अनुराधा सक्सैना पत्नी स्व० श्री विकास सक्सैना, उम्र 41 वर्ष आधार सं०-455888234799. 2. शौर्य सक्सैना पुत्र स्व० श्री विकास सक्सैना, उम्र करीब 14 वर्ष (संरक्षिका माँ) निवासीगण- सी-180 एस-1, रामप्रस्थ कॉलोनी, गाजियाबाद, तहसील व जिला गाजियाबाद।

...........प्रार्थी/वादी

**बनाम**

1. ऊषा सक्सैना पत्नी स्व० श्री सतीश चन्द सक्सैना निवासी- ए-8/2 ईस्ट बलदेव पार्क पोस्ट कृष्णानगर दिल्ली-110051.

.........प्रतिवादी/विपक्षी

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमान जी, श्री अनुराधा सक्सैना, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनरा. शि रूपया अंकन लगभग 7,05,741.58/- रूपये स्व० सुरेश सक्सैना व अनिता सक्सैना के अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 15.05.2025 नियत की जाती है। अतः यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रातः 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 08.04.2025 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण।

7,05,741.58/-रूपये

**आदेशानुसार**
**(चन्द्रबीर)**
**मुंसरिम सिविल जज**
**(सी0डि0) गाजियाबाद।**

# कांग्रेस ने निकाली भाजपा की अर्थी यात्रा



**गाजियाबाद।** लोनी की जन समस्याओं को लेकर को धनु रेस्टोरेंट खन्ना नगर से जन आक्रोश अरथी यात्रा उत्तर प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस अकबर चौधरी के नेतृत्व में निकाली गई। इस दौरान लोनी नगर पालिका पर उप जिला अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया। गाजियाबाद जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार के द्वारा लोनी में चुनाव में बड़े-बड़े वादे विकास के मुद्दों को लेकर किए गए थे परंतु आज भी लोनी के रास्तों की हालत दिन-ब-दिन दर से बदत्तर होती जा रही है। वहीं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फिल्म स्टार राज बब्बर के राजनी. तिक सलाहकार नरेंद्र राठी ने बताया कि लोनी के अंदर भाजपा के विधायक है और भाजपा के सहयोगी दल की चेरमेन है, परंतु उनके द्वारा लोनी में कोई विकास के कार्य नहीं कराया जा रहे हैं सिर्फ लोनी की जनता से झूठे वादे किया।

अकबर चौधरी ने बताया कि लगातार लोनी उप जिला अधिकारी को लोनी के मुद्दों पर ज्ञापन देने के बाद भी कोई कार्य नहीं किया गया, इसलिए आज मजबूर होकर विकास के मुद्दों को लेकर मजबूर होकर अरथी जनाक्रोश यात्रा निकाली। जिसमें मुख्य रूप से सेवा दल कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंडित सुनील शर्मा, पूर्व किसन उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश चौधरी खाली नंबरदार, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सद्दाम चौधरी, पूर्व जिला महासचिव सलीम इदरीश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता युनुस खान, महिला पूर्व नगर अध्यक्ष शोना खान, अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष वारिस खा, जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस नीरज शमा, पूर्व जिला सचिव जाकिर इदरीश, पूर्व महानगर उपाध्यक्ष हाजी खालिद रगरेज, जिला महासचिव कामिल मिर्जा, परवेज चौधरी, इजराइल भाई, आलम भाई, कांग्रेसी कार्यकर्ता सैकड़ो की तादात में मौजूद रहे।

## सड़क पर सुरक्षित यात्रा के लिए हेलमेट बांटे गए

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब गाजियाबाद सफायर ने लोगों को हेलमेट बांटकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान रोटरी क्लब सफायर की अध्यक्ष अलका सिंघल, सचिव. रिंकी अग्रवाल व क्लब ट्रेनर, अनु गर्ग के साथ निशा गर्ग सारिका गोयल, आराधना, मिली गोयल पारुल गर्ग और मनीषा अग्रवाल ने भाग लिया। रोटरी क्लब गाजियाबाद सफाय ने सड़क सुरक्षा को देखते हुए लोगों के जीवन को बचाने की मुहिम चलाई हुई है। बता दें कि नोएड़ा से चलकर आगे जाने वाले लोगों के लिए यह सुविधा रखी गई है।

# साइबर स्कैमरों को बैंक खाते कमीशन पर बेचने वाले दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साइबर स्कैमरों को बैंक खाते कमीशन पर बेचने का धंधा करने वाले दो धोखेबाजों को साउथ वेस्ट थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो स्मार्ट फोन बरामद किए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १९ फरवरी को साइबर थाना पुलिस को महेश नामक व्यक्ति से एक शिकायत मिली थी। जिन्होंने बताया कि भारतीय सेना में सूबेदार के रूप में नौकरी करते हैं। उनको शेयर बाजार में में पैसा लगाकर अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा देकर मिस अयाना जोसेफ ने धोखा दिया है। उसने आरोपी के कई खातों में १५ लाख ९२ हजार ९ सौ ६२ रुपये जमा किए थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि शुरुआत में उसको हैरान करने वाला मुनाफा दिखाया गया। लेकिन जब उसने उस मुनाफे में से आठ लाख रुपये निकाले के लिये कहा। आरोपियों ने उसको सेवा शुल्क आदि चार्ज देने के लिये कहा। आरोपियों के झांसे में एक बार फिर आकर उसने करीब पांच लाख रुपये जार्च के तौर पर उनके खाते में जमा कर दिये थे। बाद में पता चला कि उसके नाम पर कोई डीमैट खाता नहीं खोला गया था और ट्रेडिंग ऐप फर्जी था। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

शिकायतकर्ता से फोन नंबर,बैंक खातों की डिटेल लेकर जांच शुरू की। पता चला कि ठगी गई राशि के आठ लाख रुपये को डांडिया बाजार, भास्कर वि;ल नि वडो, वडोदरा, गुजरात के रहने वाले गायकवाड़ अनिकेत सुनील कुमार के ऑफ महाराष्ट्र बचत खाते में जमा किये गए थे। उन्ही रुपये को बाद में गोहिल आकाश राजेशभाई के बैंक ऑफ बड़ौदा खाते में ट्रांस्फर कर दिया गया था। फिर चेक का उपयोग करके रुपये दूसरे खाते से निकाल लिये गए। बैंक खातों से जुड़े मोबाइल नंबरों के तकनीकी विश्लेषण और बिचौलियों यानी गूगल और व्हाट्सएप की मदद से यह पता चला कि आरोपी गुजरात के भावनगर और वडोदरा जिलों से काम कर रहे थे।

इंस्पेक्टर विकास कुमार की टीम ने आकाश गोहिल को गुजरात से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि उसने राजेश राणाभाई राजिया उर्फ छोटू गढ़वी के कहने पर पिछले साल दिसम्बर में बैंक ऑफ बड़ौदा खाता खोला था, जिसने उसे जमा राशि पर डेढ़ पर्सेंट कमीशन देने का वादा किया था। बीते सात जनवरी को छोटू ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाते से उसके खाते में ८ लाख जमा किए और उसे नकद में पैसे निकालने का निर्देश दिया। आकाश ने चेक के माध्यम से पैसे निकाले, अपना कमीशन रख लिया और शेष राशि छोटू को सौंप दी।

## राजस्थान व गुजरात में छापेमारी, पांच धरे

**नई दिल्ली।** द्वारका साइबर पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत राजस्थान के जयपुर,जोधपुर और गुजरात के अहमदाबाद से पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जाकिर,करण स्वामी,जावेद,तेजस और मोहम्मद सो. हेल उर्फ साहिल के रूप में हुई है। आरोपी तीन अलग अलग स्कैम करके पीडिष्तों से लाखों रुपये ऐंठ चुके थे। जिसमें क्रेडिट कार्ड की सुविधा देना,खुद को रिश्तेदार बनकर बैंक खाते में जमा राशि के बारे में फर्जी एसएमएस भेजना और ऑनलाइन नौकरी के नाम पर लाइक और शेयर करना और निवेश करना था। आरोपियों के पकड़े जाने के बाद तीन वारदातों का खुलासा करके एक फोन,सिमकार्ड बरामद करके उनके बैंक खातों की जाचं करने पर पता चला कि अभी तक खातों से पचास लाख रुपये से अधिक का लेनदेन हो चुका है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए अपने विधानसभा क्षेत्र में विधायक करेंगे उपयुक्त स्थानों की पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करेंगे। वे सभी पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने में भी सहयोग करेंगे। १.६९ लाख आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। अब इन्हें वितरित किया जाना है। इसके लिए हर जिले में अभियान चलाया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना का प्रभावी और त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंत्रियों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में आयुष्मान आरोग्य कार्ड वितरण, लाभार्थियों की पहचान, जागरूकता अभियान और सेवाओं के विकेन्द्रीकरण जैसे योजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। जन प्रतिनिधियों से आयुष्मान कार्ड वितरित करने में सहयोग करने का अनुरोध किया गया है।

७० वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को योजना का तत्काल लाभ दिलाने पर भी विशेष जोर दिया गया। इसके लिए सभी जन प्रति. निधियों से ७० वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की सूची तैयार करने को कहा गया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए जल्द ही 'वय वंदना योजना' लागू की जाएगी, जिसका लाभ दिल्ली के सभी बुजुर्गों को मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, दिल्ली में कुल ११३९ आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जाएंगे। हर विधानसभा क्षेत्र में १४ से १५ आरोग्य मंदिर खोले जाएंगे। इसमें सामान्य स्वास्थ्य परामर्श, स्वास्थ्य जागरूकता, प्राथमिक उपचार और निवारक दवा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

सभी जनप्रतिनिधियों और जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में आरोग्य मंदिर शुरू करने के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करने को कहा गया है। अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर उपयुक्त स्थानों की सूची स्वास्थ्य विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक जिले में एक एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला और नौ क्रिटिकल केयर ब्लॉक भी बनाए जाएंगे।

# कौसर जहां ने किया हज यात्रियों के टीकाकरण शिविर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सउदी अरब के शहर मक्का और मदीना जाने वाले हाजियों की पवित्र हज यात्रा के लिए उड़ानों का सिलसिला इस माह की ३० तारीख से शुरू होगा। इस से पहले हर साल की तरह इस वर्ष भी दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यालय हज मंजिल में हज यात्रियों के टीकाकरण के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया। टीकाकरण शि. विर के उद्घाटन अवसर पर दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने टीकाकरण शिविर में मौजूद हज यात्रियों विशेष कर महिला हज यात्रियों से मुलाकात कर उनको हज पर जाने की मुबारकबाद दी। उन्हों ने बताया कि इस वर्ष पवित्र हज यात्रा को पिछले वर्षों की तुलना में अधिक से अधिक व्यवस्थित रुप से चलाने के लिए कई प्रकार की नई व्यवस्थाएं की गईं हैं।

हज यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े, इस के लिए हम ने हज मंजिल में कई नई सुविधाओं को सुनिश्चित किया है। हज यात्रियों को सउदी रियाल, ट्रैवल कार्ड, हज सुविधा ऐप प्रशिक्षण डेस्क से लेकर आगामी दिनों में हज कैंप में यात्रियों के आराम से ठहरने के लिए वातानुकूलित हज शिविर, पीने के ठंडे पानी की भी व्यवस्था की जा रही है। इसी प्रकार चूंकि इस वर्ष ३० अप्रैल से लेकर ३० मई तक पूरे माह हज उड़ानों का सिल. सिला जारी रहेगा और प्रथम चरण में १५ मई तक सभी हज उड़ानें मदीना जबकि १६ मई से ३० मई तक सभी उड़ानें जद्दा मक्का के लिए जाएंगी। दिल्ली से जद्दा के रस्ते हज पर जाने वाले हज यात्रियों को एहराम बांधने के लिए भी इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल ३ पर हाजियों को एहराम बांधने की व्यवस्था भी की जा रही है।

दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस साल हज यात्रियों की सुविधा के लिए टीकाकरण की व्यवस्था हज उड़ानों के अनुसार की जा रही है और यात्रियों को व्यक्तिगत स्तर पर कॉल कर के उनकी हज उड़ान के अनुसार ही टीकाकरण के लिए बुलाया जा रहा है।



हज मंजिल में कौसर जहां हज यात्रियों के टीकाकरण शिविर का उद्घाटन करती हुईं।

# आप नेता दुर्गेश पाठक के घर पर सीबीआई की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और गुजरात के सह-प्रभारी दुर्गेश पाठक के घर पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को छापेमारी की। सीबीआई ने विदेशी फंडिंग से जुड़े मामले में यह छापेमारी की है। सीबीआई ने कल इस मामले में एक केस दर्ज किया था।

सीबीआई की छापेमारी को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए हमला बोला है। आप ने कहा कि पिछले गुजरात चुनाव की वजह से भाजपा की केंद्र सरकार ने आम आदमी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार करना शुरू किया था और अब दुर्गेश पाठक को गुजरात की जिम्मेदारी मिली है तो आज सीबीआई ने उनके घर छापा मार दिया है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा, ष्आम आदमी पार्टी ने जैसे ही गुजरात चुनाव की तैयारी शुरू की, गुजरात के सह-प्रभारी दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई रेड करने पहुंच गई। गुजरात में आम आदमी पार्टी ही भाजपा को चुनौती दे सकती है और यह रेड इनकी बौखलाहट दिखा रही है। इतने सालों मे भाजपा को समझ नहीं आया कि हम उनकी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। इसी क्रम में आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा, गुजरात चुनाव २०२७ की जिम्मेदारी मिलते ही दुर्गेश पाठक के घर पर सीबीआई की रेड... ये कोई इत्तेफाक नहीं, ये बीजेपी की डर से निकली हुई साजिश है।

# दिल्ली पुलिस ने लाउडस्पीकर को लेकर नए निर्देश जारी किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने लाउडस्पीकर को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। अब किसी भी धार्मिक स्थल पर लाउडस्पीकर तय मानकों से तेज नहीं बजेगा। किसी भी जगह लाउडस्पीकर लगाने पर पुलिस से परमिशन लेनी होगी। सार्वजनिक स्थलों पर लाउडस्पीकर या पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रयोग बिना अनुमति के नहीं किया जा सकता। टेंट हाउस से लाउडस्पीकर लेने पर भी पुलिस परमिशन होना जरूरी होगा।

सार्वजनिक स्थानों पर ध्वनि स्तर अधिकतम १० कठ(।) तक ही सीमित होगा। निजी स्वामित्व वाली ध्वनि प्रणाली की आवाज निर्धारित सीमा से ५ कठ(।) से अधिक नहीं होनी चाहिए। इंडस्ट्रियल एरिया में सुबह ६ बजे से रात १० बजे तक ७५क्ठ आवाज की इजाजत और रात १० बजे से सुबह ६ बजे तक ७०क्ठ ध्वनि का पैमाना तय किया गया। रेजिडेंशियल एरिया में सुबह ६ बजे से रात १० बजे तक ५५क्ठ आवाज की इजाजत और रात १० बजे से सुबह ६ बजे तक ४५क्ठ ध्वनि का पैमाना तय किया गया। साइलेंस जोन में सुबह ६ बजे से रात १० बजे तक ५०क्ठ आवाज की इजाजत और रात १० बजे से सुबह ६ बजे तक ४०क्ठ ध्वनि का पैमाना तय किया गया। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी टेंट, लाउडस्पीकर और जनरेटर आपूर्तिकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जाने चाहिए कि वे स्थानीय पुलिस की लिखित अनुमति के बिना उपयोगकर्ताओं को उपकरण न दें। जिला डीसीपी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपूर्तिकर्ता इस आवश्यकता का अनुपालन करें और अनुपालन न करने वाले आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। लाउडस्पीकर/पब्लिक एड्रेस सिस्टम के अनुचित प्रयोग पर १०,००० का जुर्माना और उपकरणों की जब्ती होगी

# डिफेन्स कॉलोनी का बदहाल नाला रख-रखाव के अभाव में बदतर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र के नाले का फिल्टरेशन प्लांट तक चालू नहीं है। इसमें गंदा पानी भी गिर रहा है। ऐसी कई खामियां हैं, जिनका खुलासा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की ओर से नियुक्त कोर्ट कमिश्नर वकील राहुल खुराना ने १५ अप्रैल को सौंपी रिपोर्ट में किया है।

डिफेंस कॉलोनी स्थित नाले तक पहुं. चने के लिए बगल की सड़क से रैंप के माध्यम से केवल तीन प्रवेश बिंदु हैं। इनमें से एक टिन शीट से ढका मिला। दूसरा तारपो. लिन से ढका था। तीसरे में ११ अप्रैल को एक जेसीबी नाले की सफाई करती मिली। यहां नाला का बहाव ठहरा था।एनजीटी यमुना नदी में गिरने वाले २४ नालों की सफाई के मामले में सुनवाई कर रही है। ऐसे में जमीनी हकीकत जानने और डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र में नाले की सफाई के लिए ९ अप्रैल को पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था। उन्हें निर्देश दिए थे कि वह साइट का दौरा करेंगे। गाद हटाने के काम की सीमा का पता लगाएंगे।

साथ ही, साक्ष्य के साथ पांच दिन में रिपोर्ट देंगे। निरीक्षण के दौरान एमसीडी अधिकारी और आरडब्ल्यूए डिफेंस कॉलोनी के पदाधिकारी भी शामिल रहें। कवर किए गए कंक्रीट क्षेत्र में कई चौकोर आकार के मैनहोल थे, जो नीचे बहने वाले नाले तक पहुंच प्रदान करते थे। इनमें से अधिकतर में दरारें और टूटे हुए ढक्कन थे। इन टूटे हुए मैनहोल से हल्की दुर्गंध आ रही थी। कुछ स्थानों पर खुदाई के पाइप टूटे हुए और जमीन पर गिरे हुए मिले। फिल्ट्रेशन प्लांट के नीचे नाली में ठोस कचरा मिला है। बारिश के पानी का संचय करने के लिए बनाया गया गड्ढा कंक्रीट स्लैब से ढका है। रिंग रोड पुलिया के नीचे नाले के दोनों ओर एक बिंदु मलबे से भरा मिला। कंक्रीट कवर के शुरुआती बिंदु के ठीक नीचे, प्लास्टिक कचरा भारी मात्रा में मिला। कोर्ट कमिश्नर ने दिए सुझाव हैं कि गाद को तुरंत क्षेत्र से हटाया जाए, इसे जमा नहीं होने देना चाहिए। इसे सुरक्षित तरीके से निपटाया जाए। नाला जहां दिखाई देता है, वहां कचरा भरा हुआ है। कई छिद्रों और दरारों में दुर्गंध और बदबू आ रही थी। ऐसे में नाला की सफाई हो और प्रवेश द्वार पर गाद हटाई जाए। अन्य दोनों रैंप पर गाद हटाने का एक साथ काम किया जाना चाहिए। हर साल मानसून में दिल्ली में जलभराव बड़ी चुनौती बनता है।

## यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए बड़ी योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की व्यय वित्त समिति की पहली बैठक में यमुना की सफाई और दिल्ली में परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अहम फैसले लिए गए। यमुना में गंदा पानी गिरने से रोकने के लिए २७ विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (डीएसटीपी) बनाने को मंजूरी दी गई। टेंडर के १८ महीने के अंदर इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही टर्मिनल सीवेज पंपिंग स्टेशन (एसपीटी) का निर्माण किया जाएगा।

सीवर व्यवस्था को भी मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में व्यय वित्त समिति की पहली बैठक हुई। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि यमुना की सफाई के लिए बहुपक्षीय और चरणबद्ध कार्ययोजना लागू की जा रही है। इसमें नालों की सफाई, सीवर नेटवर्क का विस्तार, आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। इसी क्रम में आज सरकार ने २७ डीएसटीपी के निर्माण को मंजूरी दी है। ३१४० करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में डीएसटीपी, टर्मिनल एसपीएस, दिल्ली गेट पर १० एमजीडी एसटीपी का निर्माण और रखरखाव शामिल है। सीवर लाइन को डीएसटीपीएस से जोड़ा जाएगा। घरों में सीवर कनेक्शन और उनसे जुड़े सभी तकनीकी काम किए जाएंगे।




दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख -अतुल गर्ग एनडीएमसी के अग्निशमनकर्मी को सम्मानित करते हुए।

# एनडीएमसी ने किया अग्नि सुरक्षा प्रदर्शन व सेमिनार आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, में एकजुट होकर जगाए, अग्नि सुरक्षित भारत थीम के तहत चल रहे अग्निशमन सेवा सप्ताह २०२५ के दौरान ऊंची इमारतों में अग्नि सुरक्षा पर एक सेमिनार का आयोजन किया और अग्नि सुरक्षा उपायों प्रदर्शन भी किया।

कर्मचारियों और नागरिकों के बीच अग्नि सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने और तैयारियों को बढ़ाने के लिए शुरू किए गए एक सक्रिय कदम में, दिल्ली अग्निशमन सेवा के सहयोग से एनडीएमसी के अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निशमन उपकरणों, अन्य उपकरणों, कौशल और तकनीकों के लाइव प्रदर्शन के साथ-साथ ऊंची इमारतों में अग्नि सुरक्षा पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनडीएमसी की निदेशक (अग्निशमन सेवा) अलका बिजलानी ने कहा कि अग्नि सुरक्षा केवल एक सप्ताह तक की निगरानी का विषय नहीं है, यह दैनिक दिनचर्या में सजग रहने का विषय है। उन्होंने बताया कि एनडीएमसी अग्निशमन विभाग नियमित रूप से स्कूलों, अस्पतालों, बिजली सब स्टेशनों, वृद्धाश्रमों, कार्यालयों और बाजार क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता है। सामान्य जागरूकता के माध्यम से हम अग्नि सुरक्षा के बारे में निवारक उपाय करने का प्रयास करते रहते हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख -अतुल गर्ग ने एनडीएमसी के अग्निशमन कर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक अग्निशमन कर्मी की यह बड़ी जिम्मेदारी है कि वह हर आग लगने की घटना या आपदा के बारे में सभी को सचेत करे। हमारी ड्यूटी बहुत कठिन है और हमारा कार्य क्षेत्र बहुत असुविधाजनक और खतरनाक है। हमें हर स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, इसलिए हमें अपना कर्तव्य निभाने में कोई चूक नहीं करनी चाहिए। उन्होंने सेमिनार में उपस्थित छात्रों से मित्रों, परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों के बीच अग्नि सुरक्षा और निवारक उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने का भी आग्रह किया।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024-25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 04**

**निविदा संख्या 10255028A खुलने की तिथि 28.04.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा के खंड 9 सामान्य निर्देश और खंड 10 अन्य निर्देश संशोधित किए गए हैं। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह द्वितीय शुद्धिपत्र है।

**दिनांक:** 16.04.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1147/25

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024-25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 02**

**निविदा संख्या 10255030A खुलने की तिथि 28.04.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा के आइटम विवरण, खंड 9 सामान्य निर्देश, खंड 10 अन्य निर्देश और भाग (डी) में दस्तावेज़ (कंबल कवर ड्राइंग) को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह द्वितीय शुद्धिपत्र है।

**दिनांक:** 16.04.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1150/25

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024-25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 03**

**निविदा संख्या 10255033A खुलने की तिथि 28.04.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा के खंड 9 सामान्य निर्देश और खंड 10 अन्य निर्देश संशोधित किए गए हैं। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह द्वितीय शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 16.04.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1152/25

# पिछली सरकार ने स्कूलों को मनमानी करने की छूट दी : शिक्षा मंत्री सूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इन दिनों दिल्ली में निजी स्कूलों में बढ़ी हुई फीस को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। अभिभावकों ने स्कूलों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है तो वहीं दिल्ली सरकार ने पिछली सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि राजधानी दिल्ली में भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है। पिछली सरकारों ने प्राइवेट स्कूलों को खुली छूट दी। आम आदमी पार्टी केवल आरोप लगाकर भगाने का काम करती है। डीपीएस आरके पुरम के बारे में अरविंद केजरीवाल जो आज बयान दे रहे हैं। उस स्कूल के १०० पेज कटिंग के मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पेश किए हैं। आगे कहा कि कल डीपीएस द्वारका के संदर्भ में कोर्ट के द्वारा पास ऑर्डर किया गया। आप सभी के सामने पेश कर रहा हूं। लड़ाई तथ्यों के आधार पर इस तरह से लड़ी जाती है। दिल्ली में शिक्षा इतिहास में पहली बार डीएम की पॉवर का इस्तेमाल करते हुए स्कूल में कमेटी भेजी। दिल्ली में फीस बढ़ोतरी को लेकर अब तक ६०० से ज्यादा निजी स्कूलों का ऑडिट किया जा चुका है। बिना मंजूरी के मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने पर स्कूल की मान्यता वापस लेने और स्कूल प्रबंधन को अपने नियंत्रण लेने के संबंध में दस से ज्यादा स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है। शिक्षा निदेशालय की स्कूलों के ऑडिट को लेकर यह कार्रवाई जारी रहेगी। निदेशालय के अनुसार १६ अप्रैल २०२५ तक दिल्ली भर में ६०० से अधिक निजी स्कूलों का निरीक्षण किया गया। शेष स्कूलों का निरीक्षण भी जल्द पूरा होगा। निदेशालय ने मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने के मामले में मुनाफाखोरी और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने वाले स्कूलों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

# विधानसभा के मानसून सत्र में होगी कागज मुक्त कार्रवाई: विजेंद्र गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। नई दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज कहा, "हम दिल्ली विधानसभा में NEVA (नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन) क्रियान्वयन के अंतर्गत नवीनतम तकनीकी से लैस सॉफ्टवेयर और ऐप का प्रयोग करेंगे। जुलाई में प्रस्तावित विधानसभा का अगला सत्र पूरी तरह से पेपरलेस होगा।"

गुप्ता आज ओडिशा विधानसभा के दौरे पर थे, उनके साथ गए दिल्ली विधानसभा प्रति. निधि मंडल में विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट भी थे। विजेंद्र गुप्ता और मोहन सिंह बिष्ट ने प्रतिनिधि मंडल के साथ छम्ट। परियोजना के अंतर्गत विकसित हो रहे सॉफ्टवेयर, गैजेट्स और ऐप्स का अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी और मुख्यमंत्री श्री मोहन चरन मांझी ने दिल्ली से आए प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और NEVA के कार्यान्वयन से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की।गुप्ता ने कहा, "ओडिशा विधानसभा देश की सबसे नई छम्ट। प्रणाली से जुड़ी विधानसभा है। यहाँ की तकनीक बहुत अच्छी और नई है। ओडिशा ने दूसरे राज्यों से सीखकर एक अच्छा तरीका अपनाया है।

अब दिल्ली विधानसभा इस तरीके को समझेगी और उसे और बेहतर बनाकर अपनाएगी।" गुप्ता ने यह भी बताया, "हमने NEVA के ऐप्स, सॉफ्टवेयर, डैशबोर्ड और वॉर रूम जैसे तंत्रों की कार्यप्रणाली को निकट से समझा। प्रतिनिधि मंडल ने सेवा केंद्रों में जाकर यह भी देखा कि किस प्रकार तकनीक के माध्यम से विधायी कार्यों को सहज और पारदर्शी बनाया गया है।" गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली विधानसभा भविष्य में आवश्यकता अनुसार ओडिशा मॉडल की तकनीक को अपनाएगी। उन्होंने कहा, "हम ओडिशा के विशेषज्ञों को दिल्ली विधानसभा में आमंत्रित करेंगे ताकि उनके अनुभवों का लाभ हमें मिल सके। हमारा उद्देश्य है कि दिल्ली विधानसभा तकनीक के क्षेत्र में भारत की अग्रणी विधानसभा बने और अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत करे।" गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वन नेशन, वन एप्लीकेशन' अभियान को लेकर भी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा, "दिल्ली विधानसभा इस डिजिटल क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाएगी। न केवल कार्यवाही अधिक प्रभावी होगी, बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। ई-विधान एप्लीकेशन से विधायी कार्यों में पारदर्शिता और गति आएगी।"

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभि./ गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| N.I.T No. | GSU_DLI_SNT_11 dated 17.04.2025 |
| कार्य का नाम | दिल्ली रेलवे मंडल के सब्जी मंडी स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ सिग्नलिंग गियर्स का प्रतिस्थापन करते हुए सिग्नलिंग और टेलीकॉम सामग्रियों की आपूर्ति सहित м/s क्योसान मेक के EI के बैलेंस आउटडोर और इनडोर कार्यों के लिए टेंडर। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अनुमानित लागत | ₹ 1,81,46,804.43/- | धरोहर राशि | ₹ 2,40,700.00/- | समापन अवधी | 06 Months |

| | |
|---|---|
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 09.05.25 को 11:30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 09.05.25 को 11:30 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या.: GSU_DLI_SNT_11 Dated: 17.04.2025

1155/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आईजीआरएस की शिकायतों का समय से निस्तारण करें विभागाध्यक्ष

## समय से शिकायतों का निस्तारण न करने पर डीएम ने दी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतवानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की गई तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिक. ारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों की अनदेखी या विलंबित कार्रवाई को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रत्येक विभागाध्यक्ष को यह सुनिश्चित करना होगा कि पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक संदर्भ का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर हो। डीएम ने सड़क सुरक्षा पर चर्चा करते हुए कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यवस्थित योजना और ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने सड़क संकेतों की स्थापना, अतिक्रमण हटाने, ब्लैक स्पॉट्स की पहचान और सुधार, स्कूलों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने तथा यातायात नियमों के कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए। इस मौके पर बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अतुल कुमार, नगर पालिका बागपत अधिशासी अधिक. ारी के के भड़ाना, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग तथा संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।



# प्राथमिक विद्यालय में बच्चों ने किए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चमरावल गांव की प्राथमिक विद्यालय नम्बर दो की बिल्डिंग जर्जर होने पर नये भवन का निर्माण कराया गया जिसके उदघ्याटन पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

चमरावल गांव के प्राथमिक विधालय नम्बर दो की बिल्डिंग जर्जर हो गयी थी जिसमे हादसे का खतरा बना रहता था। शासन आदेश अनुसार विधालय में नये भवन का निर्माण कराया गया। वही गुरूवार को उद्घाटन के मौके पर बच्चों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी निशा रानी को बच्चों ने फूल देकर स्वागत किया। वही बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस मौकें पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए ग्राम प्रधान केशव त्यागी ने कहा कि बच्चों की शिक्षा ही बच्चों का भविष्य बनाती है। कार्यक्रम के बाद बच्चों को कापी, पेनिल किट देकर सम्मानित किया गया। वही खण्ड शिक्षा अधिकारी निशा रानी ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे मे बताया और लगन से शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। इस मौकें पर ग्राम प्रधान केशव त्यागी, पूर्व प्रधान प्रदीप, प्रशांत त्यागी, प्रधानाध्यापक स्नेह धीरियाण आदि मौजूद रहे।




# नवागंतुक एसपी ने किया कार्यभार ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नवागंतुक एसपी सूरज कुमार राय ने गुरूवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बागपत पहुंचने पर नए एसपी का पुष्प गुछ देकर स्वागत किया गया और पुलिस कर्मियों ने उन्हें गार्ड ऑफ आनर्स दिया। इसके बाद एसपी ने अपना कार्यग्रहण किया और कार्यालय में विभागों की जानकारी ली। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह व सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी मौजूद थे। निवर्तमान एसपी अर्पित विजय वर्गीय बुधवार को ही एसपी को चार्ज सौप कर अपने नई तैनाती वाले स्थान के जिए रवाना हो गए थे।



# अधिशासी अधिकारी पर सभासदों ने लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर पालिका सभासदों ने ईओ नगर पालिका के विरूद्ध मोर्चा खोलते हुए उन पर सभासदों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। सभासदों ने ईओ के खिलाफ एक दस सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ईओ के व्यवहार से सभासद काफी व्यथित हैं। सभासदों का आरोप हैं कि नगर में पीने के पानी के लिए वाटर कूलर लगे हुए हैं। उनका आरोप है कि करीब सभी वाटार कूलर खराब पडे हैं और उनमें पीने योग्य पानी नही आ रहा है, जिससे वाटर कूलर मात्र शोपीस बनकर रह गए हैं। आरोप है कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका हैं। इसके बाद बरसात का मौसम आएगा लेकिन अभी तक नाला सफाई का टेंडर नहीं छोड़ा गया है। सभासदों के अनुसार पूर्व कम्पनी सनराइज को 9 लाख रूपये की रिकवरी का नोटिस जारी किया गया है। आरोप है कि इसके बाद भी ईओ ने अपने स्वार्थ के लिए ईओ ने फिर से उसी कम्पनी के पक्ष में टेंडर छोड़कर आपने नौ लोगो का वेतन निकाल रहे हैं। इसके अलावा सभासदों ने ईओ पर जनसुवाई न करने का भी आरोप लगाया है। सभासदों का यह भी आरोप है कि ईओ बोर्ड की बैठक से किनारा करते है और बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ कर चले जाते है। सभसदों ने इस संबंध में डीएम को ज्ञापन देकर ईओं की कार्य प्रणाली की जांच कराकर कार्रवाई कराने की मांग की है।



### नियमानुसार हो रहे हैं सभी कार्य: ईओ

"नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना ने सभासदों के आरोपों पर कहा कि उनके सभी आरोप निराधार हैं। नियम के विरुद्ध कोई कार्य नहीं किया जा रहा है बल्कि सभी कर्मचारियों को नियम के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए। फर्नीचर भी कार्यालय के लिए मंगाया गया है न कि उनके निजी प्रयोग के लिए। उन्होंने बताया कि नगर पालिका कार्यालय में अनुशासन हीनता तथा अव्यवस्था के चलते सभी कर्मचारियों को अनुशासन के लिए कहा गया है जिसे लेकर कुछ कर्मचारियों को बर्दाश्त नहीं हो पा रहा है। यह केवल उनके खिलाफ एक षडयंत्र है।"



## एक नजर

### बुखार से बच्ची की मौत, परिवार में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** एक तीन वर्ष की बच्ची की बुखार के चलते मौत हो गयी जिससे परिजनों में कोहराम मचा है। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है। रटौल निवासी सद्दाम की तीन वर्षीय पुत्री लाइबा को पिछले तीन दिन से बुखार आ रहा था जिसका ईलाज गांव मे ही नीजि चिकित्सक के यहा चल रहा है परिजनों ने बताया की आराम न होने पर बच्ची की मौत हो गयी है जिससे परिजनों का रो रो बुरा हाल है। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है वही कस्बें के लोगो ने गांव मे स्वास्थ्य शिविर लगवाने की मांग की है।

### युद्धवीर सिंह बने यूटा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली में प्राथमिक विघालय के शिक्षक को यूटा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है जिससे ढिकोली मे हर्ष का माहौल है। ढिकोली के प्राथमिक विघालय नम्बर दो के प्रधानाध्यापक युद्धवीर सिंह को यूटा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह जानकारी यूटा के प्रदेश अध्यक्ष डा.मनोज बिश्नोई द्वारा दी गई है। उन्होंने कहा है कि युद्धवीर सिंह के इस पद पर कार्य करने से संगठन को काफी मजबूती मिलेगी।

### प्रवीण पुलस्त्य बने राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर निवासी आवास विकास कालोनी आचार्य प्रवीण पुलस्त्य को राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ का जिलाध्यक्ष बागपत मनोनीत किया गया है। आचार्य प्रवीण पुलस्त्य ने नगर की आवास विकास कॉलोनी बडौत नगर पालिका परिषद वार्ड सदस्यों का चुनाव लड़ा था। इनकी नियुक्ति उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंडित मनीष शर्मा ने की है। आचार्य प्रवीण पुलस्त्य को राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ बागपत जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर आचार्य मधुसूदन शास्त्री आचार्य उमेश शास्त्री आचार्य पंडित संजय शास्त्री नगर पालिका परिषद के के सभासद प्रमोद शर्मा जय कुमार कंडेरा आचार्य मिंटू शास्त्री आचार्य सुमित शास्त्री जय हिंद मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अनिल शर्मा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लव कुश शर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजपाल शर्मा पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य योगेश कौशिक पूर्व प्रधानाचार्य सेवाराम शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम शर्मा वरिष्ठ अधिवद्रा ऋषि कुमार कौशिक वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश शर्मा संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा के प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा के अलावा काफी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बागपत आचार्य प्रवीण पुलस्त्य ने कहा कि जल्दी जनपद बागपत की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा जिसमें समाज के सम्मानित लोगों को साथ लेकर चलने का काम किया जाएगा।

### देवांश का नवोदय में चयन होने पर किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** क्षेत्र के गाँव शबगा निवासी कक्षा 5 के छात्र देवांश वैष्णव सुपुत्र जितेन्द्र कुमार स्वामी (बली स्वामी) का नवोदय में चयन होने पर परिवार का उत्साहवर्धन करते हुए ग्राम सेवा संगठन द्वारा स्मृति चिन्ह, बैंग पटका एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया।

ग्राम सेवा संगठन द्वारा आयोजित देवांश वैष्णव के सम्मान समारोह में देवांश वैष्णव की माता गमन वैष्णव व पिता स्वामी जितेन्द्र कुमार स्वामी (बली स्वामी) को संगठन के सदस्यों ने पटका पहनाकर व उपहार भेंटकर देवांश वैष्णव की सफलता पर शुभकामनायें दी। समारोह में उपस्थित क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों ने देवांश वैष्णव को उपहार भेंट किये। ग्राम सेवा संगठन के प्रेरणा स्रोत समाजसेवी आर.आर.डी. उपाध्याय ने कहा संस्कारों से परिपूर्ण देवांश वैष्णव एक होनहार विद्यार्थी है और ऐसे विद्यार्थी के निर्माण के पीछे उसके माता पिता की तपस्या होती है। शिक्षक केवल मार्ग दर्शन कर सकते है, लेकिन योग्य माता पिता अपने बच्चों को संस्कारों से पोषित कर उनके भविष्य को सुरक्षित करते हुए मार्ग का निर्माण करते है। प्रधानाचार्य अनंगपाल आर्य ने कहा ऐसे होनहार विद्यार्थीयों का उत्साहवर्धन अन्य विद्यार्थीयों के लिए प्रेरणा है ताकि वह भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हो। सम्मान समारोह की अध्यक्षता श्रीपाल शर्मा और संचालन रविकुमार एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर पर मुख्य रूप से अमित कुमार हुड्डा, अंकित उपाध्याय, रविकुमार एडवोकेट, प्रधानाचार्य रविकुमार, अनंगपाल आर्य, समाजस. ेवी आर.आर.डी. उपाध्याय प्रधानाचार्य बिजेन्द्र कुमार गिरि, डा. रामकुमार, प्रधानाचार्य सुनील कुमार आर्य, प्रधानाचार्य कुलदीप पवाँर, रामअवतार, रामनारायण, दलवीर स्वामी, तेजवीर, धर्मपाल, काला स्वामी लीला, जसवंत स्वामी, राखी पंवार, ओमबीर आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस प्रदेश महासचिव सात्वना देने बच्चे के घर पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कांग्रेस महासचिव अहमद हमीद शुक्रवार को गांव डौला में परिजनों को सात्वना देने बच्चे के घर पहुंचे और परिजनों को इस दुख को सहन करने के लिए हिम्मत दी। बताते चले कि गत बुधवार को दोपहर तालाब में नहाते समय डूबने से मौत हो गई थी। बच्चा प्राथमिक विद्यालय नम्बर दो में कक्षा दो का छात्र था।



# पेंशनर्स द्वारा 22 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सेवा निवृत्त कर्मचारियों के संगठन की जनपद बागपत शाखा के पदाधिकारियों द्वारा एक पत्रकार वार्ता का आयोजन जिलाध्यक्ष डा. यशवीर सिंह तोमर के आवास पर किया गया जिसमें जिला मंत्री सुरेन्द्र पाल मोघा शिव ओंकार शर्मा, जयपाल सिंह जावला, यशवीर सिंह तोमर, विरेंद्र सिंह दरा. ेगा ने प्रदेश नेतृव के आहवान पर 22 अप्रैल को जिलाधिकारी कार्यलय पर सुबह 10 बजे से धरना व प्रदर्शन करने की घोषणा की गई।

बताया गया कि धरने के उपरांत प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया जायेगा। ज्ञापन में विशेष रूप से फाईनेन्शियल बिल 2025 के माध्यम से पेंशन. री नियमों में किए गए बदलाव को तत्काल निरस्त कर सेवा निवृत्त होने की तिथि के आधार पर पेंशनर समूह में भेद न पैदा किये जाने की मांग शामिल हैं। केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन की कार्यवाही पूरी करने तथा उसके नियम एवं शर्तों में पेंशन के पुनरीक्षण का विषय भी सन्दर्भित किया जाये। कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण की तिथि एवं वेतन निर्धारण के अनुरूप ही पेंशनरों के पेंशन की तिथि एवं सिद्धांत में समानता रखी जाये। साथ ही कहा जा रहा है कि पेंशनरों की पेंशन राहत का शासनादेश भी कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते के शासनादेश के साथ ही जारी किया जाये। मंहगाई राहत को मंहगाई भत्ते से डी-लिंक न किया जाये। इसके साथ ही देश में एनपीएस व यूपीएस की व्यवस्था के स्थान पर कर्मचारियों एवं शिक्षकों को परिभाषित लाभ योजना ओपीएस ही प्रदान की जाय। पेंशन के राशिकरण की हो रही कटौती दस वर्ष जाये। वहीं धरना प्रदर्शन की सफलता हेतु सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों व शिक्षकों को आहवान किया गया है कि, सरकार द्वारा की जा रही साजिश के विरा. ेध में 22 अप्रैल को अपनी एकता व ताकत का एहसास कराएं।



# तिलवाड़ा में हो रही खुदाई के कार्य पर लगा ब्रेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तिलवाड़ा के टीले पर खोदाई में मिले ताबूतनुमा आकृति, सुराहीनुमा मिट्टी के बर्तनों, तांबे की प्लेट आदि की प्राथमिक जांच के बाद पुरातत्वविदों ने यहां पर चार हजार साल पुराने शवाधान केंद्र होने की पुष्टि कर दी। फिलहाल यहां पर खुदाई पर ब्रेक लगा दिया गया है। वहां चल रही खोदाई पर विराम भी लगा दिया गया और अब वहां से पुरावशेषों को समेटने की तैयारी शुरू कर दी गई। तिलवाड़ा गांव के वरिष्ठ समाजसेवीआर आर डी उपाध्याय बताते हैं कि तिलवाड़ा गांव में खुदाई के दौरान काफी मृदभांड पहले भी मिल चुके हैं जो यहां से विभाग की टीम ने जांच के लिए भेज रखे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता धूम सिंह तिलवाड़ा बताते हैं कि हमने बहुत पहले उत्खनन पुरातत्वविदों की टीम को अवगत कराया था कि तिलवाड़ा गांव की भी खुदाई कराई जाए तब जाकर यहां की खुदाई का कार्य शुरू किया गया था। तिलवाड़ा गांव स्थित आला टीले पर करीब चार माह पहले एएसआई द्वारा उत्खनन शुरू किया गया था। इसके बाद होली पर्व के कारण उत्खनन रोक दिया गया था। वहां कई दिन पहले दोबारा से खोदाई शुरू की गई। यहां पर 18 ट्रेंचों में से पुरातत्वविदों को केवल दो ट्रेंच से ही बड़ी सफलता मिली है। बाकी ट्रेंच से कोई खास सफलता नहीं मिली। टीले के निचले हिस्से से मिले पुरावशेषों पर शोध करने के बाद पुरातत्विदों ने चार हजार साल पुराने शवाधान केंद्र होने की पुष्टि कर दी। फिलहाल खोदाई पर विराम लगा दिया गया है और पुरावशेषों को समेटने की तैयारी शुरू कर दी गई। बताया कि अगले 15 दिन में यहां से सभी पुरावशेषों को दिल्ली या अन्य जगह पर भेजा जायेगा खुदाई के दौरान अब तक जितने भी तत्व यहां पर मिले हैं सभी को लगातार लैब में भेजा जा रहा है जिनकी जांच बराबर चल रही है अब खुदाई पर ब्रेक लगा दिया गया है। सभी पुरावशेषो को जांच के लिए भेज दिया गया है जिनकी जांच बराबर चल रही है।



# ग्राम प्रधान के माफी मांगने पर सचिवों का धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्राम प्रधान निबाली के माफी मांगने पर ब्लॉक में चल रहा सचिवों का नौ दिन पुराना धरना समाप्त हो गया है। इससे प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। फर्जी तरीके से खाते से रूपये निकालने से मना कराने पर ग्राम प्रधान निबाली ने ग्राम पंचायत सचिव संदीप कुमार के साथ गाली गलौच करते हुए अभद्रता की थी और उसे जातिसू. चक शब्दों से संबोधित किया था। इसके बाद कार्य बहिष्कार कर समस्त सचिव कार्य बहिष्कार कर धरने पर चले गए थे। जिससे जनपद में विकास कार्य ठप्प हो गए थे।

गरुवार को इस समस्या से निपटने के लिए डीपीआरओ की एक टीम ने ब्लॉक में पहुंचकर ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के वार्ता की। टीम ने ग्राम प्रधान को सचिव से माफी मांगने के लिए कहा। बताया गया है कि टीम के कहने पर प्रधान माफी मांगने के लिए तैयार हो गया लेकिन उसने शर्त रखी की वह सार्वजनिक रूप से माफी न मांग कर बांद कमरे में सचिव से माफी मांगेगा। इस बात ग्राम पंचायत सचिव तैयार नहीं हुए और उन्होने कहा कि प्रधान को धरना स्थल पर आकर सचिव से माफी मांगनी होगी। इस के बाद ग्राम प्रधान ने धरना स्थल पर पहुंचकर सार्वजनिक रूप से सचिव से माफी मांगी और भविष्य में इस प्रकार की पुनवृति न करने का आश्वासन दिया। इस के बाद सचिवों ने गत नौ दिन से चल रहा धरना समाप्त करने की घोषणा की।



# सरकार से की पुरानी पैंशन को बहाल करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शिक्षक नेता स्वराज पाल दुहूण ने कार्यक्रम से वापस आने के बाद मीडिया को बताया कि उत्तर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चेतनारायण के बरेली में होने वाले 58 वे प्रान्तीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सदस्य प्रान्तीय संरक्षक मण्डल स्वराज पाल दुहूण ने कहा कि उ.प्र. सरकार जहां संगठन से हुए वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को 15 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिए जाने के समझौते से मुकर गई है। वंही मान्यता प्राप्त सहायिक विद्यालयों के शिक्षकों को भी चिकित्सा सुविधा के लाभ दिए जाने के वायदे को टालती जा रही है जबकि शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों को यह सुविधा देय है। दुहूण ने आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश की भांति सेवा निवृत्त शिक्षक शिक्षिकाओं को 65 वर्ष पर 70 वर्ष पर व 75 वर्ष पर क्रमशः 5:,10: व 15:का लाभ पैंशन में देते हुए 80 वर्ष पर 20: का लाभ दें। उन्होंने सरकार से मांग की है कि उसने पुरानी पैंशन के लिए जहां 50: यानि आधा लाभ दिया हुआ है। वहीं 100: लाभ देते हुए, पूर्ण रुप से पुरानी पैंशन को बहाल करे।



# सहायक कमांडेंट को अमित शाह ने दिया वीरता मैडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट प्रदीप सिंह राठी को उनके अदम्य साहस, वीरता और देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत होने के कारण दो आतंकवादियों को मार गिराने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के चलते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वीरता मैडल प्रदान किया।

बता दें कि, तहसील के कस्बा टीकरी के महलवाले परिवार के प्रदीप सिंह राठी पुत्र श्याम पाल सिंह राठी ने 11 मार्च 2022 में पुलवामा में बढ रही आतंकवादी गतिविधियों की सूचना मिलने पर टीम गठित की व उसका नेतृत्व करना भी स्वयं प्रदीप सिंह राठी सहायक कमांडेंट ने सहर्ष स्वीकार किया। उनके द्वारा शुरू हुई इस मुहिम में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया था, जिसपर 26 जनवरी 2024 में उनके लिए वीरता मेडल की घोषणा हुई थी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को मध्यप्रदेश के नीमच में स्थित सीआरपीएफ कैंप पहुंचकर प्रदीप कुमार राठी को वीरता पदक प्रदान किया। समारोह में सम्मानित होने की सूचना पर टीकरी में खुशी की लहर दौड़ गई तथा उनके परिवार सहित कस्बे के लोगों ने एक दूसरे को मिष्ठान्न खिलाते हुए घोषणा की कि प्रदीप के कस्बे में आगमन पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर चौ उदयबीर राठी, धर्मपाल सिंह राठी मा विजय सिंह राठी सतबीर सिंह राठी कृष्ण पाल सिंह राठी सुधीर राठी विपिन राठी अमरपाल योगेश आदि मौजूद रहे।



# स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए घर-घर डेस्टबीन किए वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** नगर पंचायत को स्वच्छ बनानें के लिए घर-घर डस्टबिन वितरित किये गये और लोगो को सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए साफ-सफाई रखने की शपथ दिलवायी गयी।

रटौल नगर पंचायत को स्वच्छ बनानें के लिए ईओ विरज सिंह त्रिपाठी ने कर्मचारीयो को घर घर भेजकर कूड़ा निस्तारण और कूड़े से ड्राम में भरकर घर पर ही खाद बनाने की ट्रेनिंग दिलायी थी जिससे घर पर ही पेड़ पौधों के लिए खाद तैयार हो सके। वही कस्बें को आर्दश कस्बा बनानें के लिए वह सफाई की प्रति गम्भीर है जिससे लेकर उन्होंने साफ-सफाई के लिए घर का कूड़ा बाहर न फेके इसलिए डस्टबिन वितरित कराये गुरूवार को मौहल्ला हवेली में सभासद उबैद उल्ला के सहयोग से घर घर डस्टबिन वितरित किये गये। वही घरो में कूड़ा इखट्ठा न करने वही एक जगहा पानी जमा न होने दे और घरो का सभी कूड़ा डस्टबिन मे रखे और कूड़े की गाड़ी आने मे सभी कूड़ा गाडी मे डालने के लिए कहा गया। इसके अलावा घर घर डस्टबिन वितरण के समय लोगो को साफ सफाई रखने की शपथ भी दिलायी गयी। ईओ विरज सिंह त्रिपाठी ने घर की कस्बें के हर घर डस्टबिन वित. रित किया जायेगा और कस्बें को सुन्दर साफ बनाने का उन्होंने संकल्प लिया है जिसे कस्बें के लोगो के सहयोग से जल्द पूरा किया जायेगा।



# स्वर्ण जयंती वर्ष का आगाज–नई योजनाओं और नई ऊर्जा के साथ होगा विकासः सीईओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा ने आज अर्द्ध शताब्दी वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर आयोजित एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ लोकेश एम ने कहा कि 49 वर्ष पहले एक विचार के रूप में अस्तित्व में आया नोएडा प्राधिकरण की योजनाएं और प्राथमिकता समय के साथ बदल गई हैं और बहुत सी समस्याएं भी पैदा हो गई है, परंतु प्राधिकरण अपनी जिम्मेदारियों से भागेगा नहीं बल्कि इस पचासवें साल में और अधिक शक्ति से लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेगा।






कल 49 वर्ष पूरे कर चुके नोएडा प्राधिकरण और शहर के लिए आज खास दिन था। आज शहर और प्राधिकरण ने पचासवें साल में प्रवेश किया। इस अवसर पर प्राधिकरण ने एक विशेष संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। इस संवाददाता सम्मेलन की विशेषता यह थी कि इसे प्राधिकरण के सभी विभाग अध्यक्षों ने संबोधित किया जबकि मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ लोकेश एम हेडमास्टर की भांति उनके बीच बैठे। दूसरी विशेषता यह थी कि प्राधिकरण ने आज अपनी हासिल की गई उपलब्धियों को नहीं गिनाया बल्कि पचासवें साल में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बात की। फिर भी यदि कोई अधिकारी अपने संबोधन के दौरान इतिहास बताने लगता तो मुख्य कार्यपालक अधिकारी उसे टोककर केवल भविष्य की योजनाएं बताने के लिए कह देते। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष शहर की सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त किया जाएगा। कूड़े कचरे के निस्तारण के लिए ग्रेटर नोएडा के अस्तोली में तीन सौ टन प्रतिदिन के कूड़ा निस्तारण का संयंत्र स्थापित करने के अलावा शहर में आठ और संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। उद्यानिक कचरे के निस्तारण का काम प्राधिकरण स्वयं करेगा। गांवों की गंदगी से निपटने के लिए 88 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों न मानने वाले बिल्डरों के विरुद्ध रिकवरी सर्टिफिकेट जारी करने तथा भूखंड आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस वर्ष प्राधिकरण नोएडा दादरी रोड पर बरौला से फेज दो के बीच बन रहे एलेवेटेड रोड को चालू कर देगा बल्कि सेक्टर 96 में बन रहे अपने नये मुख्यालय में भी पहुंच जाएगा। दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्‌घाटन मई माह में मुख्यमंत्री के हाथों कराने की योजना है। यही नहीं चिल्ला व महामाया पुल के बीच एलेवेटेड रोड तथा नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस–वे के समानांतर एक और एक्सप्रेस–वे बनाने का काम भी इसी वर्ष शुरू हो जाएगा। सेक्टर 151 में बनाया जा रहा गोल्फ कोर्स भी इसी वर्ष चालू कर दिया जाएगा। प्राधिकरण भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को आवासीय भूखण्ड देने के लिए सेक्टर 146 का विस्तार करेगा। अतिक्रमण और अवैध कब्जों से निपटने में और तेजी लाई जाएगी।बीस हजार वर्ग मीटर से बड़े तथा छोटे आठ औद्योगिक भूखंडों को आवंटित करने की योजना भी इसी वर्ष लाई जाएगी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ लो. केश एम ने इस अवसर पर कहा कि प्राधिकरण भू–संपत्तियों के आवंटन व विकास के साथ साथ शहर की सभी नागरिक सुविधाओं के लिए भी जिम्मेदार है। बढ़ती जनसंख्या और विभिन्न गतिविधियों के कारण समस्याएं भी बढ़ी है, परंतु प्राधिकरण समस्याओं से भागने वाला नहीं है बल्कि इस स्वर्ण जयंती वर्ष में और अधिक शक्ति से समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेगा। उन्होंने प्राधिकरण में भ्रष्टाचार न होने का भी दावा किया। संवाददाता सम्मेलन में एसीईओ संजय खत्री, वंदना त्रिपाठी, सतीश पाल, विशेष कार्याधिकारी क्रांति शेखर सिंह, महाप्रबंधक जल आरपी सिंह व महाप्रबंधक स्वास्थ्य एसपी सिंह, उपमहाप्रबंधक सिविल विजय रावल, निदेशक उद्यान आनंद मोहन सिंह आदि अधिकारी व नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन अध्यक्ष राजकुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## ग्रेटर नोएडा की सोसायटी में प्रीपेड मीटर से काटा गया पैसा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी–1 स्थित एवेन्यू–4 सोसायटी में अनियमितताओ का आरोप स्थानीय निवासियों ने अपार्टमेंट आनर्स एसोसिएशन (एओए) पर लगाए हैं। प्रीपेड मीटर से पैसा काटा जा रहा है। पूछने पर एओए की ओर से गूगल ग्रुप ईमेल आईडी पर ब्लॉक किया गया।

चुनाव के दौरान अनियमितताएं हुई। डिफाल्टर को वोट देने और चुनाव लड़ने का अधिकार मिला। चुनाव जीतकर एओए बोर्ड में शामिल भी हुए। निवासियों की ओर से गंभीर आरोप एओए पर लगाए गए हैं।निवासी कृष्ण कुमार अग्रवाल ने बताया कि उनके प्रीपेड मीटर से एक दिन में 4016 रुपये कट गए। एओए की ओर से रुपये कटने का विवरण भी नहीं दिया गया। सोसायटी में पेंट कार्य का 64 लोगों ने भुगतान नहीं किया है। यह सभी डिफाल्टर सूची में शामिल थे और नियमानुसार वोट करने का अधिकार नहीं था।

**मीटर रीचार्ज करने में डर रहे निवासी:** चुनाव अधिकारी से साठगांठ कर इन लोगों ने मतदान किया और प्रत्याशी बनकर आए व एओ बोर्ड में शामिल हुए। चुनाव में डिप्टी रजिस्ट्रार के निर्देशों को दर. किनार किया गया। बीते 10 महीने तक मीटर खराब था जो एओए ने नहीं बदला।इस संबंध में कई शिकायतें दी गईं। बिजली का कितना बकाया है वह भी स्पष्ट नहीं है। हाल में रुपये कटने के बाद मीटर रीचार्ज करने में अब डर लग रहा है। इस स्थिति में सोसायटी के फंड में एक बड़ा गबन हो सकता है। एओए और मेंटनेंस प्रबंधन प्रीपेड मीटर से कटे रुपये के विषय में जानकारी देने से बच रहे हैं।

## कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से न रहे वंचितः मा. सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** महिलाओं की सुरक्षा एवं महिलाओं के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिलाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य मिनाक्षी भराला ने कलेक्ट्रेट सभागार में अपर पुलिस आयुक्त महिला, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण कल्याण अधिकारी आशीष कुमार, जिला आबकारी अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के



द्वारा महिलाओं के कल्याणार्थ जो जनकल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं, उनका जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराते हुए पात्र महिलाओं तक उसका लाभ पहुंचने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए कैंप लगाकर लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करें और जो शासन से आप लोगों का लक्ष्य जनपद के लिए निर्धारित किया गया है उसकी शत् प्रतिशत प्राप्ति करें।

इस अवसर पर बैठक में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों ने माननीय सदस्या को अपने–अपने विभागों में संचालित योजनाओं की वर्तमान तक की प्रगति से माननीय सदस्य को अवगत कराया।

तदोपरांत माननीय सदस्य ने महिला जनसुनवाई करते हुए जनसुनवाई में आई पीड़ित महिलाओं की समस्या को बहुत ही सहजता के साथ सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में जो भी महिला उत्पीड़न के प्रकरण लंबित चल रहे हैं, उनका निस्तारण पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारी गण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें एवं उसकी रिपोर्ट आयोग को भी प्रेषित करें। जनसुनवाई के दौरान 19 मामले प्राप्त हुए, जिनमें से 12 मामलों का अधिकारियों के माध्यम से तत्काल निराकरण कराया गया।

महिला जनसुनवाई करने के उपरांत माननीय सदस्य ने जिला अस्पताल सेक्टर 39 नोएडा एवं कुमारी मायावती महामाया महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज बादलपुर गौतम बुद्ध नगर का स्थलीय निरीक्षण किया। माननीय सदस्य द्वारा जिला अस्पताल सेक्टर 39 का निरीक्षण करते हुए मरीजों से वार्ता की गई एवं सभी संबंधित अधिकारियों, डॉक्टर के नाम एवं मोबाइल नंबर डिस्प्ले करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## एक नजर

### लापरवाही बरतने पर उपनिरीक्षक और मुख्य आरक्षी निलंबित

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** महिला थाने में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपियों को कोर्ट के समन तामील कराने में लापरवाही बरतने पर उपनि. रीक्षक और एक मुख्य आरक्षी को निलंबित कर दिया गया। इसकी पुष्टि डीसीपी महिला सुरक्षा सुनीति ने की है।

जानकारी के मुताबिक एक पीड़िता ने महिला थाने में सुसराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस द्वारा केस की विवेचना के बाद आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया गया था। दोनों पक्षों के बीच न्यायालय में केस विचाराधीन है। केस के संबंध में आरोपियों को न्यायालय में पेश होने के मामले में पिछले दिनों समन जारी किए गए थे। आरोप है कि महिला थाने में तैनात उपनिरीक्षक जनार्दन शर्मा और मुख्य आरक्षी प्रशांत कुमार ने आरोपियों को कोर्ट के समन तामील कराने में लापरवाही बरती। इसके चलते न्यायालय में चल रहे केस की सुनवाई में समय बीत रहा था। न्यायालय द्वारा पुलिस अधिकारियों को जानकारी दी गई। डीसीपी महिला सुरक्षा सुनीति ने बताया कि समन तामील कराने में लापरवाही बरतने पर दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। कार्य में लापरवाही बरतने पर विभागीय जांच भी कराई जा रही है।

### यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों पर चलाईं गोलियां, गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में अवैध खनन माफियाओं ने यमुना प्राधिकरण की टीम पर जानलेवा हमला किया। सोमवार रात को दनकौर क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना मिलने पर प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची थी। यमुना प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम में सुपरवाइजर प्रमोद कुमार, गनमैन हरेंद्र सिंह, उदयवीर सिंह और सुरक्षाकर्मी विनोद कुमार शामिल थे। मौके पर एक जेसीबी और चार डंपर से अवैध खनन चल रहा था।टीम ने जब खनन का विरोध किया तो माफियाओं ने गोलियां चला दीं। अधिकारियों ने जमीन पर लेटकर अपनी जान बचाई। टीम जब सरकारी गाड़ी में भागने लगी तो आरोपियों ने जेसीबी से गाड़ी को पलट दिया।पुलिस ने मुख्य आरोपी दीपक कसाना समेत विनय, रविंद्र, गौरव और राहुल को गिरफ्तार किया है। उनसे 4 हाईवा और एक जेसीबी मशीन बरामद की गई है। कोतवाल प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि बाकी फरार आरोपियों की तलाश जारी है। सभी आरोपियों को गुरुवार को जेल भेजा जाएगा।

### चूहड़पुर गांव के पास प्राधिकरण टीम ने की कार्रवाई

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** चूहड़पुर गांव के पास विभिन्न सोसायटी है। शाम के वक्ष्त सड़क के किनारे अवैध बाजार गुलजार हो जाता था। इस कारण सड़क पर आए दिन जाम लगता था। जाम लगने पर कई बार लोगों के बीच मारपीट भी हो चुकी थी। लोगों के द्वारा मांग की गई थी अवैध बाजार हो हटवा कर जाम की समस्थ्या से निजात दिलाई जाए। प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई कर दी। खोखे तोड़ने के साथ ही जब्ध्तीकरण की कार्रवाई भी की गई है।

प्राधिकरण की टीम ने चुहड़पुर के पास अवैध खोखा लगाने वालों पर कार्रवाई की। अर्बन सर्विस विभाग ने करीब 20 खोखे तोड़ दिए हैं और नौ काउंटर जब्त कर लिये हैं। अर्बन सर्विस विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान और मैनेजर शुभांगी तिवारी की टीम ने पुलिस के सहयोग से अवैध खोखे हटाते हुए जब्त करने की कार्रवाई पूरी की है। गंदगी और यातायात बाधित होने की वजह से आसपास के लोग शिकायत कर रहे थे। प्राधिकरण के ओएसडी जितेंद्र गौतम ने चेतावनी दी है कि अवैध खोखे लगाने वालों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी। खोखे जब्त करने के साथ ही पेनल्टी भी लगाई जाएगी।

### बस चालक की गलती से स्कूल की बजाए अस्पताल पहुंचे बच्चे

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बस चालक की गलती से एक स्कूल बस चार मूर्ति गोलचक्कर के पास डिवाइडर पर चढ़ गई। डिवाइर पर चढ़कर बस एक पेड़ व खंभे से टकरा गई। घटना में बच्चों सहित चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उपचार के लिए बच्चों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य बच्चों को दूसरी बस से स्कूल भेजा गया। घटना के कारण कुछ देर के लिए जाम लग गया। वाहन को वहां से हटाकर जाम खुलवाया गया।पुलिस ने बताया कि ब्लूम पब्लिक स्कूल गाजियाबाद की बस बच्चों को लेकर जा रही थी। बस में लगभग 20 बच्चे सवार थे। सुबह लगभग साढे आठ बजे बस अनियंत्रति होकर चार मूर्ति गोलचक्कर के पास डिवाइडर पर चढ़ गई। घटना में बस में सवार 4 बच्चे मामूली रूप से घायल हो गए। साथ ही बस का चालक व हेल्पर भी घायल हो गया।

## उन्नति ग्रुप के प्रमोटर अनिल मिठास गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्नति फारच्यून होल्डिंग बिल्डर के निदेशक अनिल मिठास को गुरुवार को किया। ईडी की टीम ने दिल्ली, नोएडा व मेरठ में कंपनी के एक दर्जन से अधिक कार्यालयों व अनिल के घर पर छापा मारा। इस छापे में कई कागजी और डिजिटल दस्तावेज संदिग्ध मिले जिन्हें ईडी ने जब्त किया है। अनिल मिठास से कई बार पूछताछ की गई थी। लेकिन वह कई तथ्यों का सही जवाब नहीं दे रहे थे। इसके बाद ही उनकी गिरफ्तारी की गई।



उन्नति ग्रुप के द्वारा नोएडा में करीब 2200 फ्लैट बनाने की योजना थी, लेकिन निवेशकों से करीब 500 करोड़ रुपए जुटाने के बाद उसमें से करीब 200 करोड़ रुपए का फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगा है। उनके ऊपर निवेशकों ने 2019 में थाना फेज–3 अनिल मिठास और मधु मिठास पर एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद कई मुकदमे दर्ज हुए। इन मुकदमों के आधार पर ईडी ने भी निदेशकों के खिलाफ मनी लान्ड्रिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

**पैसा किया गया डायवर्टः** जांच में सामने आया था कि इस समूह ने कई निवेशकों से फ्लैट के नाम पर करोड़ों रुपए जमा करा लिए थे। कुछ निवेशकों को फ्लैट पर कब्जा दिया लेकिन बाद में इस फ्लैट को दूसरों को ज्यादा दाम पर बेच दिया गया। या फिर बायर्स का पैसा डायवर्ट कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से समूह के कर्मचारियों में हडकंप मच गया था। नोएडा में तो कर्मचारियों को तुरंत बुलाकर कार्यालय खुलवाए गए। वहां सुबह से चली छापेमारी में कई दस्तावेज बरामद हुए। इनकी जांच की जा रही है।

**कौन है अनिल मिठासः** अनिल मिठास, दिल्ली–एनसीआर का रियल एस्टेट कारोबारी है। वह उन्नति फॉरच्यून ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर भी है, जो नोएडा और एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय एक मल्टी–सेक्टोरल कंपनी है। यह समूह रियल एस्टेट, हॉस्पिटैलिटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और आईटी जैसे क्षेत्रों में कार्यरत है।

## शाहबेरी में सड़क चौड़ा करने में बाध बन रहे अवैध रैंप को ग्रेनो प्राधिकरण ने तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शाहबेरी में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए सड़क चौड़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को सड़क चौड़ा करने की राह में बाधा बन रहीं दुकानों के अवैध रैंप को तोड़ दिया है। प्राधिकरण रोड चौड़ीकरण का कार्य जल्द पूरा कराने के प्रयास में जुटा है। दरअसल, नोएडा, ग्रेटर नोएडा व गाजियाबाद के बीच सफर करने वाले हजारों वाहन रोजाना शाहबेरी बाजार होकर गुजरते हैं। रास्ता संकरा होने के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत दिलाने के लिए शाहबेरी रोड को चौड़ा करने के निर्देश दिए। परियोजना विभाग की वर्क सर्किल एक की टीम ने टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर रोड चौड़ीकरण का काम शुरू करा दिया। अब तक 50 फीसदी से अधिक कार्य हो चुका है। ट्रैफिक डायवर्जन की समस्या को देखते हुए इस कार्य को शीघ्र पूरा कराने की को. शिश है।

शाहबेरी रोड चौड़ा करने के साथ ही नाली का भी निर्माण किया जा रहा है। दोनों तरफ लगभग डेढ़–डेढ़ मीटर रोड को चौड़ा किया जा रहा है। कुछ दूरी में रोड की चौड़ाई लगभग ढाई मीटर तक हो जाएगी। इस कार्य में लगभग 4 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। इस बीच रोड चौड़ीकरण कार्य में दुक. ानों के अवैध रैंप आड़े आ रहे थे। प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वर्क सर्किल एक के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक रतिक, प्रबंधक नितीश कुमार व अभिषेक सिंह व सहायक प्रबंधक भूपेंद्र त्यागी की टीम ने बुधवार को दुकानों के अवैध रैंप को तोड़ दिया।

## गोतस्करों से पुलिस की मुठभेड़

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी थाना पुलिस ने गौतस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दादरी बाईपास पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार दो लोगों ने रुकने की बजाय भागने की कोशिश की। पुलिस ने जब पीछा किया तो नई बस्ती उर्फ बैरंगपुर मार्ग पर चिटहैरा श्मशान के पास बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान हापुड़ के सिम्भावली थाना क्षेत्र के रतुपुरा गांव निवासी नाजिम के रूप में हुई है।बदमाश से एक अवैध तमंचा, कारतूस, रस्सी, इंजेक्शन, सिरिंज और पशुओं के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मोटी सुई बरामद हुई है।

## चाइल्ड पीजीआई में जांच और अध्ययन से दुर्लभ रक्त समूह के मरीजों का सटीक इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर संस्थान (चाइल्ड पीजीआई) में जांच और मरीजों के इलाज पर अध्ययन से दुर्लभ रक्त समूह के मरीजों का सटीक इलाज हो सकेगा। शुरुआती परिणाम सकारात्मक रहे हैं। सितंबर में शोध का अंतिम परिणाम आएगा। चाइल्ड पीजीआई में थैलेसीमिया, रक्त कैंसर आदि के 400 से अधिक मरीजों का इलाज चल रहा है। इन मरीजों में रक्त समूह ए, बी, एबी, ओ और डी के पॉजिटिव और निगेटिव की जांच के साथ ही इनके दुर्लभ रक्त समूह सी, स्मॉल सी, ई , स्मॉल सी, केईएल सहित अन्य रक्त समूह की जांचनें की सुविधा है। ताकि सिर्फ मुख्य रक्त समूह की जांच के आधार पर ही मरीज का इलाज न करते हुए दुर्लभ रक्त समूह की जांच भी हो सके। इससे इलाज में मरीज को शत प्रतिशत लाभ मिलेगा। गर्भवती महिलाओं की भी दुर्लभ रक्त समूह की जांच से काफी फायदा होगा, क्योंकि इनमें हीमोग्लोबिन सहित रक्त से संबंधित अन्य विकार होने की स्थिति में उनके दुर्लभ रक्त समूह की जांच नहीं की जाती। दुर्लभ रक्त समूह की जांच के बाद उन्हें रक्त चढ़ाने से उनकी सेहत पर काफी जल्द फायदा होगा। दुर्लभ रक्त समूह के मरीजों के इलाज पर चल रहे अध्ययन का नेतृत्व डॉ. अनुपा और डॉ. अक्षय कर रहे हैं। अध्ययन डॉ. सीमा दुआ और डॉ. सत्यम अरोड़ा की देखरेख में चल रहा है। बाल चिकित्सालय के ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग के प्रमुख डॉ. सत्यम अरोड़ा बताते हैं कि दुर्लभ रक्त समूह की पहचान मरीज का सटीक इलाज में मददगार है। अध्ययन के शुरुआती परिणाम काफी सकारात्मक हैं। यूपी में दो सरकारी संस्थानों में इस तरह की जांच की सुविधा है।

**बाल चिकित्सालय में तीन हजार से अधिक लोग करते हैं रक्तदानः** बाल चिकित्सालय में रक्त से संबंधित बीमारियों के मरीजों की दुर्लभ समूह की जांच शुरू कर दी गई है। उसी तरीके से उनका इलाज किया जा रहा है। बाल चिकित्सालय में ऐसे मरीजों के इलाज की पूर्ति के लिए 3000 से अधिक रक्तदाता हैं, जिनसे इन मरीजों के रक्त की पूर्ति की जाती है। मरीजों में दुर्लभ रक्त समूह मिलने पर रक्तदाताओं के रक्त की जांच की जाती है। ताकि मरीज को जिस दुर्लभ रक्त समूह की जरूरत है। वही समूह का रक्त मिले और मरीज को दिया जा सके।

**ए, बी, एबी और ओ के साथ डी रक्त समूहः** ए, बी, एबी, ओ और डी रक्त समूह हैं। डी रक्त समूह 5–10 प्रतिशत लोगों में है। वहीं इनके दुर्लभ रक्त समूह के एंटीजन सी, स्मॉल सी आदि हैं। जो किसी भी रक्त समूह के साथ हो सकते हैं। इनके सटीक इलाज के लिए दुर्लभ रक्त समूह की पहचान बेहद जरूरी है। खासकर गंभीर बीमारियों में बिना इसके मिलान इलाज प्रभावित होता है। परिणाम शत प्रतिशत नहीं मिलते। ऐसे में बाल चिकित्सालय में इस तरह की सुविधा से मरीजों का बेहतर इलाज चल रहा है।

## बीच सड़क स्कूटी सवार पर बरसाई चप्पल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा से सरेआम गुंडागर्दी करने का मामला सामने आया है। यहां बीच सड़क पर एक शख्स ने स्कूटी सवार को चप्पल, थप्पड़ और लातें बजा दीं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दूर से बनाई गई वीडियो में शख्स स्कूटी सवार को मारते–पीटते दिख रहा है। वह लगातार उसे मां–बहन की गालियां भी देता है। वायरल वीडियो, सेक्टर 121 का बताया जा रहा है।

वीडियो में रात का समय दिखाई पड़ रहा है। सड़क के आसपास गाड़ियों का तांता लगा हुआ है। ट्रैफिक से भरी रोड में एकाएक सड़क किनारे एक लड़का अपनी चप्पल उतारता है और स्कूटी सवार पर बरसाने लगता है। पिटाई करता शख्स लगातार मां–बहन की गालियां भी देता रहता है। जमीन पर चप्पल रखने के बाद भी लड़का नहीं रुकता। कभी थप्पड़ मारता तो कभी लात। पूरी वीडियो में स्कूटी सवार केवल मार खाता हुआ दिखाई देता है। स्कूटी के पास दो लोग और भी खड़े दिखाई देते हैं। वे ना तो मारने वाले लड़के को रोक रहे होते हैं और ना ही पीट रहे होते हैं। पूरी घटना का वीडियो तेजी से वायरल हुआ तो नोएडा पुलिस ने इसका संज्ञान लिया है। थाना फेज तीन की पुलिस वीडियो के आधार पर जांच में जुटी हुई है। हालांकि अब तक इस बात का पता नहीं लगाया जा सका है कि आखिर यह शख्स स्कूटी सवार को क्यों पीट रहा था, मारपीट कर रहा शख्स और स्कूटी सवार व्यक्ति कौन था। फिलहाल पुलिस पिटाई के कारण की जांच में जुटी हुई है।

## यीडा के दफ्तर का डिजाइन तैयार, जल्द शुरू होगा निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना सिटी के सेक्टर–18 में विकसित होने वाले यमुना प्राधिकरण के नए कार्यालय का डिजाइन तैयार हो गया है। यह पांच मंजिला कार्यालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। नया दफ्तर 319.38 करोड़ में तैयार होगा। यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि नए कार्यालय में करीब 8340 वर्गमीटर क्षेत्र में कॉमन फैसिलिटी विकसित होगी।

इसके अलावा पार्क, कमरे, आदि का निर्माण होगा। वहीं, कार्यालय में कुल 1169 गाड़ियों के लिए पार्किंग बनेगी। इनमें 569 पार्किंग बेसमेंट और 508 पार्किंग स्टिल्ट होगी। इसके अलावा शेष वीआईपी पार्किंग बनाई जाएगी। डिजाइन तैयार होने के बाद अब प्राधिकरण ने इसका निर्माण शुरू कराने की तैयारी शुरू कर दी है। बताया गया कि कुछ कागजी औपचारिकताएं पूरी होना बाकी है। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। यह कार्यालय निर्माण शुरू होने के 18 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। फिलहाल यमुना प्राधिकरण का कार्यालय सेक्टर ओमेगा–2 में चल रहा है। जेवर के लोगों को 50 किलोमीटर का सफर तय कर अपनी समस्या बताने के लिए ग्रेटर नोएडा आना पड़ता है। मई के बाद से एयरपोर्ट भी शुरू हो रहा है। इसके अलावा कई कंपनियों और घरों का निर्माण भी मौके पर चल रहा है। ऐसे में अब प्राधिकरण ने कार्यालय बनाने की कवायद को तेज कर दिया है।

## स्थापना दिवस पर खुला वाटर एटीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा गुरुवार को अपना 49वां स्थापना दिवस मनाया है। इस मौके पर लोगों को ठंडा पानी प्रोवाइड कराने के लिए वाटर एटीएम खोला गया है। ये एटीएम सीएसआर फंड के जरिए सेक्टर–24 के पास ईएसआई अस्पताल के पास खोला गया। इसका शुभारंभ नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने किया। इस मौके पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री , वित्त नियंत्रक और केनरा बैंक के प्रति. निधि मौजूद रहे। इस वाटर एटीएम की क्षमता करीब 1200 लीटर प्रतिघंटा है।

शुरू किए गए वाटर एटीएम ने लोगों को साफ और ठंडा पानी निःशुल्क दिया जाएगा। जिसमें अल्ट्रा वायलेट सिस्टम , ओजोनेटर , सेंड फिल्ट्रेशन , कार्बन फिल्ट्रेशन, 5 –10 माइक्रोन्स फिल्ट्रेशन और पेबल





फिल्ट्रेशन के जरिए पानी की गुणवत्ता को बढ़ाया गया है।

इसके अतिरिक्त वाटर एटीएम में हार्डनेस, फ्लोराइड , क्लोराइड एवं अन्य अशुद्धियों को दूर करने के लिए इसमें रिवर्स ओसमिस की व्यवस्था की गयी है।इस वाटर एटीएम से जनमानस के डिस्ट्रीब्यूशन के लिए ऑटोमैटिक कार्ड ऑपरेटेड वाटर वेंडिंग मशीन दिया जाएगा। अन्य वेंडिंग मशीन जिसकी क्षमता 1 लीटर प्रति कार्ड कोल्ड एंड प्यूर ड्रिंक वाटर के लिए बनाया गया है।ये वाटर एटीएम सुबह 8 से रात 8 बजे तक रोजाना खुलेगा। बता दें, इससे पहले भी प्राधिकरण सात जगहों पर वाटर एटीएम शुरू कर चुकी है। जिससे लोगों को स्वच्छ जल मिल रहा है।

## किसानों ने यमुना प्राधिकरण के ओएसडी सौंपा ज्ञापन

**नोएडा।** किसान एकता महासंघ कार्यकर्ताओं ने यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चौधरी ने बताया कि दनकौर अनाज मंडी में हाई मास्क लाइट लगवाने के लिए 30 जुलाई 2024 संगठन द्वारा मांग की गई थी जिसकी स्वीकृति हो चुकी है। लेकिन प्राधिकरण ने 9 महीने बीतने के बाद भी लाइट लगवाने की प्रकिया शुरू नहीं की गई। किसानों ने जल्द से जल्द दनकौर अनाज मंडी में हाई मास्क लाइट लगवाने के लिए यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। क्योंकि इस समय मंडी में किसान अपनी अनाज की फसल को बेचने के लिए मंडी में आना शुरू हो गया है। अंधेरा होने के कारण किसानों को जहरीले जीवो के काटने का खतरा बना रहता है।किसान की फसल तुलाई में एक–एक सप्ताह का समय लग जाता है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

सी–311, सेक्टर–10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# एसडीएम ने छापेमारी कर पकड़ा आंगनबाड़ी का 2 कुंतल सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसडीएम सदर ईला प्रकाश ने पक्का बाग मंडी में छापेमारी कर आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आवंटित करीब 2 कुंतल दलिया बरामद किया है। एसडीएम को सूचना मिली कि आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए आवंटित दलिया को कम कीमत पर बाजार में बेचा जाने वाला है।

सूचना पर एसडीएम तुरंत पक्का बाग में मौके पर पहुंचीं। उन्होंने एक पिकअप को रोका। जिसमें दलिया के 45 कट्टे भरे हुए थे। चालक एसडीएम की गाड़ी देखते ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। जांच में पता चला कि यह दलिया आईसीडीएस पुरक पोषण कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को वितरित किया जाना था। एसडीएम ने मौके पर पुलिस और संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाया। एसडीएम ने बताया कि कट्टों पर लगे कोड की मदद से यह पता लगाया जा रहा है कि दलिया किस केंद्र के लिए भेजा गया था। इससे यह भी स्पष्ट होगा कि यह दलिया कहां से चोरी हुआ। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।



## फर्जी फूड इंस्पेक्टर बनकर दुकानदारों को लगाया चूना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर में तीन शातिर लोगों ने फर्जी फूड इंस्पेक्टर बनकर कई दुकानदारों को चूना लगाया। आरोपियों ने खासतौर पर मिठाई की दुकानों को अपना निशाना बनाया।

बदरखा गांव में भूरे, सोहिल और अनीश नाम के तीन लोगों ने यह वारदात की। इन्होंने खुद को खाद्य निरीक्षक बताया। सैंपल जांच के नाम पर दुकानदारों से पैसे वसूले। कार्रवाई की धमकी देकर उन्हें डराया भी। असली फूड विभाग को जब इस मामले की जानकारी मिली, तब तक ठग कई दुकानदारों को अपना शिकार बना चुके थे। फूड विभाग इंस्पेक्टर ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने सभी दुकानदारों को सतर्क रहने की सलाह दी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सोमेंद्र सिंह के मुताबिक ठगों की तलाश जारी है। पीड़ित दुकानदारों के पास आरोपियों की पर्याप्त जानकारी नहीं है। इस वजह से उनकी पहचान में दिक्कत आ रही है। फूड विभाग मामले की जांच कर रहा है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बंगाल में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ समाज ने उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ धौलाना में सर्व हिंदू समाज ने आवाज उठाई है। संगठन ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। खंड संयोजक पवन राणा ने कहा कि बंगाल में हिंदू समाज पर लगातार हमले हो रहे हैं।

इससे राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि यह धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। साथ ही प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। ज्ञापन में कई मांगें रखी गईं। इनमें बंगाल में हुई हिंसक घटनाओं की सीबीआई या न्यायिक जांच कराने की मांग शामिल है। पीड़ित परिवारों को सुरक्षा और मुआवजा देने की भी मांग की गई है। प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई और राज्य में अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग भी की गई है। संगठन ने देशभर में धार्मिक समुदायों पर हो रहे हमलों की निगरानी के लिए एक राष्ट्रीय सांप्रदायिक निगरानी आयोग की स्थापना की मांग भी की है। कार्यक्रम में पवन तोमर, दिनेश कुमार, ललित शर्मा, प्रेम, जंग बहादुर, अरुण, अमित, कार्तिक, राजा और दीपक समेत कई लोग मौजूद रहे।



# जेएमएस आईटी में सांस्कृतिक एवं तकनीकी महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाज़ियाबाद में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी महोत्सव का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की गरिमा को संस्थान के अध्यक्ष राकेश सिंघल, सचिव डा. हिमांशु सिंघल, निदेशक प्रो. डा. अनिरुद्ध विश्वास, प्राचार्य प्रो. डा. प्रवीण गुप्ता, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पीके भारद्वाज, एडमिशन हेड अंकिता चौधरी एवं शिव शंकर पचौरी, रोजगार अधिकारी तन्वी गौर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। महोत्सव का पहला दिन तकनीकी गतिविधियों को समर्पित रहा। जिसमें गाज़ियाबाद, हापुड़ और दिल्ली के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रमुख प्रतियोगिताओं में पोस्टर मेकिंग, रंगोली, तकनीकी मॉडल, कंप्यूटर एप्लीकेशन प्रस्तुति और बिजनेस मॉडल शामिल रहीं।

तकनीकी मॉडल प्रतियोगिता का मूल्यांकन उप जिला विद्यालय निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार यादव और राजकीय इंटर कॉलेज सिखेड़ा के प्रधानाचार्य मोहित वशिष्ठ द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा कृतिका को प्रथम, राधिका को द्वितीय, तथा वैशाली, हिमांशु, शुभम जेएमएसआईटी गाज़ियाबाद एवं आबिद, पारुल, प्राची जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हापुड़ को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बिजनेस मॉडल प्रतियोगिता में फार्मेसी विभाग के छात्रों अबनॉन एवं फरहान ने हर्बल फेस पैक प्रस्तुत कर प्रथम स्थान अर्जित किया। बीबीए द्वितीय वर्ष के दीपांशु ने ई-कॉमर्स आधारित मॉडल के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि फार्मेसी के सार्थक, संतोष और नितीश शर्मा ने ग्रीन टी मॉडल के लिए तृतीय स्थान प्राप्त किया। कंप्यूटर एप्लीकेशन श्रेणी में आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के माधवेंद्र वर्मा ने प्रथम, जबकि जेएमएसआईटी के प्रथम, प्रीतम मान, शिवम ने द्वितीय और मुकुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन सत्र में संस्थान के अध्यक्ष श्री राकेश सिंघल एवं सचिव डा. हिमांशु सिंघल द्वारा सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।




# स्क्रैप फैक्ट्री में लगी आग, दमकल विभाग ने आधे घंटे में पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना की यूपीएसआईडीसी के फेज तीन में गुरुवार सुबह हाजी बूंदू की लोहे के स्क्रैप फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखते ही आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री मालिक ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आधे घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया।

पिलखुवा केंद्र प्रभारी सचिन बालियान ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। फैक्ट्री में आग बुझाने के उपकरणों की उपलब्धता की भी जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

# गो गर्ल फाउंडेशन ने छात्राओं को महावारी स्वच्छता विषय में किया जागरूकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** स्वयं सेवी संस्था संदेश के सहयोग से गो गर्ल फाउंडेशन गाजियाबाद द्वारा महावारी स्वच्छता प्रबंधन विषय को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन प्रेमवती देवी मारवाड़ कन्या इंटर कॉलेज पिलखुवा में किया गया।

गो गर्ल फाउंडेशन की प्रशिक्षिका कीर्ति त्रिपाठी ने कार्यशाला में उपस्थित छात्राओं को बताया कि महावारी समस्या नही है ये एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो एक उम्र के बाद हर महिलाओं को होना जरूरी हैं। इस बारे में हमें बात करने में संकोच नही होना चाहिए बल्कि खुल कर बात करनी चाहिए। इस प्रक्रिया को अनियमित होने की स्थिति में चिकित्सा से परामर्श जरूरी हैं क्योंकि इस प्रक्रिया को अनियमित होना स्वास्थ्य की दृष्टि से सही नही होता। महावारी के लेकर आज भी बहुत सी भ्रांतियां समाज मे फैली है। हमे सभी भ्रान्तियों को नजर अंदाज कर इसे स्वास्थ्य के लिए जरूरी मानना चाहिए। महिलाएँ आज भी इस दौरान पुराने संसाधनों का इस्तेमाल करती है जिस कारण से उन्हें बीमारियों का खतरा बना रहता है। बच्चेदानी का केंसर भी इसकी प्रमुख वजह है। संदेश की सचिव पूनम परिहार ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती हैं क्योंकि समाज में आज भी इस प्रक्रिया को समस्या माना जाता हैं जबकि महावारी शर्म नही, गर्व का प्राकृतिक उपहार है इसमें बिना सुखद जीवन की कल्पना नही की जा सकती। कार्यक्रम के दौरान गो गर्ल फाऊंडेशन द्वारा 550 छात्राओं को नि:शुल्क रियूजेबिल सेनेट्री पैड वितरित की गयी। कॉलेज की प्रधानाचार्या रजनेश मित्तल ने दोनों संस्थाओं का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में इस तरह के कार्यक्रमों को करने का अनुरोध किया। इस कार्यक्रम में गो गर्ल फाउंडेशन के परियोजना समन्वयक फिरोज खान, संदेश संस्था के परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज, कॉलेज की अध्यापिकाएं व छात्राएं मौजूद रही।

# ओरल हेल्थ मंथ सेलिब्रेशन के तहत सीएचसी पर लगाया कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** राष्ट्रीय ओरल हेल्थ दिवस के उपलक्ष में सीएचसी पर लगे कैंप में रोगियों का परीक्षण कर ए हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी माइंड का संदेश भी दिया गया।

सिंभावली क्षेत्र के गांव सिखैड़ा की सीएचसी पर गुरुवार को राष्ट्रीय ओरल हेल्थ दिवस के उपलक्ष्य में कैंप लगाया गया। जिसमें दांतों से जुड़ी बीमारियों से बचाव जे तरीके बताए चिकित्सको ने कैम्प में मौजूद रहकर रोगियों का परीक्षण कर दवाई वितरित की। दंत चिकित्सक शिल्पा ग्रोवर ने बताया कि राष्ट्रीय ओरल हेल्थ दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कैंप के माध्यम से रोगियों को ए हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी माइंड का संदेश भी दिया गया है। इसके साथ ही कैंप में दंत चिकित्सक द्वारा बताया कि प्रति दिन रात को सोने से पहले दांतों में ब्रश जरूर करे ताकि मुँह में बढ़ने वाली बीमारियों को रोक जा सकेगा। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि तंबाकू सेवन से बच्चे क्योंकि तंबाकू सिर्फ कैंसर को ही बढ़ावा नहीं देता बल्कि अपितु विभिन्न लोगों को भी बुलवा देता है, जैसे कि दिल की बीमारियां, उच्च रक्तचाप, लकवा, फेफड़े एवं श्वास नलिकाओं का रोग, रक्त नलिकाओं का संकुचित हो जाना, हाथ की उंगलियां तक रक्त न पहुंचने की वजह से उंगलियों का गलना और पुरुषों एवं महिलाओं की नपुंसकता आदि भी बढ़ने के चांस रहते हैं। इसके साथ ही 30 वर्ष और उससे अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति महिला या पुरुष को कम से कम एक बार पांच वर्ष में प्रशिक्षित स्वास्थ्य प्रदाता के द्वारा मौखिक परीक्षण व जांच अवश्य करना चाहिए। सीएचसी प्रभारी अमित बैसला व मनीष कुमार समेत चिकित्सकों ने कैम्प में पहुंचने वाले रोगियों को बढ़ती गर्मी और लू से बचना एवं स्वस्थ रहने के प्रति भी अहम सुझाव देकर रोगियों को जागरूक किया गया है।

# 147 हज यात्रियों को मैनिंजाइटिस का लगाया टीका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले से इस वर्ष 147 हज यात्री पवित्र हज यात्रा पर जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 19 अप्रैल को जामिया अरबिया खादिमुल इस्लाम में यात्रियों को मैनिंजाइटिस का टीका लगाया जाएगा। इसी दिन हज प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

हज प्रशिक्षक मुहम्म परवेज ने बताया कि यात्रियों की रवानगी 30 अप्रैल के बाद से शुरू होगी। जिले से दो हज इंस्पेक्टर (खादिमुल-हुज्जाज) भी प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। नायब शहर काजी मुहम्मद असअद कासमी और पूर्व हज अधिकारी हाजी मुहम्मद रिजवान शिविर में हज से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शिव कुमार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर को पत्र लिखा है। इसमें मुहम्मद रिजवान, मुहम्मद शाहनवाज, मुहम्मद नौशाद व मुहम्मद असअद कासमी को प्रशिक्षण शिविर में भेजने का निर्देश दिया गया है।




# श्मशान के पास मिले महिला के शव की हुई शिनाखत, 14 से थी लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शिवगढ़ी जंगल स्थित श्मशान घाट के पास मिले महिला के शव की पहचान हो गई है। मृतका की पहचान मोहल्ला कन्हैयापुरी की रहने वाली अंजू के रूप में हुई है। अंजू 14 अप्रैल से लापता थी।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार सुबह श्मशान घाट के पास महिला का शव खराब हालत में मिला था। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर और सीओ जितेंद्र शर्मा फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि अंजू के पति बंटी की मौत करीब तीन साल पहले हो गई थी। वह अपने दो बच्चों क्रिश (13 साल) और कालू (12 साल) के साथ रहती थी। घरों में काम करके वह अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रही थी। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि अंजू की हत्या कर शव को श्मशान घाट के पास फेंका गया है। पुलिस का कहना है कि हत्याकांड से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी मिल गई है और जल्द ही हत्यारोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।



# वायु प्रदूषण चरम पर, नहीं रुक रहा कोल्हुओं की चिमनियों का धुआं

**रोबिन शर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर चल रहे कोल्हू की चिमनी से निकल रहा धुआं वायु को प्रदूषित कर रहा है। प्रदूषित वायु से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसको देखकर अफसर जानकर भी अंजान बने हुए हैं।

एनजीटी के आदेश के बाद गाजियाबाद, दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण को कम करने के लिए कवायद की जा रही है, लेकिन क्षेत्र में बड़ी संख्या में संचालित कोल्हू भी वायु प्रदूषण फैला रहे हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि कुछ कोल्हू में ईंधन के तौर पर पुराने टायरों का इस्तेमाल किया जाता है, इसका जहरीला धुआं क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। तहसील क्षेत्र में गढ़, बहादुरगढ़, सिभावली में लगभग सौ से अधिक गन्ना कोल्हू वर्तमान में चल रहे हैं। इनकी चिमनियों से निकलने वाले धुएं से क्षेत्र में दिन प्रतिदिन प्रदूषण बढ़ रहा है। गन्ना कोल्हू होने के कारण यहां पर सबसे ज्यादा प्रदूषण फैल रहा है। एनजीटी ने आदेश जारी किए हैं, लेकिन कोल्हू पर सब बेअसर है। प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। एनजीटी को क्षेत्र में वायु प्रदूषण फैला रहे कोल्हू पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। कोल्हू में ईंधन के लिए खोई या सूखी पत्तियां जलाई जाती हैं, लेकिन ईंधन की खपत अधिक होने के कारण कोल्हू में पुराने टायर भी डाल दिए जाते हैं। इससे अधिक वायु प्रदूषण फैलता है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी साक्षी शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में वातावरण को प्रदूषित करने वाले ऐसे कोल्हू की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# 10 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। कक्षा चार में पढ़ने वाली 10 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी पड़ोस के गांव में गेहूं कटाई के लिए गई थी। आरोपी ने बच्ची को अकेला पाकर कोल्ड ड्रिंक पिलाने का बहाना बनाया। फिर उसे सीमेंट फैक्ट्री ले गया। विरोध करने पर आरोपी ने बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और दुष्कर्म किया। इस दौरान परिजन बच्ची की तलाश में फैक्ट्री पहुंचे। उन्होंने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। जब इस बारे में आरोपी के भाई को बताया गया, तो उसने भी पीड़िता के परिवार के साथ गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। सीओ गढ़ वरुण मिश्रा ने बताया कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।




# आरएसके इंटर कॉलेज में स्कूल चलो अभियान के तहत सेशन का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली आरसके इंटर कॉलेज में गुरुवार को प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप उर्फ नीटू और प्रिंसिपल राजीव कुमार गोहित के द्वारा फीता काटकर स्कूल चलो अभियान के तहत सत्र प्रारम्भ किया गया है।

वहीं उन्होंने छात्र छात्राओं को प्रेरित कर उन्हें प्रतिदिन स्कूल आने आहवान भी किया गया हैं। प्रिंसिपल राजीव कुमार गोहित ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के तहत शिक्षण सत्र का प्रारंभ किया गया है जिसमें पहले दिन करीब ढाई सौ छात्र छात्राएं स्कूल पहुंचे जिनके तिलक लगाने के साथ ही पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया है। सेवंथ क्लास की छात्रा कीर्ति,आफरीन, प्रिति और दिव्यांशी समेत का कहना हैं कि स्कूल में पहली बार बहुत ही भव्य स्वागत हुआ जिसमें उनके तिलक लगाया गया और उनपर पुष्प वर्षा की गई है। उन्हें एक अजीब सी खुशी महसूस हुई है, पढ़ाई करने का और भी अधिक हौसला बढ़ गया है। इस दौरान राजकीय इंटर कॉलेज हिम्मतपुर की प्रिंसिपल विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेने आई कुमारी शैलजा, पायल समेत कॉलेज टीचर्स और स्टाफ मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नही है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सुहैल व उसकी पत्नी साईमा व इनके पुत्र तैमूर से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होगें।
जैबूनिशां पत्नी मौ. इरफान निवासी मौ. गंज, कस्बा अमीनगर सराय, थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत।

# चीनी मिल के सैकड़ों मजदूरों ने किया अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली चीनी मिल के सैकड़ों मजदूरों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। मजदूरों का तीन माह का ओवरटाइम व ऑफ सीजन के भुगतान लगभग 3 करोड़ रुपए बकाया है। मजदूरों का कहना है कि पिछले कई महीनों से उन्हें ओवरटाइम का भुगतान नहीं मिला है।

उन्होंने कई बार मिल प्रबंधन से वार्ता की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। मजदूर सुदेश पाल ने बताया कि उन्होंने रात-दिन मेहनत की है। अब उनके पास रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए भी पैसे नहीं हैं। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द भुगतान नहीं किया गया तो वे मिल के बाहर प्रदर्शन करेंगे। मिल प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सूत्रों के अनुसार, प्रबंधन का कहना है कि वित्तीय कठिनाइयों के कारण भुगतान में देरी हो रही है। धरने में सुदेशपाल, हरेंद्र सिंह, इंद्रवीर, सुनील, पवन कुमार, अमर सिंह, ताहिर मोहम्मद, ओमपाल, तेजपाल सिंह, अरुण त्यागी और पप्पू समेत आदि मौजूद रहे।



# अभियान चलाकर 48 वाहनों के काटे चालान, 8 को किया निरूद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद में अपंजीकृत, बिना नंबर प्लेट, कर बकाए, फिटनेश समाप्त, नाबालिग द्वारा संचालित ई रिक्शा/ऑटो टेम्पो एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने सयुक्त अभियान चलाया गया जिसमें 48 वाहनों का चालान 8 वाहनों को निरुद्ध किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यालय पर अभियान चला कर 11 ई रिक्शा का फिटनेस जारी किया गया है।

निरुद्ध वाहनों को टी पी नगर में खड़ा किया गया है। अभियान एआरटीओ रमेश चौबे, पीटीओ आशुतोष उपाध्याय, यातायात निरीक्षक छवि राम द्वारा सयुक्त रूप से चलाया गया। यह अभियान पिलखुवा एवं जनपद के अन्य स्थानों चलाया गया। चालकों को सचेत किया गया कि वैध प्रपत्रों के साथ ही संचालन करे। उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान पूरे माह अनवरत रूप में जारी रहेगा। वाहन स्वामियों से अनुरोध है कि ऐसे ई रिक्शा जिनका पंजीयन नहीं हो सकता है उसे स्वयं ही कटवा कर स्क्रैप करा ले।



# गला घोंटकर सांप से डसवाने वाले आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी पत्नी व प्रेमी को भेजा जेल, पोस्टमार्टम में हुई थी हत्या की पुष्टि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना पुलिस ने प्रेमी संग मिलकर अपने ही पति की हत्या करने वाली हत्यारिन पत्नी और उसके प्रेमी को जेल भेज दिया है। इन दोनों आरोपियों ने पहले अमित की हत्या की तथा उसके बाद उसके पास सांप छोड़कर ड्रामा रस दिया कि उसे सांप ने काट लिया है जिससे उसकी मौत हो गई है। दोनों हत्यारोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म कबूल किया है। पति की हत्या करने वाली इस महिला को जरा भी इस बात का अफसोस नहीं है कि उसने अपने ही पति को प्रेमी संग मिलकर मौत के घाट उतार दिया है।

बताते चले कि बीते रविवार को बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया था। इस गांव में पहले अमित नाम के युवक की उसकी पत्नी रविता ने प्रेमी अमरदीप संग मिलकर हत्या की फिर उसे सांप से डसवाने का ड्रामा रच दिया। जब पूरा मामला खुला तो बहसूमा थाना प्रभारी इंदु वर्मा ने आरोपी पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मेरठ के बहसूमा में शहर के सौरभ हत्याकांड जैसा ही एक और मामला सामने आया है। यहां पत्नी ने पति की प्रेमी संग मिलकर न सिर्फ हत्या की और पुलिस को गुमराह करने के लिए सांप के काटने की कहानी गढ़ दी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद बुधवार को पूरे मामले का खुलासा कर दिया। गुरुवार को आरोपी पत्नी और प्रेमी को पुलिस ने जेल भेज दिया। हालांकि आरोपी पत्नी रविता अभी भी पुलिस और मृतक अमित के परिवार के लोगों को गुमराह करने के लिए बार-बार यह आरोप लगा रही है कि उसके पति अमित ने ही उसके अपने दोस्त अमरदीप से अवैध संबंध बनवाए थे। मीडिया लगातार इस घटनाक्रम को उठा रहा था बार-बार मीडिया रिपोर्टर इस बात की शंका जता रहे थे कि अकबरपुर सादात गांव के अमित कश्यप उर्फ मिक्की (25) की मौत वाइपर सांप के काटने से नहीं हुई थी और पुलिस जांच में यही बात सच हुई है कि मृतक अमित की हत्या उसकी पत्नी रविता ने प्रेमी अमरदीप के साथ मिलकर की थी।

### रविता व उसके प्रेमी अमरदीप ने हत्या करना किया स्वीकार

पुलिस के सामने रविता ने मीडिया को बताया कि उसके पति अमित ने ही पड़ोसी अमरदीप से उसे मिलवाया था। रविता ने बताया कि अमरदीप व उसका पति टैल पत्थर लगाने का काम एक साथ करते थे और उसके पति ने ही अमरदीप से उसके अवैध संबंध कराए थे। हालांकि बाद में उसका पति उनके मिलने का विरोध करने लगा था तथा आए दिन उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करता था। आरोपी महिला रविता का कहना था कि उसका पति अमित उससे धंधा करवाने, वीडियो वायरल



करने की धमकी भी देने लगा था तथा बार-बार उसे और उसके प्रेमी को जान से मारने की बात भी कहता था। रविता ने मीडिया को बताया कि घटना की रात उसने प्रेमी अमरद. ीप को बुलाकर अपने पति की हत्या की थी। हत्या के समय रविता ने अपने पति अमित के हाथ पकड़े थे तथा उसके प्रेमी अमरदीप ने उसका गला दबाया था। इसके बाद उसने मृतक अमित के पास एक सांप छोड़ दिया था जो उसका प्रेमी महमूदपुर सिखेड़ा निवासी निखिल नाम के सपेरे से एक हजार रुपए में खरीद कर लाया था। रविता का प्रेमी अमरदीप भी बार-बार यही बात दोहरा रहा था कि यदि वह दोनों उसे न मरते तो अमित उनकी हत्या कर सकता था। अपनी जान बचाने के लिए ही उन्होंने अमित की हत्या की तथा सांप के काटने का ड्रामा रस दिया था। उसने बताया कि उनकी यह प्रेम कहानी एक साल पहले से चल रही थी। इसके बाद उन्होंने घटना को अंजाम दे दिया। निखिल ने बहसूमा में उसको सांप लाकर दिया था। इसके बाद वह सांप को झोले में बंद करके नहर पटरी पर ले गया। बाद में उसने रविता के साथ मिलकर अमित की हत्या की तथा सांप को अमित के नीचे बिस्तर पर छोड़ दिया। जिससे लोगों को लगे कि यह घटना सांप के काटने से हुई है।

## करनाल हाईवे पर नानू के निकट डिवाइडर से टकराया ट्रक, हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बुधवार देर रात मेरठ करनाल हाईवे पर नानू पुल के निकट कार को बचाने के चक्कर में एक ट्रक डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। जिसको ग्रामीणों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। गनीमत रही कि ट्रक पलटा नहीं, यदि पलट जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। मिली जानकारी के अनुसार पंजाब के गुरदासपुर निवासी शमशेर सिंह पुत्र हरवंत सिंह ट्रक में सामान लेकर गाजियाबाद के लिए चला था। जैसे ही वह करनाल हाईवे पर नानू गंगनहर पुल के निकट पहुंचा तो मेरठ की तरफ से तेजगति से एक कार सामने आ गई। उसे बचाने के लिए जैसे ही शमशेर सिंह ने कट मारा तो ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। इस दौरान ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहीगरों ने ट्रक चालक को किसी तरह बाहर निकाला और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूछताछ की और वापस लौट आई।

## 22 को विकास भवन सभागार में होगी जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक 22 अप्रैल को सांय चार बजे विकास भवन सभागार में होनी निश्चित हुई है। उन्हांने समिति के सम्मनित सदस्यों से गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, विभिन्न विभागों में उद्यमियों की समस्याओं पर विचार चर्चा, अन्य बिंदुओं अध्यक्ष की अनुमति से संबंधित पूर्ण विवरण कृत कार्यवाही के साथ बैठक में भाग लेने हेतु अनुरोध किया है। इस बैठक में उद्योग बंधु से जुड़े लोगो को जानकारी दी जाएगी साथ ही समस्याओं पर भी विचार किया जाएगा।

# आखिरी स्टेशन मोदीपुरम पर बिछा ट्रैक

### अंतिम चरण में पहुंचा सिविल कार्य, हाईवे पार करने के लिए मिलेगी एफओबी की सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के मेरठ सेक्शन पर तीव्र गति से सिविल और फिनिशिंग कार्य जारी है। इस कॉरिडोर के आखिरी नमो भारत स्टेशन मेरठ की तरफ मोदीपुरम पर हाल ही में ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। इस स्टेशन पर 3 प्लेटफॉर्म हैं, जिनमें से दो पर नमो भारत ट्रेन उपलब्ध होंगी जबकि एक प्लेटफॉर्म पर मेरठ मेट्रो ट्रेनें उपलब्ध होंगी। साथ ही इस स्टेशन का सिविल कार्य अंतिम चरण में है और स्टेशन की छत पीईबी के निर्माण के साथ-साथ फिनिशिंग कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है।

मोदीपुरम स्टेशन राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर स्थित है। यह स्टेशन 215 मीटर लंबा और करीब 34 मीटर चौड़ा है। स्टेशन की ऊंचाई तकरीबन 16 मीटर है। लोगों की सहूलियत को देखते हुए हाईवे पर सड़क के दोनों ओर को जोड़ने के लिए फुटओवर ब्रिज (एफओबी) भी बनाया जा रहा है। इससे न केवल नमो भारत के यात्रियों को सुविधा होगी बल्कि उन लोगों को भी सुविधा मिलेगी जो सड़क पार करना चाहते हैं। इस एफओबी का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और पीईबी स्ट्रक्चर (छत) से जुड़े सिविल कार्य किए जा रहे हैं। इस स्टेशन के संचालित होने से मोदीपुरम के साथ-साथ पल्लवपुरम, पल्हैड़ा, दुल्हैडा चौहान और यहां बनी सोसाइटीज जैसे एटूजेड, सुपरटेक आदि में रहने वाले लोगों को भी लाभ मिलेगा। मोदीपुरम स्टेशन पर दो एंट्री-एग्जिट हैं। स्टेशन पर तकनीकी कमरे भी लगभग तैयार हैं। इस स्टेशन पर तीन प्लैटफॉर्म हैं, 8 स्टेयरकेस (सीढ़ियां) एवं इतने ही एस्केलेटर हैं। इनमें से चार कॉनकोर्स से प्लेटफॉर्म को कनेक्ट करते हैं जबकि दो-दो एंट्री-एग्जिट पर हैं। स्टेशन पर 6 लिफ्ट भी हैं, जिन्हें इंस्टॉल किया जा चुका है। मोदीपुरम



स्टेशन के एंट्री-एग्जिट ए दिल्ली से मोदीपुरम की ओर पर स्टील रेलिंग लगाई जा चुकी है और ग्रेनाइट फिक्सिंग यानी पत्थर बिछाने समेत अन्य कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं। वहीं, एंट्री-एग्जिट बी दिल्ली की ओर पर रेलिंग लगाने का काम जारी है।

इस कॉरिडोर के मेरठ सेक्शन पर फिलहाल मेरठ साउथ से शताब्दी नगर स्टेशन के बीच ट्रायल रन जारी हैं और जल्द ही मोदीपुरम स्टेशन तक भी ट्रायल रन शुरू हो जाएंगे। मोदीपु. रम स्टेशन पर नमो भारत के साथ-साथ मेरठ मेट्रो की सुविधा भी मिलेगी। एक अनूठी पहल के तहत देश में ऐसा पहली बार होगा कि एक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सेमी-हाई स्पीड नमो भारत और मेट्रो ट्रेन, दोनों दौड़ती नजर आएंगी। मेरठ मेट्रो की सेवाएं मेरठ साउथ से मोदीपुरम डिपो के बीच उपलब्ध होंगी जिनमें 23 किलोमीटर के खंड पर 13 स्टेशन शामिल हैं। वर्तमान में इस कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेनों का संचालन 55 किलोमीटर के हिस्से में 11 स्टेशनों पर न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक किया जा रहा है। सराय काले खां से मोदीपुरम तक 82 किलोमीटर लंबे इस संपूर्ण कॉरिडोर को इसी साल संचालित करने का लक्ष्य है।

## पुलिस ने 200 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि स्वाट टीम प्रथम जनपद मेरठ उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह व थाना पुलिस के वरिष्ठ उप निरीक्षक भूपेंद्र कुमार एसआई राजकुमार पुलिस स्टाफ के साथ नहर पुल पर चेकिंग अभियान के दौरान संयुक्त कार्यवाही में खालिद पुत्र सगीर को लगभग 200 पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया कि वह शराब गांव फरीदाबाद हरियाणा से लाकर कस्बा मकर जिला छपरा बिहार बेचने ले जा रहा था पूछताछ में बताया कि बिहार में किसको माल देना है तो उसने बताया कि मुझे इसकी जानक. ारी नहीं है वहीं पर कुछ लोग मिलने पर संबंधित को माल दे देता हूं। चालक से पूछताछ हुई तो बताया कि किसके द्वारा यह शराब बेची व लधवाई गई है तो बताया कि यह अवैध अंग्रेजी शराब में फरीदाबाद हरियाणा के रहने वाले एक व्यक्ति से



खरीदता था और लकड़ी की पेटियो में छुपा कर बेचने के लिए बिहार ले जाता हैं। बरामद ई बिल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ई बिल में अंकित ऑल ग्रेट फोटो पिलर टाइप ड्रिलिंग मशीन की आड़ में अवैध शराब की पेटिया गाड़ी में लदी हुई है और यह बिल भी फर्जी है। वह इस शराब को दो-तीन बार पहले भी बिहार ले जाकर बेच चुका है जिसे गुरुवार को परीक्षितगढ़ पुलिस ने चें. कंग के दौरान पकड़ लिया। आरोपी के अभी तक दो बैंकों के लेनदेन की जांच की गई जिसमें करीब 22 लाख रुपए की कीमत का लेनदेन होना पाया गया है। बाकी खातों की भी जांच की जा रही है। खालिद निवासी ग्राम गंगावली थाना बीबी नगर जनपद बुलंदशहर उम्र लगभग 25 वर्ष के पास से 200 अवैध शराब कीमत लगभग 22 लाख रुपए व 2000 नगद एक गाड़ी आईसर कैंटर रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 15 सीटी 0876 दो मोबा. इल बरामद किए गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया यहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## गंगनहर में डूबे संदीप का नहीं लगा सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** दोस्त को बचाते समय गंगनहर में डूबकर लापता हुए संदीप गोस्वामी का सुराग नहीं लग पाया। गुरुवार को पीएसी के गौताखोरों ने दिन भर उसकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। उधर, संदीप के परिजनों ने थाने में एक तहरीर देकर दोस्तो द्वारा संदीप को डुबाने का आरोप लगाया है। बता दें, कि बुधवार को कुशावली निवासी हर्ष ने ग्रह क्लेश से क्षुब्ध होकर अटेरना पुल से गंग. नहर में छलांग लगा दी थी। उसका पीछा करते हुए यहां पहुंचे उसके दोस्त झिटकरी निवासी संदीप व विक्रांत ने भी उसे बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी थी। इस दौरान हर्ष को तो उन्होंने बचा लिया था, लेकिन वापस लौटते समय संदीप पानी के तेज बहाव में बह गया था। सूचना मिलते ही थाना पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय गौताखोरों की मदद से संदीप को गंग. नहर में तलाश कराया था, लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया था। गुरुवार को पीएसी के गौताखोर संदीप को तलाश करने यहां पहुंचे। उन्होंने स्टीमर की मदद से दिनभर गंगनहर में



संदीप की तलाश की, लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया। खबर लिखे जाने तक संदीप की तलाश जारी थी। उधर, संदीप के परिजनो ने उसके दोस्तों पर उसे साजिशन नहर में डुबाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने दोस्तों के खिलाफ तहरीर भी दी। जिसमें विभिन्न आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई थी। पुलिस उसके दोस्तों से भी पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पीएसी के गौताखोरों की मदद से नहर में डूबे संदीप की तलाश कराई जा रही है। परिजनों ने तहरीर दी है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## किसानों ने कलक्ट्रेट पर किया अवैध खनन का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुर्जर के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिसमें उनका कहना था कि थाना मुंडाली के ग्राम बढ़ला तहसील सदर मेरठ में भारी मात्रा में अवैध खनन चल रहा था जिसकी जानकारी 14 अप्रैल को अधिकारियों को दी गई हद तो तब हो गई जब किसानों के खेत भी गड्ढे में चले गए इसके बावजूद खनन करने वाली एक जेसीबी एक पोरकलेन मशीन लगभग 14 बड़े डंपर नायब तहस. ीलदार के द्वारा थाना मुंडाली में सीज किए गए एवं खनन अधिकारी से फोन पर जब बात की गई तो उसने बताया कि अभी परमिशन डीएम साहब के यहां पेंडिंग है।

## हिन्दू संगठन ने की बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय वैदिक हिंदू संगठन भारत के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शीतल गहलोत के नेतृत्व में एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि केंद्र सरकार ने संसद भवन में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पास किया है। जिसको लेकर पश्चिम बंगाल में ममता सरकार ने अपने राज्य में लागू न करने की बात कही है जिससे वहां दंगा भड़का व कई लोग मारे गए और हिंदू समुदाय के परिवार पलायन करने पर मजबूर हो गए। उन्होंने कहा कि पलायन करने वाले हिंदू समाज के लोग डरे हुए हैं बंगाल की सरकार से उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए जिससे हिंदू परिवारों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि बिरंगा इलाके में 300 से 400 मुस्लिम लोगों ने सड़क पर हुड़दंग मचाने का काम किया है। जिससे हिंदू समाज के लोगों में भय है।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने नेशनल हेराल्ड मामले में रखा अपना पक्ष

### कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को किया जा रहा है परेशानः गौरव भाटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि ईडी द्वारा अवैधानिक तरीके से नेशनल हेराल्ड मामले में शीर्ष नेतृत्व एवं गांधी परिवार को परेशान किया जा रहा है। ईडी की इस कार्रवाई से सभी कांग्रेसियों में गहरा रोष हैं।

देश में प्रत्येक मुख्यालय पर कांग्रेसियों ने इसी मामले को लेकर ज्ञापन भी सौंपे हैं। उन्होंने मांग की है कि ईडी की इस कार्रवाई पर तुरंत रोक लगाई जाए। इस दौरान मासूम असगर, सबी खान, नसीम सैफी, अरुण कौशिक, तरुण शर्मा, मनिंदर सूद, जगदीश शर्मा, युवा नेता अमिर राजा आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने की ट्यूबवेल पर 12 घंटे बिजली देने की मांग

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष नवाब सिंह ने ज्ञापन देते हुए बताया कि मेरठ जिले में ट्यूबवेल को बिजली दो शिफ्टो में दी जा रही है जिस कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने मांग की है की ट्यूबवेलो पर लगातार 12 घंटे बिजली दी जाए, जिससे किसानों को खेती करने में कोई दिक्कत ना हो। इसके अलावा उन्होंने किसानों के बकाया भुगतान की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं से किसान परेशान है आवारा पशु फसल में घुस जाते हैं जिसके कारण किसानों का हजारों का नुकसान होता है इसके खिलाफ कई बार शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन इन आवारा पशुओं का विभाग ने कोई निस्तारण नहीं किया। उन्होंने कहा कि जटोली गांव के सामने एनएच 58 पर दो कट बने हैं जिनसे आए दिन घटनाएं हो रही हैं इन कटों को तुरंत बंद किया जाए, जिससे घटनाओं का सिलसिला बंद हो सके।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04098/04097 आनन्द विहार टर्मिनल – सीतामढ़ी – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| गाड़ी सं. 04098 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04097 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 05:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 01:30 | ---- |
| 02:30 | ---- | सीतामढ़ी | ---- | 03:45 |

**चलने के दिनः 04098 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार व शुक्रवार) को और **04097 सीतामढी** से दिनांक 23.04.2025 से 12.07.2025 तक (बुधवार व शनिवार) को। **ठहरावः** गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी, गाज़ीपुर सिटी, बलिया, छपरा जं., सोनपुर जं. हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन. **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04504/04503 चंडीगढ़ – पटना जं. – चंडीगढ़ आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 12 फेरे

| गाड़ी सं. 04504 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04503 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:35 | चंडीगढ़ | 23:10 | ---- |
| 22:10 | ---- | पटना जं. | ---- | 22:45 |

**चलने के दिनः 04504 चंडीगढ़** से दिनांक 24.04.2025 से 29.05.2025 तक (गुरुवार) को और **04503 पटना जं.** से दिनांक 25.04.2025 से 30.05.2025 तक (शुक्रवार) को। **ठहरावः** अम्बाला छावनी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, सुल्तानपुर, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन। **स्थानः** प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04030/04029 आनन्द विहार टर्मिनल – मुजफ्फरपुर जं. – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 16 फेरे

| गाड़ी सं. 04030 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04029 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 03:10 | ---- |
| 04:30 | ---- | मुजफ्फरपुर जं. | ---- | 06:15 |

**चलने के दिनः 04030 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 22.04.2025 से 17.05.2025 तक (मंगलवार व शनिवार) को और **04029 मुजफ्फरपुर जं.** से 23.04.2025 से 18.05.2025 तक (बुधवार व रविवार) को। **ठहरावः** मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी, जौनपुर जं., औंडिहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04012/04011 दिल्ली जं. – दरभंगा जं. – दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| गाड़ी सं. 04012 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04011 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:30 | दिल्ली जं. | 22:40 | ---- |
| 20:30 | ---- | दरभंगा जं. | ---- | 22:00 |

**चलने के दिनः 04012 दिल्ली जं.** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार व शुक्रवार) को और **04011 दरभंगा जं.** से दिनांक 23.04.2025 से 12.07.2025 तक (बुधवार व शनिवार) को। **ठहरावः** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, सुल्तानपुर जं., जौनपुर सिटी, वाराणसी, औंडिहार जं., ग़ाज़ीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04094/04093 आनन्द विहार टर्मिनल – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 24 फेरे

| गाड़ी सं. 04094 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04093 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मिनल | 16:00 | ---- |
| 07:30 | ---- | जोगबनी | ---- | 09:30 |

**चलने के दिनः 04094 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 24.04.2025 से 10.07.2025 तक (गुरुवार) को और **04093 जोगबनी** से दिनांक 26.04.2025 से 12.07.2025 तक (शनिवार) को।

**ठहरावः** गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., लखनऊ, सुल्तानपुर जं., जौनपुर सिटी, वाराणसी, औंडिहार जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया, अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04213/04214 अयोध्या छावनी – आनन्द विहार टर्मिनल – अयोध्या छावनी आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 72 फेरे

| गाड़ी सं. 04213 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04214 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:20 | अयोध्या छावनी | 22:00 | ---- |
| 06:00 | ---- | आनन्द विहार टर्मिनल | ---- | 09:00 |

**चलने के दिनः 04213 अयोध्या छावनी** से दिनांक 20.04.2025 से 10.07.2025 तक (रविवार, मंगलवार व गुरुवार) को और **04214 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 21.04.2025 से 11.07.2025 तक (सोमवार, बुधवार व शुक्रवार)। **ठहरावः** बाराबंकी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04302/04301 योग नगरी ऋषिकेश – मुजफ्फरपुर जं. – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 26 फेरे

| गाड़ी सं. 04302 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04301 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | ---- |
| 13:00 | ---- | मुजफ्फरपुर जं. | ---- | 15:00 |

**चलने के दिनः 04302 योग नगरी ऋषिकेश** से दिनांक 22.04.2025 से 15.07.2025 तक (मंगलवार) को और **04301 मुजफ्फरपुर जं.** से दिनांक 23.04.2025 से 16.07.2025 तक (बुधवार) को। **ठहरावः** हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं., सुल्तानपुर जं., वाराणसी जं., बलिया, सुरेमनपुर, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशन। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**01021/01022 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस – गोरखपुर जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 01021 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01022 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 08:30 | ---- |
| 06:00 | 06:10 | वाराणसी | 01:20 | 01:30 |
| 14:30 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 16:30 |

**चलने के दिनः 01021 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस** से दिनांक 16.04.2025 को (बुधवार) को और **01022 गोरखपुर जं.** से दिनांक 18.04.2025 को (शुक्रवार) को। **ठहरावः** दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं. एवं मऊ जं. स्टेशन. **स्थानः** कुर्सीयान।

**04212/04211 सुल्तानपुर – लोकमान्य तिलक टर्मिनस – सुल्तानपुर आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 22 फेरे

| गाड़ी सं. 04212 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04211 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:00 | सुल्तानपुर | 23:00 | ---- |
| 14:00 | ---- | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | ---- | 16:35 |

**चलने के दिनः 04212 सुल्तानपुर** से दिनांक 05.05.2025 से 14.07.2025 तक (सोमवार) को और **04211 लोकमान्य तिलक टर्मिनस** से दिनांक 06.05.2025 से 15.07.2025 तक (मंगलवार) को। **ठहरावः** लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, रानी कमलापति (भोपाल), इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

1158/2025

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# नीरज चोपड़ा की दमदार वापसी

## ● 84.52 मीटर दूर भाला फेंक कर दक्षिण अफ्रीका में जीता पाट इनविटेशनल ट्रैक टूर्नामेंट ●

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पाट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की है। नीरज ने बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स कान्टिनेंटल टूर चौलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर छह खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय स्टार नीरज अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर का था। नीरज का प्रदर्शन हालांकि उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गए। इस प्रतियोगिता में सिर्फ दो खिलाड़ियों नीरज और स्मिट ने ही 80 मीटर की दूरी पार की। अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी राबर्टसन 71.22 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज अपने नए कोच चेक गणराज्य के जान जेलेज्नी की निगरानी में पोटचेफस्ट्रूम में अभ्यास कर रहे हैं। जेलेज्नी तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। भारत का यह 27 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल लंबे समय तक अपने कोच रहे जर्मनी के क्लास बार्टोनिट्ज से अलग हो गए थे। वह 16 मई को दोहा डायमंड लीग में एलीट प्रतियोगिताओं में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। नीरज ने 2020 टोक्यो (स्वर्ण) व 2024 पेरिस (रजत) ओलंपिक खेलों में लगातार दो पदक जीते। नीरज का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। वह पिछले लंबे समय से 90 मीटर का आंकड़ा छूने का प्रयास कर रहे हैं। जेलेज्नी के मार्गदर्शन में नीरज अपनी कामयाबी को एक अलग स्तर पर ले जाने की कोशिश करेंगे। 1992, 1996 और 2000 के ओलंपिक खेलों में स्वर्ण विजेता जेलेज्नी के नाम अब तक के शीर्ष दस सर्वश्रेष्ठ थ्रो में से पांच थ्रो हैं।

## सौरभ कोठारी ने आईबीएसएफ विश्व बिलियड्र्स खिताब जीता



**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता के सौरव कोठारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईबीएसएफ विश्व बिलियड्र्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। आयरलैंड के कार्लो में खेले गए फाइनल मुकाबले में चालीस वर्षीय कोठारी ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी और दिग्गज बिलियड्र्स खिलाड़ी पंकज आडवाणी को 725-480 से हराकर विश्व बिलियड्र्स चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। कोठारी का यह दूसरा विश्व खिताब है।

# एयरपोर्ट पर धोनी ने व्हीलचेयर पर बैठी प्रशंसक के साथ ली सेल्फी

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के व्यवहार ने एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया। एयरपोर्ट पर धोनी ने दरियादिली दिखाई और व्हीलचेयर पर बैठी एक प्रशंसक के साथ सेल्फी ली।

धोनी सुरक्षाकर्मियों के बीच से गुजर रहे थे और उनकी नजर

**■ धोनी के व्यवहार ने एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया**

प्रशंसक पर पड़ी जो उनके साथ फोटो लेना चाहती थी। धोनी थोड़ी देर के लिए रुके और प्रशंसक की तरफ गए। धोनी ने उस प्रशंसक का फोन लिया और उनके साथ सेल्फी ली। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग माही के इस व्यवहार की काफी प्रशंसा कर रहे हैं। भारत को अपनी कप्तानी में विश्व कप दिला चुके धोनी कई बार ऐसा कर चुके हैं और प्रशंसकों के साथ उनका व्यवहार हमेशा ही सरल होता है। उन्हें अक्सर प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचवाते देखा जाता है, खासकर अपने गृहनगर रांची में। धोनी इस वक्त आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं। सीएसके के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट के शेष सत्र से बाहर हो गए हैं जिस कारण धोनी उनकी अनुपस्थिति में कमान संभाल रहे हैं। धोनी का समर्थन करने के लिए चेन्नई के घरेलू मैदान एमए चिदंब. रम स्टेडियम पर ही नहीं, बल्कि हर वेन्यू पर प्रशंसक आ रहे हैं। सोमवार को सीएसके और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच मैच के दौरान अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में भी धोनी की दीवानगी देखने को मिली थी। धोनी ने लखनऊ में अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और सीएसके ने लगातार पांच मैच हारने के बाद जीत हासिल की थी। उस मैच में धोनी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया था और 2018 सीजन के बाद पहली बार उन्हें प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया था। धोनी आईपीएल इतिहास में प्लेयर आफ द मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। सीएसके का सामना अब रविवार को मुंबई से वानखेड़े स्टेडियम पर होगा।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025: मशाल गौरव यात्रा का भव्य स्वागत

**समस्तीपुर, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के बिहार में आयोजन के अवसर पर मशाल गौरव यात्रा आज समस्तीपुर जिले में पहुंची। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय प्रशासन, खेल प्रेमियों, युवाओं और आम जनता ने मशाल गौरव यात्रा का अत्यंत उमंग और उल्लास के साथ भव्य स्वागत किया। यह यात्रा खेलो इंडिया यूथ गेम्स के प्रति जनजागरण और उत्साह बढ़ाने के लिए बिहार के 38 जिलों से होकर गुजर रही है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन पहली बार बिहार में किया जा रहा है, जो 04 मई से 15 मई तक नालंदा, पटना, गया, भागलपुर, बेगूसराय में संपन्न होगा। इस आयोजन में देशभर के हजारों युवा खिलाड़ी भाग लेंगे, जो अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएंगे। मशाल गौरव यात्रा का उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं में उत्साह जगाना और पूरे राज्य में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। समस्तीपुर में मशाल गौरव यात्रा के स्वागत के दौरान युवाओं और खेल प्रेमियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, जिससे इस आयोजन की सफलता की उम्मीद और भी मजबूत हुई। स्थानीय अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी पूरी सक्रियता दिखाई।

## वनडे क्रिकेट एक अलग तरह की चुनौती: रोहित

**पचास ओवर के प्रारूप से मेरा जुड़ाव गहरा रहा है: रोहित शर्मा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी-20 क्रिकेट की बढ़ती साख के बीच वनडे क्रिकेट के भविष्य का समर्थन किया है।

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के साथ एक पाडकास्ट में बताया कि किस तरह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के दौरान उनकी टीम को चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि वनडे क्रिकेट हमेशा से ऐसी चुनौती पेश करता है जो कोई प्रारूप नहीं देता। रोहित ने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा व्यवस्था में टी-20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद, वनडे क्रिकेट खेल के सबसे सम्मानित प्रारूपों में से एक बना हुआ है। उन्होंने बताया कि 50 ओवर के प्रारूप से उनका जुड़ाव गहरा है, जो एक क्रिकेटर के रूप में उनके प्रारंभिक वर्षों से जुड़ा है। रोहित ने कहा, मुझे पता है कि वनडे क्रिकेट को लेकर कई तरह की बातें की जाती हैं कि यह स्थायी है या नहीं।

हम सभी लोग वनडे विश्व कप, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी देखकर ही बड़े हुए हैं और हमने ये खेल खेला भी है। वो सब मैच रोमांचक होते हैं। मुझे पता है कि वह पहले की बातें हैं क्योंकि लोग अब टी-20 क्रिकेट देख रहे हैं, लेकिन वनडे क्रिकेट की चुनौती अलग ही है। भारत ने हाल ही में रो. हित की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। रोहित ने इस दौरान पांच मैचों में 180 रन बनाए थे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल मैच में 83 गेंदों पर 76 रन बनाए थे जिससे भारत खिताब अपने नाम करने में सफल रहा था।

# गंभीर के कमेंट्स लीक होने के बाद बड़ी कार्रवाई

## बीजीटी में हार के बाद BCCI ने कोचिंग स्टाफ को दिखाया बाहर का रास्ता

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने बार्डर गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में टीम इंडिया की 1-3 से हार और ड्रेसिंग रूम की बातें लीक होने पर तीन कोचिंग स्टाफ को हटा दिया है। इसमें सहायक कोच अभिषेक नायर के अलावा फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेनर सोहम देसाई शामिल हैं। हालांकि बीसीसीआई की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक नायर की जगह किसी को नियुक्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि बल्लेबाजी कोच के तौर पर सितांशु कोटक पहले ही टीम इंडिया के साथ जुड़े हुए हैं।

वहीं, दिलीप का काम सहायक कोच रेयान टेन डेस्काटे देखेंगे। ट्रेनर सोहम देसाई की जगह ट्रेनर सोहम देसाई की जगह एड्रियन ली लेंगे, जो अभी आईपीएल में पंजाब किंग्स के साथ जुड़े हुए हैं। वे 2008 से 2019 तक ङ्गइङ्गत टीम के साथ भी थे। उन्होंने 2002 से 2003 तक टीम इंडिया के साथ भी काम किया। उनका बीसीसीआई के साथ कान्ट्रैक्ट हो गया है। दिलीप और सोहम को भारतीय टीम के साथ तीन साल से ज्यादा समय हो गया था।

जबकि अभिषेक नायर 8 महीने पहले ही टीम के साथ जुड़े थे। बीजीटी के दौरान गंभीर की ड्रेसिंग रूम में कही बात लीक हो गई थी बीजीटी के दौरान मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों की परफार्मेंस को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने ड्रेसिंग



रूम में लौटने के तुरंत बाद पूरी टीम से कहा कि अब बहुत हो गया। गंभीर ने खिलाड़ियों के गलत शॉट सिलेक्शन पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि नेचुरल गेम खेलने का बहाना बनाने वाले खिलाड़ियों को सिचुएशन के हिसाब से खेलना होगा। गंभीर की यह बात लीक हो गई थी। उसके बाद गंभीर ने कहा था कि प्लेयर्स और कोच के बीच की बातचीत ड्रेसिंग रूम तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसे बाहर नहीं आना चाहिए। गंभीर ने ड्रेसिंग रूम में तनाव की खबरों का भी खंडन किया था और कहा कि ये केवल रिपोर्ट हैं, इसमें सच्चाई नहीं। भारत पहला टेस्ट जीता, एक ड्रा और तीन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहे भारत बार्डर गावस्कर सीरीज 3-1 से हारा था। इस सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला गया था। भारत ने 295 रन से इस मैच को जीता था। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वापसी की और एडिलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारत को 10 विकेट से हराया। वहीं, बिस्ब्रेन में खेला गया तीसरा मुकाबला ड्रा रहा। मेलबर्न में खेले गए चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रनों से हराया। सिडनी में खेला गया आखिरी मुकाबला भी ऑस्ट्रेलिया 6 विकेट से जीता। भारत के दो मुख्य बल्लेबाज रोहित और कोहली का खराब प्रदर्शन भारत के दो टॉप बैटर रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम की सबसे बड़ी कमजोरी साबित हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए। जबकि, रोहित से 5 पारियों में मात्र 31 रन बन सके। भारतीय टीम सीरीज की 9 इनिंग में 6 बार 200 का आंकड़ा पार न कर सकी। आईपीएल मैच एनालिसिस आईपीएल में रोमांचक सुपर ओवर थ्रिलररूस्टार्क की जादुई गेंदबाजी से दिल्ली ने राजस्थान को हराया, टेबल टॉपर बनी कैपिटल्स दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रायल्स को आईपीएल के 18वें सीजन के पहले सुपर ओवर में हरा दिया।

# सुरुचि-सौरभ ने मिश्रित स्पर्धा में जीता सोना



● सुरुचि और सौरभ ने स्वर्ण पदक के लिए हुए मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए चीन की जोड़ी को 17-19 से हराकर स्वर्ण पदक कब्जाया

**लीमा, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह और सौरभ चौधरी ने आईएसएसएफ विश्वकप 2025 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया है।

हुई स्पर्धा में सुरुचि और सौरभ ने स्वर्ण पदक के लिए हुए मुकाबले में 8-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीन की याओ कियानक्सुन और हू काई की जोड़ी को 17-9 से हराया। इस वर्ष आईएसएसएफ विश्वकप में सुरुचि का यह तीसरा स्वर्ण और कुल मिलाकर चौथा पदक था। उन्होंने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में और मंगलवार को लीमा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजी स्पर्धा जीत दर्ज की थी। उन्होंने ब्यूनस आयर्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सौरभ के साथ कांस्य पदक भी जीता था। दूसरी ओर, सौरभ ने भी पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर लगभग तीन वर्षों में आईएसएसएफ विश्वकप में अपना पहला व्यक्तिगत पदक जीता था। इस बीच, 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक मैच में मनु भाकर और रविंदर सिंह को चीन के मा कियानके और झांग यिफान की जोड़ी ने 16-6 से हराया। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वालीफिकेशन राउंड में सुरुचि सिंह (291) और सौरभ चौधरी (289) ने कुल 580 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था।

## दिल्ली स्वामी विवेकानंद अंडर 20 पुरुष एनएफसी सेमीफाइनल में

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** गत चैंपियन दिल्ली ने गुरुवार को चंडीगढ़ को 8-0 से हराकर स्वामी विवेकानंद अंडर 20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। यहां खेले गए मुकाबले के पहले सत्र में दिल्ली ने सात गोल किये। दिल्ली की ओर से मोइरंगथेम राज. ेश्वर सिंह, आदित्य अधिकारी और लैशराम राहुल मैतेई ने दो-दो गोल तथा सांखिल दारपोल तुइशांग और अरमान अहमद ने एक-एक गोल किए। दिल्ली ने शुरू से ही मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और सातवें मिनट में मोइरंगथेम राजेश्वर सिंह के गोल कर दिल्ली को बढ़त दिलाई। आदित्य अधिकारी ने 16वें मिनट में दूसरा गोल किया।

# आर्सेनल चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में



**मैड्रिड, वार्ता।** आर्सेनल एफ सी ने रियल मैड्रिड को हराकर चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को खेले गए मुकाबले में आर्सेनल ने रियल मैड्रिड 2-1 हराया। आर्सेनल की ओर से पहला गोल 65वें मिनट में बुकायो साका ने किया। वहीं उसने दूसरा गोल गेब्रियाल मार्टिनेली ने इंजरी टाइम में किया। इस जीत के साथ ही आर्सेनल ने 16 साल बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले आर्सेनल ने 2009 चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत दर्ज की थी और इस तरह से उसने रियाल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ रियल मैड्रिड का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया है। सेमीफाइनल में आर्सेनल का मुकाबला पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा। दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा।

# हैदराबाद ने मुंबई को 163 रनों का लक्ष्य दिया

## अभिषेक ने 40, क्लासन ने 37 रन बनाए, मुंबई से विल जैक्स को 2 विकेट

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल के 33वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को 163 रन का टारगेट दिया। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने बालिंग चुनी।

हैदराबाद ने 5 विकेट खोकर 162 रन बनाए। हेनरिक क्लासन ने 37 और अभिषेक शर्मा ने 40 रन बनाए। मुंबई से विल जैक्स ने 2 विकेट लिए। मुंबई इंडियंस ने 1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 7 रन बना लिए हैं। टीम से रायन रिकेलटन और रोहित शर्मा ओपनिंग करने उतरे। हैदराबाद से मोहम्मद शमी ने पहला ओवर फेंका। सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस हारकर पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 162 रन बना दिए। पैट कमिंस ने 8 और अनिकेत वर्मा ने 18 रन बनाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। अभिषेक शर्मा ने 40 और हेनरिक क्लासन ने 37 रन बनाए। मुंबई से विल जैक्स ने 2 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या ने 1-1 विकेट लिया। मुंबई से 20वां ओवर कप्तान हार्दिक पंड्या ने फेंका। उनके खिलाफ अनिकेत वर्मा ने 2 और पैट कमिंस ने 1 छक्का लगाया। इस ओवर में 22 रन बन गए। इससे पहले 18वें ओवर में दीपक चाहर के खिलाफ 21 रन बने थे। हैदराबाद ने 19वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। जसप्रीत बुमराह ने ओवर की पहली बाल लो फुल



टॉस फेंकी। हेनरिक क्लासन बाल को पूरी तरह मिस कर गए और बोल्ड हो गए। उन्होंने 37 रन बनाए। 17वें ओवर में हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवा दिया। ट्रेंट बोल्ट ने ओवर की चौथी बाल फुलर लेंथ फेंकी, नीतीश रेड्डी बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन लान्ग आन पर तिलक वर्मा के हाथों कैच हो गए। नीतीश ने 21 गेंद पर 19 रन बनाए। 15वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने 100 रन पूरे कर लिए। हेनरिक क्लासन ने ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ दूसरी बाल पर चौका लगाया और टीम की सेंचुरी पूरी करा दी। 12वें ओवर में मुंबई इंडियंस को तीसरा विकेट मिला। विल जैक्स ने ओवर की पहली बाल ऑफ स्टंप के बाहर शार्ट पिच फेंकी। ट्रैविस हेड लान्ग ऑफ पर मिचेल सैंटनर के हाथों कैच हो गए। हेड ने 29 गेंद पर 28 रन बनाए। 10वें ओवर में ट्रैविस हेड नो बाल पर कैच हो गए। ओवर की तीसरी गेंद हार्दिक पंड्या ने गुड लेंथ पर फेंकी, हेड डीप मिड-विकेट पोजिशन पर कैच हो गए। हेड पवेलियन जाने लगे, लेकिन थर्ड अंपायर ने नो बाल का सायरन बजा दिया। हेड फ्री हिट पर भी कैच हुए। वे इस वक्त 24 रन पर बैटिंग कर रहे थे। 9वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने दूसरा विकेट गंवाया। विल जैक्स ने ओवर की चौथी बाल ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। ईशान किशन आगे निकलकर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन स्टंपिंग हो गए। वे 2 ही रन बना सके। 8वें ओवर में मुंबई इंडियंस ने पहला विकेट लिया।

शाह टाइम्स


# सम्पादकीय

शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

## वक्फ पर अंतरिम रोक

गुरुवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम पर आया फैसला निश्चित रूप से केंद्र सरकार के लिए किसी झटके से कम नहीं है। मुख्य न्यायधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की तीन सदस्यीय पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर तुषार मेहता की दलील सुनने के बाद कहा कि मौजूदा वक्त में अगली सुनवाई तक कोई बदलाव नहीं होना चाहिए। वक्फ संशोधन मामले की अगली सुनवाई पांच मई को होगी। हालांकि सरकारी वकील तुषार मेहता का कहना था कि वह इस संबंध में केंद्र सरकार की तरफ से चार दिन के भीतर जवाब दाखिल करेंगे और अगली तारीख तक परिषद या बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं होगी। तुषार मेहता का यह भी कहना था कि देश की शीर्ष अदालत ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर कुछ ज्यादा ही कठोर रूख अपनाया है। यह अपनाना नहीं चाहिए था। जाहिर है सरकार सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात को असरदार तरीके से रख पाने में सफल नहीं हुई। जिस तरह का रूख सुप्रीम कोर्ट का बुधवार को सुनवाई के दौरान देखने को मिला था। तभी साफ हो गया था कि सरकार अपना पक्ष मजबूती के साथ नहीं रख पा रही है। अदालत बुधवार को ही अंतरिम फैसला सुनाने जा रही थी, लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इस अपील पर कि सरकार को और सुनने का मौका दिया जाना चाहिए। तब पीठ गुरुवार को सुनवाई करने के लिए तैयार हो गई थी। अब सब कुछ शीर्ष अदालत के रूख पर निर्भर करेगा कि आगे चलकर वह किस तरह का फैसला सुनाते है। कानूनी जानकार तो यह भी मानकर चल रहे है कि बहुत संभव है कि वह निचली अदालत को सुनवाई के आदेश दे दे, तो अगर ऐसा होता है, तो मामला काफी लंबे समय के लिए लटक सकता है। यह तो पांच मई की सुनवाई के बाद ही पता चलेगा, लेकिन एक बात साफ है यह सरकार के लिए किसी झटके से कम नहीं है। जिस तरह सरकार वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर तेजी से आगे बढ़ रही थी उस पर तो ब्रेक लग ही गया है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि जब यह मामला अदालत में विचारधीन है तो लोग भी संयम का परिचय दे, लेकिन यह तभी संभव होगा जब सभी अपनी जिम्मेदारी को ठीक से समझें औरों की तो बात छोड़िए दो बड़े प्रदेशों के मुख्यमंत्री जिस तरह एक-दूसरे से उलझते दिखाई दे रहे है निसंदेह वह बेहद चिंता पैदा करने वाला है। बात तो बदकलामी तक पहुंच गई है। हम बात यहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच छीड़े जुबानी जंग की कर रहे है। जहां योगी आदित्यनाथ ममता पर यह आरोप लगा रहे है कि वह दंगाईयों से हमदर्दी रखती है तो वहीं ममता बनर्जी भी योगी को भोगी कहकर उन पर पलटवार कर रहीं है। ऐसी भाषा से बचना होगा। इस तरह की भाषा देश का वातावरण ही खराब करती है। बेहतर यही है कि सब अदालत के फैसले का इंतजार करें।

## अब जज विधायी चीजों पर फैसला करेंगे



भारत में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे और कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे, ऐसा पहली बार हुआ है, जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है, एक हालिया फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है, ऐसी कल्पना नहीं की थी, जहां राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने के लिए कहा जाएगा और अगर वे फैसला नहीं लेंगे, तो कानून बन जाएगा, अब जज विधायी चीजों पर फैसला करेंगे। वे ही कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही भी नहीं होगी क्योंकि इस देश का कानून उन पर लागू ही नहीं होता।

**जगदीप धनखड़**
**उपराष्ट्रपति**

# रिटायरमेंट के बाद अकेलेपन की कैद

## क्या शहर हमारे बुजुर्गों के लिए बन रहे हैं जेल?

**रिटायरमेंट के बाद का अकेलापन केवल एक भावनात्मक पीड़ा नहीं, बल्कि एक गहराता हुआ सामाजिक संकट है, जिसमें बुजुर्गों को उनका ही घर धीरे-धीरे एक ऐसी जेल में बदलता दिखता है, जहां दीवारें बोलती नहीं और लोग सुनते नहीं, संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के उदय ने बुजुर्गों के जीवन में गहरी दरारें डाल दी हैं, एक समय था जब दादी-नानी की कहानियां केवल बच्चों के मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि रिश्तों की जड़ों को सींचने वाली संवेदनाएं थीं**





वीरेंद्र कुमार

शहरों की चमचमाती रौशनी के पीछे एक स्याह साया है, जो हर शाम ढलते ही किसी खिड़की में उदासी बनकर टिक जाता है। यह साया किसी बुजुर्ग का है जो रिटायरमेंट के बाद, जीवन की उस अवस्था में पहुंचा है जहां उसे सबसे ज्यादा संवाद, साथ और सम्मान की ज़रूरत होती है। लेकिन इन महानगरों में, जहां वक्त की क़ीमत दौड़ से तय होती है, वहां उम्रदराज़ लोग अक्सर एक कोने में छूट जाते हैं। रिटायरमेंट के बाद का अकेलापन केवल एक भावनात्मक पीड़ा नहीं, बल्कि एक गहराता हुआ सामाजिक संकट है, जिसमें बुजुर्गों को उनका ही घर धीरे-धीरे एक ऐसी जेल में बदलता दिखता है, जहां दीवारें बोलती नहीं, और लोग सुनते नहीं।

संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के उदय ने बुजुर्गों के जीवन में गहरी दरारें डाल दी हैं। एक समय था जब दादी-नानी की कहानियां केवल बच्चों के मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि रिश्तों की जड़ों को सींचने वाली संवेदनाएं थीं। अब वही बुजुर्ग एक कमरे में टीवी के सामने अकेले बैठते हैं, जिन्हें केवल दवाइयों की समय-सीमा याद रखी जाती है, बाक़ी किसी संवाद की कोई आवश्यकता नहीं समझी जाती। शहरी जीवन की आपाधापी में बच्चे करियर, ट्रैफिक और प्रतिस्पर्धा में इतने उलझ गए हैं कि उन्हें अपने माता-पिता की आंखों में उगते सन्नाटे दिखाई ही नहीं देते। यह अकेलापन धीरे-धीरे अवसाद में बदलता है, फिर चुप्पी में, और अंततः कभी-कभी एक अनकहे अंत में। भारत जैसे देश में जहां 'मातृ-पितृ देवो भव' जैसी पंक्तियां संस्कृति का हिस्सा रही हैं, वहां रिटायरमेंट के बाद बुजुर्गों के जीवन की विडंबना और भी कटु हो जाती है। शहरों में बुजुर्गों के लिए न सार्वजनिक स्थल हैं, न सामुदायिक संवाद के मंच, और न ही कोई ऐसा तंत्र जो उन्हें जीवन के इस नए चरण में सक्रियता और सम्मान के साथ जीने का अवसर दे। उनकी सारी भूमिका केवल घर की रखवाली, दवाइयों की सूची और कभी-कभार बच्चों की देखभाल तक सीमित रह जाती है। धीरे-धीरे वे अपने ही घर में 'अतिरिक्त' महसूस करने लगते हैं। कुछ बुजुर्ग स्वयं वृद्धाश्रम की शरण लेते हैं, क्योंकि वहां कम से कम कोई उनकी बात तो सुनता है।

मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से यह एक गंभीर चुनौती है। बुजुर्गों में डिप्रेशन, चिंता, भूलने की बीमारी (**Dementia**), और नींद की समस्याएं आम होती जा रही हैं। खासकर रिटायरमेंट के बाद, जब उनका दिनचर्या, पहचान और सामाजिक भूमिका अचानक ख़त्म हो जाती है, तो वे स्वयं को व्यर्थ महसूस करने लगते हैं। यह स्थिति केवल भावनात्मक नहीं, शारीरिक रूप से भी उन्हें कमजोर बनाती है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि जो बुजुर्ग सामाजिक रूप से कटे रहते हैं, उनमें बीमारियां अधिक होती हैं और उनकी मृत्यु दर भी अधिक होती है। इस अकेलेपन की रोकथाम के लिए सबसे पहले समाज को यह समझना होगा कि बुजुर्ग 'निष्क्रिय' नहीं होते उन्हें केवल एक नई भूमिका, एक नई पहचान की आवश्यकता होती है। रिटायरमेंट के बाद की ज़िंदगी, अगर सही रूप से पुनर्गठित की जाए, तो यह 'आत्म-संवर्धन' और 'सामाजिक मार्गदर्शन' का काल बन सकती है। इसके लिए ज़रूरी है कि परिवार अपने बुजुर्गों को सिर्फ सहानुभूति से नहीं, बल्कि सहभागिता से देखें। उन्हें घर के निर्णयों में शामिल करें, उनके अनुभव को सम्मान दें, और उन्हें संवाद का अवसर दें।

समाज स्तर पर बुजुर्गों के लिए सामुदायिक केंद्रों का निर्माण होना चाहिए जहां वे अपनी रुचियों, जैसे संगीत, लेखन, बागवानी या योग के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ सकें। ऐसे समूह बुजुर्गों को उद्देश्य देते हैं और उनके मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त करते हैं। कुछ स्थानों पर 'इंटरजनरेशनल संवाद' की पहल की जा रही है, जहाँ बुजुर्ग स्कूल या कॉलेज जाकर अपने अनुभव साझा करते हैं। यह मॉडल बच्चों और बुजुर्गों के बीच संवाद का सेतु बनाता है। सरकार की भूमिका भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। आज भारत में 'राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक नीति' (**National Policy for Senior Citizens**) है, लेकिन यह ज़मीनी स्तर पर बहुत सीमित प्रभाव छोड़ पाई है। सरकार को चाहिए कि वह प्रत्येक शहर में बुजुर्गों के लिए 'डे-केयर सेंटर्स', 'सामाजिक सहभागिता केंद्र' और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्रों की स्थापना करे। बुजुर्गों के लिए पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, ट्रांसपोर्ट में रियायत जैसे उपाय तो ज़रूरी हैं, लेकिन उससे भी ज्यादा ज़रूरी है। उन्हें फिर से 'समाज का हिस्सा' महसूस कराना। दूसरे देशों के अनुभव से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं।

जापान में बुजुर्गों के लिए 'इकिगाई' की अवधारणा है, जिसमें उन्हें जीवन के किसी उद्देश्य से जोड़ा जाता है कृ चाहे वह सामुदायिक सेवा हो, बच्चों को नैतिक शिक्षा देना, या स्थानीय स्वच्छता अभियानों में भाग लेना। स्वीडन और नॉर्वे जैसे देशों में बुजुर्गों के लिए रिटायरमेंट के बाद 'सक्रिय नागरिकता' (**active citizenship**) कार्यक्रम चलते हैं, जिनमें वे सामुदायिक निर्णयों में भाग लेते हैं और स्थानीय सरकार के साथ सहयोग करते हैं। कनाडा में कई बुजुर्गों को पार्ट-टाइम वॉलंटियरिंग या प्रोफेशनल मेंटरशिप में शामिल किया जाता है। ये सारे मॉडल दिखाते हैं कि रिटायरमेंट के बाद की ज़िंदगी को अर्थपूर्ण बनाया जा सकता है। बशर्ते समाज और सरकार दोनों इसकी ज़िम्मेदारी लें।

शायद अब समय आ गया है कि हम बुजुर्गों को किसी जिम्मेदारी से मुक्त व्यक्ति नहीं, बल्कि स्मृतियों और अनुभवों की जीवित पुस्तक मानें। जिसे पढ़ने, सुनने और समझने की आवश्यकता है। वे कोई बोझ नहीं हैं, बल्कि हमारे भविष्य की नींव रखने वाले हाथ हैं। अगर हम उनकी ख़ामोशी को नहीं सुन पाए, उनके अकेलेपन को नहीं देख पाए, तो यह हमारी संवेदनशीलता की नहीं, हमारी सभ्यता की हार होगी। जिस समाज की नींव अपने बुजुर्गों को अकेला छोड़ने पर टिकी हो, वह कभी स्थिर नहीं रह सकता। इसलिए यदि हमें भविष्य सुरक्षित करना है, तो हमें अपने अतीत, अपने बुजुर्गों को अपनाना ही होगा। यह सिर्फ कर्तव्य नहीं, बल्कि उस मानवता की पहचान है, जिसके बिना कोई भी समाज समाज नहीं कहलाता।

# जीव विज्ञान का मॉडल जीवः हाइड्रा...

डॉ. किशोर पंवार

**हाइड्रा का पूरा शरीर 50000 से 10 लाख कोशिकाओं का बना होता है, हाइड्रा में प्रजनन मुख्य रूप से मुकुलन द्वारा होता है, इस प्रक्रिया में हाइड्रा के शरीर पर एक कलिका बनती है और धीरे-धीरे यह कलिका बढ़ने के बाद अलग होकर एक नया हाइड्रा बनता है**

हमारे समाज में सेलिब्रिटी उस हस्ती या शख्स को कहा जाता है जो प्रतिष्ठित हो। जिसे अभिनय, राजनीति, फैशन, खेल या संगीत जैसे किसी क्षेत्र में विशेष रुतबा हासिल हो। इन ख्याति प्राप्त लोगों की एक ब्रांड वैल्यू होती है। सेलिब्रिटी के द्वारा विज्ञापित उपभोक्ता सामग्री लोग खरीदते हैं। वे क्या करते हैं? क्या पहनते हैं? उनके घर में कौन सा पंखा या वॉटर प्यूरीफायर है? इन सबकी देखा-देखी लोग शॉपिंग करते हैं, इनकी कहा-कही में आकर युवा अपनी ज़ुबां केसरिया करते हैं। लेकिन, यहां हम जिन सेलिब्रिटीज़ की बात करने जा रहे हैं वे इनसे बिलकुल अलग हैं। ये खुद अपना गुणगान नहीं करते, किंतु उन पर किए गए शोध कार्यों ने मानव स्वास्थ्य, आनुवंशिक बीमारियों और वृद्धावस्था पर महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई है।

हमारे शरीर में जीन्स कैसे काम करते हैं, उनके होने या न होने से क्या फर्क पड़ता है? यह सब जानकारी हमें इन्हीं से पता चली है। दरअसल, कुछ ऐसे प्रयोग भी होते हैं जो नैतिक रूप से इंसानों पर नहीं किए जा सकते। और, हमारे शरीर की जटिलता, लंबा जीवनकाल, बहुत बड़ा जीनोम आदि के कारण ये प्रयोग मनुष्य पर करना संभव भी नहीं है। इसलिए ऐसे महत्वपूर्ण प्रयोग इन मॉडल जीवों पर किए जाते हैं। तो, मॉडल जीव उन्हें कहते हैं जिनका उपयोग आनुवंशिकी, विकास और अन्य जैविक प्रक्रियाओं को समझने के लिए किया जाता है। किसी भी जीव को मॉडल के रूप में चुनते समय शोधकर्ता उनकी स्थिरता, छोटा जीवन चक्र और जीनोम में संसाधनों की उपलब्धि जैसी बातों पर विचार करते हैं।

फलमक्खी (**Drosophila melanogaster**), गोलकृमि (**Caenorhabditis elegans**), घरेलू चूहा (**Mus musculus**), न्यूरोस्पोरा (**Neurospora**), एग्रोबैक्टीरियम ट्यूमिफेशियंस (**Agrobacterium tumefaciens**), एसिटेबुलरिया (**Acetabularia**), हाइड्रा (**hydra**), बेकर्स यीस्ट (**Saccharomyces cerevisiae**), माउस ईयर क्रेस (**Arabidopsis thaliana**) ऐसे ही कुछ मॉडल जीव हैं जिन पर पिछले कई वर्षों से अनुसंधान किया जा रहा है।

### हाइड्रा के बारे में...

जीव विज्ञान में हाइड्रा को अमर कहा गया है यानी जो कभी नहीं मरता। इसे हाइड्रा नाम प्रसिद्ध जीव विज्ञानी कार्ल लीनियस ने दिया था। दरअसल यह नाम ग्रीक मायथॉलॉजी में वर्णित एक सर्प के रूप और गुणों पर आधार पर दिया था जिसके नौ सिर थे और एक सिर काटने पर उसके स्थान पर फिर दो सिर उग जाते थे। अर्थात उसमें पुनर्जनन की गज़ब की क्षमता थी। ऐसी ही क्षमता हाइड्रा में भी है, इसके भी दो टुकड़े कर दो तो दोनों टुकड़ों से नए हाइड्रा बन जाते हैं।

हाइड्रा मीठे पानी का एक अकशेरुकी मांसाहारी जीव है। यह एक छोटे ताड़ के पेड़ की तरह दिखता है। पूरा शरीर बेलनाकार नलीलुमा होता है। इसमें एक आधार डिस्क (पैर) होती है, जिससे यह किसी आधार पर चिपका रहता है। डिस्क में ग्रंथि कोशिकाएं होती हैं जो चिपचिपा पदार्थ स्रावित करती हैं। नलीनुमा शरीर के स्वतंत्र सिरे पर एक छिद्र मुंह होता है जो मुंह और गुदा दोनों का काम करता है। यह 4 से लेकर 12 तक संवेदी टेंटेकल्स से घिरा रहता है।

हाइड्रा एक डिप्लोब्लास्टिक जीव है अर्थात इसका शरीर दो परतों से बना होता है। बाहरी परत को एपिडर्मिस कहते हैं, और अंदर की परत गैस्ट्रोडर्मिस कहलाती है, यह पेट की आंतरिक सतह होती है। हाइड्रा का पूरा शरीर 50000 से लेकर 10 लाख कोशिकाओं का बना होता है। हाइड्रा में प्रजनन मुख्य रूप से मुकुलन द्वारा होता है। इस प्रक्रिया में हाइड्रा के शरीर पर एक कलिका बनती है और धीरे-धीरे यह कलिका बढ़ने के बाद अलग होकर एक नया हाइड्रा बनती है। इसे वर्धी प्रजनन कहते हैं। अलबत्ता, कतिपय परिस्थितियों में हाइड्रा में लैंगिक प्रजनन भी होता है।

### हाइड्राः एक मॉडल जीव...

हाइड्रा के आणविक और कोशिकीय जीव विज्ञान पर कार्य करने वाली प्रोफेसर सेलिना जूलियानो का कहना है कि जहां तक हम जानते हैं यह जीव ना तो बूढ़ा होता है और ना ही मरता है। आप इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दीजिए और उन टुकडों से पूरा नया जीव बन जाता है। सबसे आश्चर्यजनक बात तो यह है कि यदि हाइड्रा को एक-एक कोशिका में विभाजित कर दें, और उनको मिलाकर एक गेंद बना दें, तो फिर से एक नया हाइड्रा निकल आएगा। इसकी यही क्षमता उपचार और बुढ़ापे के अध्ययन के लिए इसे एक आदर्श मॉडल जीव बनाती है। पेड़-पौधों में तो ऐसा होता ही रहता है।


गुलाब की कलम से एक नया गुलाब का पौधा तैयार हो जाता है। हालांकि पेड़-पौधों में पाया जाने वाला पुनर्जनन का यह गुण हम मनुष्यों में नहीं पाया जाता। पर अगर आ जाए तो कितना बढ़िया होगा, कटे हुए हाथ की जगह नया हाथ, और दुर्घटना में खोई हुई टांग की जगह नई टांग! यह कोई खाम-ख्याली नहीं है। प्रयोगशाला में वैज्ञानिकों ने लीवर के टुकड़े से पूरा लीवर फिर से बना लिया है, त्वचा को भी उगा लिया है। बस कुछ और काम बाकी हैं जो हाइड्रा पर अनुसंधान की मदद से और उसकी पुनर्जनन क्षमता की बेहतर समझ से जल्दी ही पूरे हो जाएंगे।

**स्रोत फीचर्स**

जूलियानो द्वारा हाइड्रा की प्रत्येक प्रकार की कोशिका में अभिव्यक्त जीन्स को सटीक रूप से पहचान लिया गया है, उनके कार्यों के बारे में जानकारी जुटा ली गई है। आजकल इस जीन अभिव्यक्ति को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने के लिए औज़ार भी विकसित किए जा रहे हैं। बुढ़ाने पर काम करने वाले डेनियल मार्टीनेज़ ने 1998 में एक्सपेरिमेंटल जेरेन्टोलॉजी नामक एक शोध पत्रिका में दावा किया था कि हाइड्रा जैविक रूप से अमर है। हाइड्रा की स्टेम कोशिकाओं में अनिश्चितक. ाल तक स्व-नवीनीकरण की क्षमता होती है। और लगातार स्व-नवीनीकरण करने में प्रतिलेखन (**transcription**) कारक 'फोर्कहेड बॉक्स-ओ' यानी फॉक्स-ओ की भूमिका होती है। द्विपक्षीय सममिति (**bilateral symmetry**) वाले जीवों, जैसे फल मक्खियों और कृमि मॉडलों, में यदि इस प्रतिलेखन कारक को हटा दिया जाए तो उनका जीवनकाल काफी कम हो जाता है। हाइड्रा वल्गैरिस एक चक्रीय सममिति वाला जीव है। प्रयोग द्वारा देखा गया है कि जब फॉक्स-ओ के स्तर में कमी आती है तो हाइड्रा की कई प्रमुख विशेषताओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है लेकिन फिर भी उसकी मृत्यु नहीं होती।

# गुड फ्राइडे : प्रेम की सूली पर टिका युगों का उजाला

**गुड फ्राइडे, ईस्टर संडे से पहले आने वाला शुक्रवार होता है और इस वर्ष यह 18 अप्रैल को मनाया जा रहा है, यह दिन पूरी दुनिया के ईसाइयों के लिए गहरे आत्मनिरीक्षण, प्रार्थना, उपवास व बलिदान का स्मरण करने का दिन है**



योगेश कुमार गोयल

ईसा मसीह के उस महान बलिदान की याद में मनाया जाने वाला दिन है 'गुड फ्राइडे', जिसे ईसाई समुदाय श्रद्धा, शोक और आत्मचिंतन के रूप में मनाता है। यह दिन न केवल ईसा मसीह की सूली पर चढ़ाए जाने की घटना को स्मरण करने का दिन है बल्कि प्रेम, क्षमा, दया, करुणा और मानवता के सर्वोच्च मूल्यों की पुनः स्थापना का अवसर भी है। गुड फ्राइडे का महत्व केवल एक ऐतिहासिक घटना तक सीमित नहीं है बल्कि यह उस सार्वभौमिक संदेश को भी प्रकट करता है, जो युगों-युगों तक मानव समाज को प्रेरणा देता रहेगा। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, करीब दो हजार वर्ष पूर्व जब समाज में धार्मिक पाखंड, अंधविश्वास, अन्याय और अमानवीयता अपने चरम पर थी, तब ईसा मसीह एक ऐसे सुधारक के रूप में प्रकट हुए, जिन्होंने मानवता को सत्य, प्रेम, अहिंसा, दया और क्षमा का मार्ग दिखाया। वे लोगों को यह सिखाते थे कि ईश्वर का सच्चा उपासक वही है, जो दूसरों की सेवा करता है और दूसरों के प्रति प्रेम, दया और करुणा रखता है। ईसा मसीह का सम्पूर्ण जीवन परोपकार, त्याग और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा। गुड फ्राइडे उस ऐतिहासिक शुक्रवार का स्मरण है, जब धार्मिक कट्टरपंथियों की ईर्ष्या, भय और राजनीतिक साजिशों के चलते ईसा मसीह को यरूशलम में क्रॉस पर लटका दिया गया था। उस समय के धार्मिक नेताओं को ईसा मसीह के उपदेशों से यह भय सताने लगा था कि यदि लोग उनकी बातों पर विश्वास करने लगे तो उनका प्रभुत्व समाप्त हो जाएगा। ईसा मसीह के विचार समाज में व्यापक रूप से फैलने लगे थे। लोग उन्हें परमेश्वर का पुत्र मानने लगे थे और उनके पास अपनी पीड़ाओं का समाधान खोजने लगे थे। यह देखकर धार्मिक प्रतिष्ठान असुरक्षित महसूस करने लगे और अंततः षड्यंत्रपूर्वक उन्हें क्रॉस पर लटकाने का निर्णय लिया गया। ईसा मसीह का यह बलिदान केवल उनकी मृत्यु नहीं थी बल्कि एक ऐसा आदर्श बन गया, जो दर्शाता है कि सच्चाई, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति को कितनी भी यातना दी जाए, वह अपनी ध्येयनिष्ठा से विचलित नहीं होता। ईसा मसीह ने सूली पर चढ़ते हुए भी अपने हत्यारों के लिए प्रार्थना की थी, 'हे परमपिता! इन्हें क्षमा करना, ये नहीं जानते ये क्या कर रहे हैं।' यह कथन आज भी क्षमा और करुणा की पराकाष्ठा का प्रतीक माना जाता है।

गुड फ्राइडे, ईस्टर संडे से पहले आने वाला शुक्रवार होता है और इस वर्ष यह 18 अप्रैल को मनाया जा रहा है। यह दिन पूरी दुनिया के ईसाइयों के लिए गहरे आत्मनिरीक्षण, प्रार्थना, उपवास और बलिदान को स्मरण करने का दिन होता है। इस दिन चर्चों में विशेष पूजा-अर्चना होती है। पारंपरिक रूप से इस दिन चर्च की घंटियां नहीं बजाई जाती बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं, जो इस दिन की गंभीरता और शोक को व्यक्त करते हैं। लोग काले वस्त्र धारण कर ईसा मसीह के बलिदान को स्मरण करते हैं, चर्चों में जाकर क्रॉस को चूमते हैं और प्रभु ईशु के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं। गुड फ्राइडे के दिन कई स्थानों पर नाट्य रूपांतरण के माध्यम से 'क्रूसीफिक्शन' यानी ईसा को क्रॉस पर चढ़ाने की घटना का दृश्य प्रस्तुत किया जाता है। इससे लोगों को उस ऐतिहासिक घटना को समझने और महसूस करने का अवसर मिलता है। अनुयाई इस दिन अपने गुनाहों के लिए क्षमा मांगते हैं, संयम और आत्मनियंत्रण का पालन करते हैं तथा सांसारिक भोग-विलास से दूरी बनाते हैं।

कैथोलिक परंपरा के अनुसार, गुड फ्राइडे से 40 दिन पहले उपवास और प्रार्थना की अवधि आरंभ हो जाती है। यह अवधि 'लेन्ट' कहलाती है और इसकी शुरुआत 'राख बुधवार' से होती है। इस दिन से ईसाई अनुयायी संयम, उपवास, पश्चाताप और प्रार्थना में लीन हो जाते हैं। 'राख बुधवार' का महत्व इस बात से है कि इस दिन अनुयायी अपने माथे पर राख का चिह्न लगाते हैं, जो इस बात का प्रतीक है कि मनुष्य नश्वर है और उसे अपने पापों के लिए ईश्वर से क्षमा मांगनी चाहिए। यह उपवास काल ईसा मसीह के उन चालीस दिनों की याद दिलाता है, जब उन्होंने मानव सेवा आरंभ करने से पहले रेगिस्तान में एकांतवास किया और उपवास रखते हुए ईश्वर की आराधना की। गुड फ्राइडे के दिन चर्चों और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढक दिया जाता है। यह सादगी और शोक का प्रतीक है। यह दिन बाहरी चमक-धमक की जगह अंतर्मन की शुद्धता, संयम और आंतरिक प्रकाश को महत्व देने का दिन होता है। चर्चों में कोई विवाह समारोह, उत्सव या जश्न नहीं होता बल्कि यह दिन आत्मचिंतन और प्रभु ईशु के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का अवसर प्रदान करता है। 'प्रेम ही ईश्वर है' ईसा मसीह के जीवन का संदेश था। उन्होंने मानव प्रेम की सीमाओं को तोड़कर उसे एक सार्वभौमिक स्वरूप प्रदान किया। वे जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र से ऊपर उठकर प्रत्येक व्यक्ति को अपना भाई और बहन मानते थे। उन्होंने बताया कि ईश्वर की आराधना केवल धार्मिक अनुष्ठानों से नहीं बल्कि सेवा, दया, करुणा और परोपकार से होती है। उन्होंने जीवनभर पापियों, दरिद्रों, रोगियों और उपेक्षितों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार किया। उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। ईसा मसीह का बलिदान मानवता के लिए एक अमूल्य प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कष्टों से भले ही गुजरे परंतु उसकी आत्मा सदा मुक्त और शांत रहती है। उनके अनुयायी उन्हें 'शांति-दूत', 'क्षमा-मूर्ति' और 'महात्मा' के रूप में पूजते हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि व्यक्ति जब दूसरों की भलाई के लिए अपना जीवन समर्पित कर देता है, तब वह स्वयं भी ईश्वर से एकाकार हो जाता है। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, गुड फ्राइडे के तीन दिन बाद रविवार को एक चमत्कारी घटना घटित हुई, जब ईसा मसीह पुनः जीवित हो गए। इसे 'ईस्टर संडे' के रूप में मनाया जाता है। यह ईसाई धर्म का सबसे पावन पर्व माना जाता है क्योंकि यह न केवल पुनरुत्थान का प्रतीक है बल्कि विजय का प्रतीक भी है, मृत्यु पर जीवन की, अंधकार पर प्रकाश की और पाप पर पुण्य की। कहा जाता है कि ईसा मसीह पुनरुत्थान के पश्चात 40 दिनों तक अपने शिष्यों और अनुयायियों के बीच रहे। मरियम मदीलिनी नामक महिला को उन्हें सबसे पहले देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जो ईस्टर की सुबह उन्हें देखने गई थी।



# घर पर 15 मिनट में बनाकर तैयार करें पेरी-पेरी सॉस

दक्षिण अफ्रीका में पेरी-पेरी सॉस बड़े चाव के साथ खाई जाती है। इसका स्वाद मसालेदार होता है, इस वजह से इसको पेरी-पेरी सॉस के नाम से जाना जाता है। आमतौर पर चिकन, मांस और सब्जियों के साथ यह सॉस सर्व किया जाता है। इस सॉस की यह खासियत होती है कि इसका स्वाद तीखा और मसालेदार होता है। यह सॉस हर स्नैक्स को स्वादिष्ट बनाता है। पेरी-पेरी सॉस को बहुत ही खास तरीके से तैयार किया जाता है और इसमें पेरी-पेरी मिर्च का इस्तेमाल किया जाता है।

पेरी-पेरी मिर्च के कारण इसका स्वाद काफी खास हो जाता है। लेकिन हर जगह यह मिर्च नहीं मिलती है। लेकिन इसको अलग-अलग तरीकों से तैयार किया जाता है। अगर आप भी पेरी-पेरी सॉस बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए जरूरी नहीं है कि आपके पास पेरी-पेरी मिर्च हो। आप नॉर्मल मिर्च से भी यह सॉस बनाकर तैयार कर सकते हैं।

### सामग्री...

- पेरी पेरी मिर्च-1 कप
- लहसुन कलियां- आधा कप
- अदरक का पेस्ट- 1/4 कप
- टोमेटो सॉस- 2 बड़े चम्मच
- नींबू का रस- 1/4 कप
- चीनी- 1 बड़ा चम्मच
- जैतून का तेल- 1/4 कप
- काली मिर्च पाउडर-आधा छोटा चम्मच
- नमकः स्वादानुसार
- लाल मिर्च पाउडरः आधा छोटा चम्मच

### पेरी पेरी सॉस की विधि...

सबसे पहले ऊपर बताई गई सभी सामग्रियों को तैयार करके रख लें और फिर पेरी पेरी मिर्च या मिर्च को धोकर साफ कर लें। इनके बीज भी निकाल दें।

अब लहसुन की कलियों को छील लें और अदरक का पेस्ट बना लें। फिर एक ब्लेंडर में पेरी-पेरी मिर्च, लहसुन, जैतून का तेल, नींबू का रस, अदरक, नमक, चीनी, लाल मिर्च पाउडर और काली मिर्च पाउडर डालकर स्मूद सा पेस्ट बना लें।

इसके बाद एक पैन में सॉस को हल्की आंच पर गर्म करें और 5 से 7 मिनट तक पकाएं। इसको तब तक पकाएं जब तक कि यह सॉस गाढ़ा न हो जाए। अब सॉस को ठंडा करने के लिए एक ओर रख दें।

इस तरह से पेरी-पेरी सॉस बनकर तैयार हो जाएगा, जिसको आप स्नैक्स के साथ सर्व कर सकते हैं। वहीं अगर आप इसको तीखा रखना चाहते हैं, तो आप पेरी-पेरी मिर्च या लाल मिर्च पाउडर का अधिक इस्तेमाल कर सकते हैं।

# खाली करना ही होगा पीओके



- पाक आर्मी चीफ के टू-नेशन थ्योरी वाले बयान पर विदेश मंत्रालय ने कहा-बांग्लादेश बनते ही यह थ्योरी फेल हुई
- जनरल मुनीर ने कश्मीर को पाक के गले की नस व टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद।** भारत सरकार ने गुरुवार को कहा कि पीओ.के भारत का अभिन्न अंग है। इस पर पाकिस्तान का अवैध रूप से कब्जा है। पाकिस्तान को पीओके हर हाल में खाली करना पड़ेगा। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ के कश्मीर और टू नेशन थ्योरी वाले बयान पर यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। उनके टू नेशन थ्योरी वाले बयान पर जायसवाल ने कहा कि यह थ्योरी 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद ही खारिज हो चुकी थी। पाकिस्तान के आर्मी चीफ मुनीर ने बुधवार को कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। जनरल मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले ओव.रसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में बुधवार को कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। जनरल मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में बुधवार को कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने कहा है कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी। इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में जनरल मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान की कहानी अपने बच्चों को आपको जरूर सुनानी है। हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम हिंद.ुओं से अलग हैं। हमारी सोच, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी वजह से हम दो देश हैं, एक देश नहीं हैं। इस देश के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। जनरल मुनीर ने कहा-आज तक सिर्फ दो रियासतों की बुनियाद कलमे पर पड़ी। पहली रियासत-ए-तैयबा, क्योंकि तैयबा को हमारे नबी (मोहम्मद साहब) ने नाम दिया था। आज उसे मदीना कहते हैं। वहीं, दूसरी रियासत 1300 साल बाद अल्लाह ने पाकिस्तान बनाई। जनरल मुनीर ने कश्मीर को गले की नस बताया था। मुनीर ने कश्मीर को पाकिस्तान की गले की नस बताया था। उन्होंने कहा, हमारा रुख बिल्कुल साफ है। कश्मीर हमारी गले की नस था, है और रहेगा। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके वीरतापूर्ण संघर्ष में अकेले नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कश्मीर को गाजा से जोड़ते हुए कहा, पाकिस्तानियों का दिल गाजा के मुसलमानों के साथ धड़कता है। जनरल मुनीर ने बलूचिस्तान में बढ़ते अलगाववादी आंदोलनों और आतंकी गतिविधियों पर भी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी बीएलए को चेतावनी देते हुए कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का गौरव है। क्या आप इसे आसानी से छीन लेंगे? दस पीढ़ियां भी इसे नहीं ले पाएंगी। इंशाअल्लाह, हम इन आतंकियों को जल्द ही कुचल देंगे। उन्होंने बलूचिस्तान में हाल के हमलों, जैसे मार्च 2025 में जफर एक्सप्रेस ट्रेन के अपहरण का जिक्र किया और कहा कि 1500 आतंकी देश का भविष्य नहीं बदल सकते। अगर 13 लाख सैनिकों वाली भारतीय सेना पाकिस्तान को डरा नहीं सकी, तो आतंकी कैसे डरा सकते हैं। जनरल मुनीर ने आतंकवाद के कारण निवेश न आने की चिंताओं को खारिज करते हुए कहा, क्या आपको लगता है कि आतंकी देश का भाग्य छीन सकते हैं? जब तक पाक जनता सेना के साथ है, कोई भी चुनौती हमें नहीं रोक सकती। सवाल यह नहीं कि पाक कब तरक्की करेगा, सवाल यह है कि कितनी तेजी से करेगा।

## भारत-चीन से व्यापार बढ़ाना चाहता है ईरान

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई ने भारत, चीन और रूस जैसे देशों के व्यापार बढ़ाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि ईरान को एशिया के आर्थिक केंद्र वाले देशों के साथ आर्थिक संबंध बढ़ाने चाहिए और पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनिया के सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था, जबकि चीन को छोड़कर बाकी सभी देशों के लिए 90 दिन तक रोक दिया गया। ऐसे में दुनिया के ज्यादातर देश अमे.रिका पर निर्भरता कम करने के लिए रीजनल व्यापार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं।

# मेहुल चोकसी को वापस लाने की कोशिश जारी



**भगोड़ा हीरा कारोबारी और पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है, पिछले महीने खुलासा हुआ था कि मेहुल चोकसी बेल्जियम में है।**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को मीडिया को बताया कि भारत सरकार भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम के साथ मिलकर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार की औपचारिक अपील पर शनिवार को चोकसी को बेल्जियम के एंटवर्प में गिरफ्तार किया गया था। भगोड़ा हीरा कारोबारी और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले का मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है। पिछले महीने खुलासा हुआ था कि मेहुल चोकसी बेल्जियम में है। रिपोर्ट्स के मुता.बिक, मेहुल पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा है, जिन्हें बेल्जियम की नागरिकता मिली है। बेल्जियम के विदेश मंत्रालय ने ही चोकसी की मौजूदगी की जानकारी दी थी। सूत्रों के मुताबिक, मेहुल चोकसी बेल्जियम से स्विट्जरलैंड भागने की कोशिश कर रहा था।

## फ्रांसीसी राजदूत थिएरी माथु ने हरमंदिर साहिब में टेका मत्था

**अमृतसर।** फ्रांसीसी राजदूत थिएरी माथु ने गुरुवार को हरमंदिर साहिब में मत्था टेका। दरबार साहिब के दर्शन करते समय राजदूत माथु ने गुरबाणी कीर्तन का श्रवण किया तथा गुरु रामदास जी के लंगर में भी गए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस पवित्र स्थान पर आकर गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने शिरोमणि कमेटी से मिले सम्मान के लिए पदाधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया। शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिह राजदूत माथु को दरबार साहिब का स्वर्णिम मॉडल, लोई और धार्मिक पुस्तकें देकर सम्मानित किया।

# ट्रम्प-मेलोनी की मुलाकात में टैरिफ समाधान की उम्मीद

**मॉस्को।** यूरोपीय संघ (ईयू) के व्यापार वार्ताकारों को उम्मीद है कि इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेला.ेनी की वाशिंगटन यात्रा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ उनकी बैठक अमेरिकी टैरिफ मांगों पर मंजूरी मिल सकती है। द फाइनेंशियल टाइम्स में गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट यह जानकारी दी गई। समाचार पत्र की रिपोर्ट में कहा है कि ब्लॉक के वार्ताकारों ने कथित तौर पर शिकायत की है कि उन्हें अमे.रिकी मांगों के बारे में जानकारी नहीं दी गई है और अब उन्हें उम्मीद है कि सु. मेलोनी की यात्रा से स्थित स्पष्ट हो जाएगी। इसके साथ ही नाटो में इटली के पूर्व राजदूत स्टेफानो स्टेफनिनी का मानना है कि इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी को यूरोपीय संघ के मध्यस्थों पर इसका लाभ मिल सकता है क्योंकि वह निर्णायकों से बात कर रही हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनके मधुर संबंध हैं। चार यूरोपीय संघ देशों के अनाम राजनयिकों ने बताया कि पारस्परिक टैरिफ पर इटली के नरम रुख की कुछ सदस्य देशों द्वारा आला.ेचना की जाती है, लेकिन उन्होंने बताया कि ट्रम्प के साथ सु. मेलोनी के मधुर संबंध फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इतालवी प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से ब्रुसेल्स के इस प्रस्ताव का समर्थन किया कि यदि वाशिंगटन भी ऐसा ही करता है तो वह औद्योगिक वस्तुओं पर सभी टैरिफ हटा लेगा, हालांकि वार्ता के बारे में जानकारी रखने वाले राजनयिकों ने कथित तौर पर कहा कि अमेरिका टैरिफ कम करने में रुचि नही रखता है और उसके घोषित 10 प्रतिशत टैरिफ दर के बने रहने की संभावना है।

## अमेरिकी टैरिफ वृद्धि अब आर्थिक रूप से तर्कसंगत नहीं: चीन

**बीजिंग।** चीन ने कहा है कि उनके देश से आयातित कुछ उत्पादों पर अमे.रिका द्वारा लगाया गया 245 प्रतिशत टैरिफ अब आर्थिक रूप से तर्कसंगत नही रह गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उस पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ में अत्यधिक वृद्धि केवल आंकड़ों का खेल बन चुकी है, जिससे आर्थिक रूप से अब कोई वास्तविक अंतर नही पड़ता, सिवाय इसके कि यह और अधिक स्पष्ट हो जाता है कि कैसे अमेरिका दूसरों को मजबूर करने एवं धमकाने के लिए टैरिफ का उपयोग करता है। प्रवक्ता ने कहा कि चीन इन युद्धों में शामिल नही होना चाहता।

## वार्ताकार गाजा के बंधकों की रिहाई के प्रयास जारी रखें: इजरायल

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली वार्ताकारों को गाजा में अभी भी बंधकों की रिहाई के प्रयास जारी रखने को आदेश दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक संघर्ष विराम बहाल करने के प्रयास ठप लग रहे हैं।

बयान में कहा गया है कि नेतन्याहू ने गाजा में बंधकों की रिहाई के लिए कदम जारी रखने का आदेश दिया है। यह फैसला सुरक्षा अधिकारियों और वार्ताकारों के साथ बैठक के बाद लिया गया, जहां 59 बंधकों की स्थिति पर चर्चा हुई। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने बताया कि इस बीच, मिस्र और कतर ने हमास को 10 बंधकों की रिहाई तथा अस्थाई युद्धविराम का नया प्रस्ताव दिया है, जिस पर हमास विचार कर रहा है।

# तकनीकी बारीकियों को परखने ब्राजील के खेतों में उतरे शिवराज



**वर्षा में उसमें जल इकट्ठा होता है और उस पानी को यहां स्प्रिंकलर जैसी जो रचना बनी है, उसमें देते हैं ताकि कम पानी में ज्यादा सिंचाई हो सके और पूरा कंट्रोल्ड सिस्टम है। जितना पौधे को न्यूट्रिएंट चाहिए और जितना पानी चाहिए, उतना ही पानी जाता है। शिवराज ने ब्राजील में मक्का के खेतों में पहुंचकर नरवाई निपटान तकनीक को समझा।**

**ब्रासीलिया/ नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान मंत्री शिव.राज सिह चौहान गुरुवार को ब्राजील के खेतों में उतरे और टमाटर मक्का एवं सोयाबीन सहित कई फसलों को जांचा परखा तथा तकनीक के प्रयोग और प्रक्रिया के तरीकों को समझा।

चौहान ने ब्राजील के ब्रासीलिया में कृषि कार्यों को देखने के लिए खेतों में गए और खेती में प्रयोग की जा रही मशीनों तथा प्रक्रियाओं को देखा। चौहान ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक के लिए ब्राजील प्रवास पर हैं। केंद्रीय मंत्री ने ब्राजील में सोयाबीन उत्पादन संयंत्र और टमाटर के खेतों सहित कुछ अन्य स्थानों का दौरा किया। उन्होंने ब्राजील में, खेती में अपनाई जा रही मशीनों और सिंचाई की अत्याधुनिक पद्धतियों का अवलो.कन किया। चौहान ने कहा कि भारतीय कृषि के और तेजी से विकास के लिए ब्राजील से प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया गया है। केन्द्रीय मंत्री ब्राजील के कृषि मंत्री के साथ टमाटर और मक्का के खेत पर भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि यहां आकर मैं खेती देख रहा हूं और यहां से सीख भी रहा हूं और भारत में हम कैसे हम मिलकर इस दिशा में खेती को आगे ले जा सकते हैं, उत्पादन बढ़ाने के लिए भी, उस दिशा में भी प्रयत्न करेंगे। ब्राजील के सोयाबीन उत्पादन संयंत्र का अवलोकन करते हुए, चौहान ने भारत में सोयाबीन के क्षेत्र के विकास पर कहा कि भारत में सोयाबीन का उत्पादन बघने और प्रसंस्करण के क्षेत्र में भी ब्राजील के साथ मिलकर काम किया जा सकता है। ब्राजील से भारत सोया तेल आयात करता है। उन्होंने कहा कि भारत में सोया संयंत्र लगाने पर विचार किया जा सकता है। कपास के क्षेत्र में भी दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं।

# ताइवान ने चीन के 34 विमान, छह जहाज़ ढूंढे

**बीजिंग।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 34 विमान और छह जहाजों का पता लगाया है। जिसमें से 22 विमानों ने ताइवान की सीमा में प्रवेश किया था। मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह छह बजे (बुधवार को 22:00 जीएमटी) तक ताइवान के आसपास 34 पीएलए विमान, छह पीएलएएन जहाज और 2 आधिकारिक जहाजों का पता लगाया गया।ह मंत्रालय ने उल्लेख किया कि इनमें से 22 विमानों ने ताइवान जलडम मध्य की मध्य रेखा को पार कर ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया। ताइवान ने स्थिति पर नज़र रखने के लिए विमान, नौसैनिक जहाज और तटीय-आधारित मिसाइल सिस्टम तैनात किए हैं।

यह घटना चीन और ताइवान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में हुई है। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और उसे बलपूर्वक अपने अधीन करने की बात करता है। ताइवान स्वयं को स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र मानता है।

# गाजा पर बमबारी, 19 फलस्तीनी मरे

### गाजा के उत्तर-पूर्व में अल-तुफ्फा में हसौना परिवार के घर को निशाना बनाया

**गाजा।** गाजा पट्टी के विभिन्न क्षेत्रों में हुए इजरायली हमलों में कम से कम 19 फलस्तीनी मारे गए। यह जानकारी गाजा के नागरिक सुरक्षा ने दी। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने सिन्हुआ से बुधवार को कहा कि गाजा शहर के उत्तर-पूर्व में अल-तुफ्फा में हसौना परिवार के घर को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में बच्चों और महिलाओं सहित 10 लोग मारे गए। गाजा पट्टी के उत्तर में जबालिया क्षेत्र में इजरायली सेना ने तीन लोगों की हत्या कर दी और अन्य को घायल कर दिया। गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस में इजरायली ड्रोन हमलों में कम से कम दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। बसल ने कहा कि एक इजरायली विमान ने नुसेरात के केंद्रीय शहर में विस्थापितों को भोजन वितरित करने वाले एक तंबू को निशाना बनाया, जिसमें एक फलस्तीनी मारा गया। फलस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि बुधवार की सुबह से ही इजरायली तोपखाने की गोलाबारी गाजा शहर के पूर्वी इलाक.ों, बेत हनून और उत्तरी गाजा पट्टी के बेत लाहिया इलाकों पर जारी है। इस बीच, हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि उसके सदस्यों ने गाजा शहर के पूर्व में अल-वफा अस्पताल के पास तीन इजरायली मर्कवा 4 टैंकों को निशाना बनाया। इजरायली सेना ने अभी तक हमलों पर कोई टिप्पणी नही की है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 18 मार्च से गाजा पट्टी में नवीनीकृत अभियान के अंतर्गत हमास के राजनीतिक ब्यूरो के कुल 11 वरिष्ठ अधिकारी मारे गए हैं। इसने कहा कि अब तक नवीनीकृत अभियान के अंतर्गत इजरायली वायुसेना के 350 लड़ाकू विमानों और विमानों द्वारा लगभग 1,200 आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। 100 से अधिक लक्षित ठिकानों को नष्ट किया गया है और गाजा पट्टी में आतंकी संगठनों के सैकड़ों आतंकवादियों और सैन्य कमांडरों को मार गिराया गया है। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को घोषणा किया कि पिछले 24 घंटों में गाजा में कम से कम 25 लोग मारे गए तथा 89 अन्य घायल हुए।

## आईएमएफ से ऋण दिलाने में मदद के लिए चीन का धन्यवाद: शहबाज

**इस्लामाबाद/बीजिंग।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीन को अपना सबसे सच्चा मित्र बताते हुए कहा कि आईएमएफ से ऋण प्राप्त करने में चीन की कूटनीतिक और वित्तीय सहायता बहुत महत्वपूर्ण थी। उल्लेखनीय है कि 26 मार्च को, आईएमएफ के कर्मचारियों ने पाकिस्तान के साथ 1.3 अरब डॉलर के नए समझौते पर पहुंचने के साथ-साथ वर्तमान में चल रहे 37 महीने की बेलआउट कार्यक्रम की पहली समीक्षा पर भी सहमति व्यक्त की। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान की वित्तीय स्थिति बहुत खराब हो चुकी है, उसका विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से घट रहा है, जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में सुधार की कमी के कारण वह अक्सर आईएमएफ की ऋण मांगों को पूरा करने में असमर्थ हो जाता है। चीन से समय पर मिले ऋण ने पाकिस्तान को आईएमएफ, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी संस्थाओं से ऋण लेने में मदद की है। डॉन के अनुसार, पिछले महीने, चीन ने इस्लामाबाद को 2 अरब डॉलर के ऋण की पुनर्भुगतान अवधि एक वर्ष बढ़ा दी, जिससे बहुत आवश्यक वित्तीय राहत मिली और पाकिस्तान के संकटग्रस्त कम विदेशी मुद्रा भंडार को स्थिर करने में मदद मिली। सरकार सितम्बर 2024 में सात अरब डॉलर के आईएमएफ बेलआउट को सुरक्षित करने के बाद अपने वित्त को मजबूत करने पर काम कर रही है।

# ब्रिटेन में ट्रांसजेंडर को नहीं माना जाएगा महिला




## ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण देने से इन्कार किया, कहा- महिला वही जो जन्म से फीमेल

**लंदन।** ब्रिटेन में अब ट्रांसजेंडर को महिला नहीं माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महिला होने की कानूनी परिभाषा पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि जो जन्म से महिला यानी बायोलॉजिकल फीमेल है, उसे ही महिला माना जाएगा। कोर्ट के इस फैसले से ट्रांसजेंडर अधिकारों पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। कोर्ट ने समानता अधिनियम 2010 की व्याख्या करते हुए बताया कि महिला और लिंग शब्द बायोलाजिकल फीमेल और बायोलॉजिकल जेंडर को बताते हैं। पांच जजों की बैंच ने सर्वसम्मति से यह फैसला दिया। बैंच में शामिल जज पैट्रिक हाज ने कहा कि यह एक्ट ट्रांसजेंडर लोगों को उनके साथ जेंडर के आधार पर होने वाले भेदभाव से सरंक्षण देता है। 2018 में स्काटलैंड की सरकार ने एक कानून बनाया, जिसमें सार्वजनिक संस्थाओं में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी जरूरी थी। इस कानून में ट्रांसजेंडर महिलाओं (जिनके पास जेंडर रिकग्निशन सर्टिफिकेट या जीआरसी है) को भी महिला माना गया। फार वुमन स्काटलैंड नाम के समूह ने इसका विरोध किया और कहा कि यह कानून महिला की परिभाषा को गलत तरीके से बदल रहा है। पांच जजों ने एकमत से कहा कि इक्विलिटी एक्ट में महिला और सेक्स का मतलब जन्म से महिला और प्राकृतिक सेक्स है। ट्रांसजेंडर महिलाएं, भले ही उनके पास जीआरसी हो, लेकिन कानूनी रूप से वे महिला की कैटगरी में नहीं आएंगी। कोर्ट ने कहा कि अगर ट्रांसजेंडर को शामिल किया गया, तो कानून अव्यवहारिक हो जाएगा। ट्रांसजेंडर महिलाओं को अब महिलाओं के लिए बने टायलेट, चें.जंग रूम, अस्पताल वार्ड, जेल, या रेप काउंसलिंग सेंटर जैसी जगहों से बाहर रखा जा सकता है। पहले महिलाओं के टायलेट या चेंजिंग रूम का ट्रांसजेडर इस्तेमाल कर सकती थीं। अब उन्हें इसका इस्तेमाल करने के लिए जायज वजह देना होगा। ट्रांसजेंडर को महिलाओं के खेलों से बाहर किया जा सकता है। यह फैसला अमेरिका जैसे देशों में ट्रांसजेंडर अधिकारों पर बहस को प्रभावित कर सकता है, जहां इसे उदाहरण के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।



